* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 301


दो लाख टन प्याज खरीदने की तैयारी, पांच लाख टन किया जायेगा बफर स्टॉक








## छत्तीसगढ़ में अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पर हमला बोला

# उखड़ गये पवन खेड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** रविवार को दिल्ली के सीएम और आप के नेता अरविंद केजरीवाल ने रायपुर में कांग्रेस पर खूब हमला बोला। छत्तीसगढ़ की 'खराब' हालत के लिए केजरीवाल ने कांग्रेस को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों की स्थिति काफी खराब है। बिजली की स्थिति भी चरमरा गयी है। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में आप की सरकार बनने पर अभी से लंबी चौड़ी घोषणाएं भी कर दीं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर वह छत्तीसगढ़ में 300 यूनिट बिजली फ्री करेंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के स्कूल मॉडल बनेंगे। उन्होंने सरकार बनने पर महिलाओं को तीन हजार रुपये भत्ता देने की घोषणा की। उन्होंने बेरोजगारों को हर महीने एक हजार रुपये देने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ सरकार पर केजरीवाल के हमले से कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा बिगड़ गये। उन्होंने केजरीवाल को सीधी चुनौती दे डाली।

उससे पहले, आप के नेता कांग्रेसी अलका लांबा के बयान पर भड़क गये थे। लांबा ने कहा था कि कांग्रेस दिल्ली की सभी सीटों पर तैयारी कर रही है। इस पर आप ने कहा कि फिर तो आइएनडीआइए गठबंधन का कोई मतलब नहीं बनता। दोनों पार्टियों के बीच केंद्र में बीजेपी के खिलाफ लड़ाई को लेकर सहमति तो दिखती है, लेकिन जैसे ही बात राज्य स्तर पर आती है, दोनों के बीच की तल्खी साफ जाहिर होने लगती है।

शनिवार को आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुंचे। सरकारी स्कूलों की स्थिति को बेहद खराब बताते हुए केजरीवाल ने कांग्रेस को खूब कोसा। इस पर कांग्रेस ने पलटवार किया। पवन खेड़ा ने कहा, 'रायपुर क्यों जाना? हमारी छत्तीसगढ़ सरकार के प्रदर्शन की तुलना पिछली रमन सिंह की सरकार से कर लीजिए। अपनी पसंद से कोई भी क्षेत्र चुन लीजिए और दिल्ली में पिछली कांग्रेस की सरकार से अपनी सरकार की तुलना कर लीजिए।' खेड़ा ने कहा कि रायपुर के लिए उड़ान भरने से पहले दिल्ली की जमीनी स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए, जहां पूरा शहर रसातल में जा रहा है।



### केजरीवाल के चैलेंज पर कांग्रेस का काउंटर चैलेंज

आप और कांग्रेस, दोनों ही बीजेपी के खिलाफ बने विपक्ष के साझा आइएनडीआइए गठबंधन का हिस्सा हैं। आइएनडीआइए की अगली मीटिंग मुंबई में होनी है। उससे पहले, आप और कांग्रेस के बीच राज्यों में तकरार का दौर चल रहा है। तल्खी काफी ज्यादा है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आप का प्लान एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पूरी ताकत से लड़ने का है। अभी के सूरत-ए-हाल में तीनों राज्यों में उसका मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस, दोनों से होगा। केंद्रीय स्तर पर दोनों दल साथ हैं, अगर राज्यों में भी हाथ मिलाते हैं तो ताकत बढ़ सकती है। अलग-अलग लड़ने पर वोट बिखरने का खतरा है।

## इसरो ने ट्विटर पर पोस्ट कर बताया

# चंद्रयान-3 की लैंडिंग 23 को शाम 6:04 बजे होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 का दूसरा और फाइनल डीबूस्टिंग ऑपरेशन शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात 1 बज कर 50 मिनट पर पूरा हुआ। इस ऑपरेशन के बाद लैंडर की चंद्रमा से न्यूनतम दूरी 25 किमी और अधिकतम दूरी 134 किलोमीटर रह गई है। डीबूस्टिंग में स्पेसक्राफ्ट की स्पीड को धीमा किया जाता है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर पोस्ट में बताया कि अब लैंडर की इंटरनल जांच होगी और जब तक लैंडिंग साइट पर सूरज नहीं निकलता तब तक इंतजार किया जायेगा। 23 अगस्त को शाम 6:04 बजे सबसे कम दूरी यानी 25 किलोमीटर की ऊंचाई से सॉफ्ट लैंड कराने की कोशिश की जायेगी। चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहे एम अन्नादुरई के मुताबिक 23 अगस्त की शाम को चंद्रयान-3 के लैंडर को 25 किमी की ऊंचाई से चांद की सतह तक पहुंचने में 15 से 20 मिनट लगेंगे। यही समय सबसे क्रिटिकल होने वाला है। इसके बाद विक्रम लैंडर से रैंप के जरिए छह पहियों वाला प्रज्ञान रोवर बाहर आयेगा और इसरो से कमांड मिलते ही चांद की सतह पर चलेगा। इस दौरान इसके पहिए चांद की मिट्टी पर भारत के राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ और इसरो के लोगो की छाप छोड़ेंगे।

### रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट चांद पर क्रैश



मॉस्को। रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो गया है। स्पेस एजेंसी रॉस्कॉस्मॉस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। स्पेस एंजेसी ने बताया कि शनिवार शाम 05:27 बजे उसका स्पेसक्राफ्ट से संपर्क टूट गया था। प्री-लैंडिंग ऑर्बिट बदलने के दौरान इसमें गड़बड़ी हुई थी। लूना को 21 अगस्त को चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड होना था। रॉस्कॉस्मॉस ने बताया कि लूना-25 के फ्लाइट प्रोग्राम के अनुसार प्री-लैंडिंग कक्षा में प्रवेश कराने के लिए कमांड दिया गया था। ये कमांड भारतीय समयानुसार शनिवार दोपहर 4:30 बजे दिया गया था। इस दौरान लूना पर इमरजेंसी कंडीशन बन गई क्योंकि स्पेसक्राफ्ट एक्चुअल पैरामीटर के अनुसार थ्रस्टर फायर नहीं कर पाया।स्पेस एजेंसी ने कहा कि शुरूआती एनालिसिस के नतीजों से पता चलता है कि कैलकुलेशन से जो पैरामीटर सेट किये गये थे, उन पैरामीटरों से स्पेसक्राफ्ट डेविएट हो गया। कैलकुलेटेड वैल्यू जितनी चाहिए थी ये उससे ज्यादा थी। इससे थ्रस्टर ज्यादा देर के लिए फायर हुए और स्पीड कम होने से स्पेसक्राफ्ट एक ऑफ-डिजाइन ऑर्बिट में चला गया और चांद पर क्रैश हो गया। लूना-25 को 11 अगस्त को सोयूज 2.1बी रॉकेट के जरिए वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लॉन्च किया गया था। लूना-25 को उसी दिन अर्थ की ऑर्बिट से चांद की तरफ भेज दिया गया था। स्पेसक्राफ्ट 16 अगस्त को दोपहर 2:27 बजे चांद की 100 किलोमीटर की ऑर्बिट में पहुंच गया था। स्पेशली फॉर्म्ड इंटरडिपार्टमेंटल कमीशन अब लूना-25 के क्रैश होने की जांच करेगा।

## न्यूज रील्स

### खड़गे ने 39 मेंबर्स की सीडब्ल्यूसी का ऐलान किया

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार (20 अगस्त) को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) का ऐलान किया। 39 मेंबर्स की इस कमेटी में सोनिया, राहुल, प्रियंका शामिल हैं। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह (90) को भी कमेटी में बरकरार रखा गया है। सीडब्ल्यूसी में मध्य प्रदेश से दिग्विजय सिंह और कमलेश्वर पटेल, छत्तीसगढ़ से ताम्रध्वज साहू और राजस्थान से सचिन पायलट को जगह मिली है। तीनों राज्यों में इसी साल के आखिर में चुनाव होने हैं। खड़गे ने अपने खिलाफ चुनाव लड़ने वाले शशि थरूर को भी वर्किंग कमेटी में शामिल किया है। उइउ में कुल 84 नाम हैं। इनमें सीडब्ल्यूसी मेंबर, स्थायी आमंत्रित, महासचिव, विशेष आमंत्रित और प्रभारियों के नाम शामिल हैं।

### गंगोत्री हाइवे पर हादसा, आठ लोगों की मौत

गंगोत्री। उत्तराखंड के गंगोत्री नेशनल हाईवे पर गंगनानी के पास रविवार (20 अगस्त) शाम को एक बस खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 27 लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें से 10 की हालत गंभीर है। बस में 32-33 पैसेंजर्स सवार थे। उत्तरकाशी के डीएम और एसपी ने बताया कि बस नंबर यूके07पीए-8585 100 मीटर गहरी खाई में गिरी है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में गुजरात के लोग सवार थे। ये गंगोत्री धाम की यात्रा करके लौट रहे थे। गंगनानी के पास ड्राइवर ने बस पर कंट्रोल खो दिया। इससे बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए 100 मीटर गहरी खाई में लुढ़कने के बाद पेड़ों के बीच जाकर अटक गयी।

### मणिपुर पुलिस ने 20 केस सीबीआइ को सौंपे

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने 20 केस सीबीआइ को सौंपे हैं। इनमें दो मामले प्रमुख हैं, पहला- 7 साल के बच्चे को उसकी मां और आंटी समेत एंबुलेंस में जला दिया गया था। दूसरा- एक मैतेई महिला ने आरोप लगाया था कि 3 मई को कुकी नेताओं ने उसके साथ रेप किया था। तोन्शिंग हेंगसिंग (7) को उसकी मां मीना हेंगसिंग और आंटी लीडिया लॉरेनबाम इंफाल के अस्पताल ले जा रही थीं। तोन्शिंग को सिर में गोली लगी थी। बच्चे की मां मैतेई थी और पिता कुकी है। वेस्ट इंफाल में 4 जून को भीड़ ने उनकी एंबुलेंस को आग लगा दी, जबकि सुरक्षा में पुलिस चल रही थी। इस मामले में सीबीआइ को दो एफआइआर सौंपी गयी हैं। लाम्फेल में एक एफआइआर पुलिस की तरफ से करायी गयी, दूसरी कांगपोकपी में बच्चे के पिता जोशुआ हेंगसिंग ने दर्ज करायी।

# कमल भूषण हत्याकांड के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर का सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर ने पुलिस के स समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इससे पूर्व सुखदेव नगर थाना पुलिस ने हेसल स्थित जतरा मैदान के समीप छोटू कुजूर के घर में कुर्की-जब्ती की तैयारी कर ली थी। वह ढोल बजा कर कुर्की-जब्ती की सूचना प्रसारित कर रही थी। पुलिस टीम उसके घर पहुंच भी गयी थी।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में छोटू कुजूर के घर की कुर्की-जब्ती की तैयारी चल ही रही थी कि इसी बीच छोटू ने पुलिस से संपर्क किया और कहा कि घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई नहीं करें। वह सरेंडर कर देगा। एक घंटे के अंदर उसने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया।

सुखदेव नगर थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि छोटू कुजुर सरेंडर करने के बाद छोटू के घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई रोक दी गयी है। रांची पुलिस की टीम छोटू कुजूर से पूछताछ कर रही है।

उल्लेखनीय है कि राजधानी के बड़े रियल एस्टेट और जमीन कारोबारी कमल भूषण की अपराधियों ने 30 मई, 2022 को गोली मार कर हत्या कर दी थी। छोटू कुजूर ने दावा किया था कि उसने कमल भूषण की हत्या की है। छोटू कुजूर डबलू कुजूर का भाई है। डबलू कुजूर के बेटे राहुल कुजूर से कमल भूषण की बेटी ने विवाह रचा लिया था। उसके बाद से ही दोनों के बीच तनाव हो गया था। छोटू कुजूर ने कहा था कि कमल ने पुलिस के साथ मिल कर उसके परिवार को परेशान किया है। यदि अब पुलिस उसके परिवार के सदस्यों को परेशान करेगी, तो वह रांची को साफ कर देगा। हर पांचवें दिन हत्या होगी। उसने पूर्व में यह भी कहा था कि वह कमल भूषण के बेटे की भी हत्या कर देगा और उसे ऐसा करने से कोई नहीं रोक पायेगा। इस मामले में रांची पुलिस छोटू कुजुर के भाई डबलू कुजुर, उसके बेटे राहुल कुजुर सहित कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**राहुल कुजूर को भेजा गया चाईबासा और डब्ल्यू कुजूर साहिबगंज जेल :** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहकर आपराधिक षड्यंत्र रचने के बाद रांची पुलिस के अनुरोध पर कमल भूषण हत्या कांड के मुख्य आरोपी राहुल कुजूर को चाईबासा जेल और डब्ल्यू कुजूर को साहिबगंज जेल स्थानांतरित कर दिया गया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## झारखंड में सीपीआइएम ठिकाने से हथियार जब्ती का मामला

# एनआइए ने 16 लोगों के खिलाफ दायर किया पूरक आरोप पत्र


अगस्त-सितंबर, 2022 में बूढ़ा पहाड़ पर एक आपराधिक साजिश रची गयी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पिछले साल झारखंड में सीपीआइ (माओवादी) के ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद की जब्ती से जुड़े मामले में एक महिला सहित 16 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दायर किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आतंकवाद विरोधी संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (उप्पा) की विभिन्न धाराओं के तहत पूरक आरोपपत्र शनिवार को एक विशेष अदालत में दायर किया गया था।



झारखंड पुलिस ने नौ अन्य आरोपियों के खिलाफ 18 मई 2022 को आरोपपत्र दायर किया था। यह मामला पिछले साल 21 फरवरी को लोहरदगा के पेशरार पुलिस स्टेशन से सीपीआइ (माओवादी) कैडरों की गिरफ्तारी और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद की जब्ती से संबंधित है। एनआइए ने 14 जून, 2022 को मामले को अपने हाथ में ले लिया था। प्रवक्ता ने कहा, गिरफ्तारी और बरामदगी बुलबुल के वन क्षेत्र में छापेमारी के बाद हुई, जहां सीपीआइ (माओवादी) के क्षेत्रीय कमांडर रवींद्र गंझू, सक्रिय कैडर बलराम ओरांव, मुनेश्वर गंझू, बालक गंझू, दिनेश नगेसिया, अघनु गंझू, लाजिम अंसारी, मारकुश नगेसिया, संजय नागेशिया, शीला खेरवार, ललिता देवी और लगभग 40 से 60 अन्य लोग के साथ सुरक्षा बलों और बॉक्साइट खदान क्षेत्र में हमले की साजिश रचने और योजना बनाने के लिए इकट्ठे हुए थे। उन्होंने कहा, स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया, जिसके दौरान सीपीआइ (माओवादी) कैडरों ने बहाबर जंगल के रास्ते हरकट्टा टोली और बंगला पाट में सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। प्रवक्ता ने कहा, एनआइए की जांच से पता चला है कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सीपीआइ (माओवादी) के सशस्त्र कैडरों और सदस्यों ने हिंसक कृत्यों और गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने और देश की सुरक्षा को खतरे में डालने की साजिश रची थी। उनकी योजना आतंकवादी कृत्यों और हिंसात्मक हमलों को अंजाम देकर लोकतांत्रिक रूप से चुनी गयी सरकार को अस्थिर करने की थी। प्रवक्ता ने कहा कि जांच से यह और भी प्रमाणित हो गया है कि सीपीआइ के शीर्ष कमांडरों और सशस्त्र कैडरों ने अगस्त-सितंबर, 2022 में बूढ़ा पहाड़ में एक आपराधिक साजिश रची थी और सीपीआइ (माओवादी) के वरिष्ठ नेता प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के बाद बदला लेने का फैसला किया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,200 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# मोदी-योगी मैजिक के सहारे यूपी की सभी 80 सीटें जीतने की तैयारी

## भाजपा ने तैयार किया मेगा प्लान, हरेक संसदीय क्षेत्र के लिए अलग-अलग योजना

अगले साल की पहली छमाही में होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों की खेमेबंदी शुरू हो गयी है। वहीं सबसे ज्यादा सीटों वाले उत्तरप्रदेश में भाजपा ने 'मिशन 80' का नारा देते हुए जमीनी तैयारी भी तेज कर दी है। महासंपर्क अभियान के जरिये अब तक का सबसे बड़ा अभियान चलाने के बाद अब भाजपा ने नया मेगा प्लान तैयार किया है। इसके तहत पार्टी 'ट्रिपल इंजन' को रफ्तार देकर मिशन लोकसभा के रथ को लक्ष्य तक पहुंचायेगी। इस इंजन को रफ्तार देने के लिए 'मोदी-योगी का बूस्टर' भी तैयार किया जा रहा है, जिसकी मदद से पार्टी पूरे राज्य में हरेक मतदाता तक पहुंचने की तैयारी कर रही है। भाजपा के लिए यूपी की 80 सीटें बहुत अहम हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पार्टी ने महासंपर्क अभियान में लक्ष्य पूरा न होने पर फिर से अपने सांसदों-विधायकों के लिए निर्धारित लक्ष्य की समय सीमा बढ़ा दी है। अब भाजपा ने जो मेगा प्लान तैयार किया है, उसके अनुसार पंचायत प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव से पहले उनकी भूमिका बताते हुए उनको जिम्मेदारी दी जायेगी। इन पंचायत प्रतिनिधियों को 'मोदी-योगी मैजिक' का असर बताया जायेगा और उस मैजिक को घर-घर तक पहुंचाने का टास्क दिया जायेगा। इसके लिए पार्टी अगले 10 दिन के भीतर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता उनको लोकसभा चुनाव में जीत के लिए काम करने का मंत्र देंगे। इस कार्यक्रम का खाका पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की देखरेख में तैयार किया है और इसके लिए आवश्यक सामग्री भी तैयार करायी गयी है। राजनीतिक स्तर पर पार्टी को अपराजेय बनाने के लिए भी काम शुरू हो गया है और इस पर पार्टी के चुनावी रणनीतिकार अभी से निगाह रख रहे हैं। क्या है भाजपा का 'मिशन यूपी' का मेगा प्लान, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पूरी तरह से तैयार है। भाजपा नेताओं को भरोसा है कि लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक, राम मंदिर, नेताओं का संगठनात्मक कौशल और 'लाभार्थी' फैक्टर का असर देखने को मिलेगा। भाजपा मानती है कि योगी सरकार की बुलडोजर और ओबीसी पॉलिसी का भी लाभ चुनावों में मिलेगा। भाजपा का 2024 के चुनावों के लिए यही चुनावी नुस्खा है। सोशल मीडिया टीम भी इसी के इर्द-गिर्द अभियान तैयार कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को भरोसा है कि योगी-मोदी फैक्टर चुनावों में बड़ी जीत दिलायेगा। दोनों नेताओं की लोकप्रियता अपने शिखर पर है। पार्टी यूपी में 80 की 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करना चाहती है। भाजपा के सामने मजबूत विपक्षी गठबंधन है। हो सकता है कि आनेवाले दिनों में एनडीए गठबंधन के खिलाफ कुछ मजबूत चुनावी गठबंधन अस्तित्व में आये। भाजपा का केंद्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व इस पर ध्यान रख रहा है।

### योगी मैजिक भुनायेगी भाजपा

हिंदू नेता के तौर पर योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता देशभर में बढ़ रही है। उन्हें लोग बेहद सख्त प्रशासक मानते हैं। योगी मैजिक भी अब चुनावों में एक फैक्टर है। भाजपा कार्यकर्ताओं को भरोसा है कि साल 2024 का लोकसभा चुनाव उनके हक में होगा। साल 2022 की विधानसभा जीत के बाद यह योगी फैक्टर इस राज्य में और मजबूत हो गया है। उत्तरप्रदेश में भाजपा की अब तक केवल एक ही रणनीति रही है और वह है चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना और हर बूथ का नियमित रूप से दौरा करना। पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि हमारे पास मोदी और योगी जैसे करिश्माई नेता हैं और हमें बस अपने सैनिकों को आत्मसंतुष्ट होने से रोकना है। हमारे नेता और विस्तारक काम पर हैं। हमारे नेता उन सीटों पर काम कर रहे हैं, जहां पार्टी तुलनात्मक रूप से कमजोर दिखती है।



### सुनील बंसल तय कर रहे हैं बीजेपी की रणनीति

संगठनात्मक मोर्चे पर इस बात की जोरदार चर्चा है कि यूपी में पिछले चुनावों में जादू चलाने वाले सुनील बंसल को 2024 के चुनावों से पहले राज्य की चुनावी कमान संभालने के लिए कहा गया है। सुनील बंसल राज्य संभालना जानते हैं और कैडरों को बखूबी जानते हैं। यूपी में 2024 के लिए उम्मीदवारों के चयन में भी उनकी अहम भूमिका हो सकती है। भाजपा भी सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करने के लिए उम्मीदवारों को बदलने की तैयारी कर रही है। पार्टी सूत्रों का दावा है कि कुछ उम्मीदवारों को 70 वर्ष से ज्यादा की आयु सीमा पार करने की वजह से बाहर की राह दिखायी जा सकती है। कई उम्मीदवारों को उनके लोकसभा सीटों पर खराब प्रदर्शन की वजह से टिकट नहीं मिलेगा।

### पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाजपा पंचायत प्रतिनिधियों के सहारे एक-एक मतदाता तक पहुंचने की योजना पर काम कर रही है। इसी महीने राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उन्हें 'मोदी-योगी मैजिक' के बारे में बताया जायेगा। ये पंचायत प्रतिनिधि इसके बाद घर-घर जाकर इस मैजिक के असर का विस्तार करेंगे।

### विपक्षी खामियों के सहारे मजबूत होगा अभियान

भाजपा बेहद सधे हुए कदमों से विपक्ष को घेरने की कोशिश में जुटी है। विपक्षी एकता अभी मजबूत नहीं हुई है। इसलिए ही कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जैसे दलों को भाई-भतीजावाद पर घेरने की तैयारी भाजपा कर रही है। भ्रष्टाचार और राष्ट्रवाद को लेकर भी भाजपा विपक्ष को घेरेगी। विपक्षी एकता की कमजोरी का फायदा भाजपा उठाने की कोशिश करेगी।

### लाभार्थी वोट बैंक पर है भाजपा की नजर

भाजपा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अपना कोर वोट बैंक मानती है। अल्पसंख्यक और दलितों का एक बड़ा वर्ग इन योजनाओं का लाभार्थी है। पार्टी के अनुसार ये वे समूह हैं, जो केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं और हम उन तक पहुंच रहे हैं। यह जाति या धर्म का सवाल नहीं है, बल्कि लाभ न पाने वालों का सवाल है।

### बुलडोजर फैक्टर कितना असरदार

मध्यम वर्ग और कथित ऊंची जातियों को भी लुभाने का प्लान भाजपा के पास है। माफिया के खिलाफ योगी का बुलडोजर अभियान भी पार्टी की चुनावी रणनीति का हिस्सा होगा। पदाधिकारियों का कहना है व्यापारी और बिल्डर अब जबरन वसूली की शिकायत नहीं कर रहे हैं और माफिया द्वारा जमीन पर कब्जा नहीं किया जा रहा है। इसका इस्तेमाल अभियान में लाभ के लिए किया जायेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा अपने पक्ष में मौजूद कारकों के बावजूद आत्मसंतुष्टि नहीं आने दे रही है। पार्टी पहले ही अपने बिछड़े हुए सहयोगियों, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और दारा सिंह चौहान जैसे नेताओं को वापस ले आयी है, जिन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। विधानसभा चुनावों में इन नेताओं ने भाजपा से किनारा कर लिया था।

### राजभर मजबूत करेंगे ओबीसी वोट बैंक

सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर अब भाजपा के लिए गीत गा रहे हैं। उनका भरोसा है कि ओबीसी वर्ग का उन्हें भरपूर समर्थन मिलेगा। विपक्ष को चुनौती देने और आलोचकों का मुकाबला करने के लिए पार्टी की सोशल मीडिया टीम को रीबूट किया जा रहा है। जहां तक स्टार प्रचारकों की बात है, तो भाजपा फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों की तरफ नहीं देख रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब हमारे पास मोदी और योगी हैं, तो सेलिब्रिटीज की जरूरत किसे है। ये दोनों ही काफी हैं।

---

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद का नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, खड़गे, राहुल गांधी के नाम पत्र

# बाहरी व्यक्तियों को झारखंड में लोस-विस प्रत्याशी न बनायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को पत्र लिखा है। उसमें मांग की है कि झारखंड में बाहरी व्यक्तियों को लोकसभा और विधानसभा का प्रत्याशी नहीं बनाया जाये। उन्होंने लिखा है कि झारखंड में तीन तरह के लोग वास करते हैं। पहला मूलवासी सदान, जिनकी आबादी 65% है, जो राज्य के सबसे पुराना वाशिंदे हैं, दूसरा जनजातीय, जिनकी आबादी 26%



है और तीसरी आबादी प्रवासी की है, जो 9 से 10% है। प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है कि सदान एक समुदाय है, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, अगड़ी, पिछड़ी, दलित सभी आते हैं। मूलवासी सदानों की भाषा संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान जनजातियों की तरह ही है। इसको देखते हुए ही जनजातियों और मूलवासी सदानों के उत्थान और विकास के लिए अलग राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी ने किया था।

उन्होंने लिखा है कि जनजाति वर्ग को तो संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण उन्हें उनका अधिकार मिल जाता है। लेकिन मूलवासी सदानों को अलग से कोई संरक्षण सरकार की ओर से नहीं है मिला है। इस कारण गैर आदिवासी की श्रेणी में ही मूलवासी सदान आते हैं, और इसका लाभ प्रवासी ले लेते हैं। इससे मूलवासी सदानों में असंतोष बढ़ता है। राज्य में पिछड़ी जातियों की आबादी करीब 55% है, जिसमें तेली, कुर्मी जाति एक बहुत बड़ी आबादी है और जनजाति घोषित कराने के लिए आंदोलित है। प्रसाद ने पत्र में लिखा है कि पहले से ही लोकसभा और विधानसभा की सीटों के आरक्षित होने के कारण चुनाव लड़ने से सदान वंचित रहे हैं और बाद में झारखंड के 112 प्रखंडों की सभी पंचायत को मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष को जनजातीय समुदाय के लिए पूरी तरह आरक्षित कर दिया गया है। लोकसभा और विधानसभा में भी जो अनारक्षित सीटें हैं, उसमें बाहरी व्यक्तियों को लोकसभा और विधानसभा का प्रत्याशी बनाया जाता रहा है, जिससे सदान आक्रोशित हैं। प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है कि हम कोई बाहरी-भीतरी की बात नहीं कर रहे हैं, हम सिर्फ मूलवासी सदानों की उपेक्षा से दुखी हैं और उनके अधिकारों के लिए चिंता कर रहे हैं। उन्होंने अगले शीतकालीन सत्र में लोकसभा की 14 सीटों को बढ़ा कर 28 करने और विधानसभा की 81 सीटों को बढ़ा कर 160 करने का प्रस्ताव पास करने का आग्रह प्रधानमंत्री से किया है, जिससे मूलवासी सदानों को भी लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।

---

# झारखंड के 510 प्लस टू स्कूलों में जनजातीय, क्षेत्रीय भाषाओं के 1033 पीजीटी शिक्षकों की होगी बहाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में मानविकी, क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई जल्द शुरू करने को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। राज्य के सभी 510 प्लस टू स्कूलों में इन भाषाओं की पढ़ाई शुरू करने के लिए सबसे पहले शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए विभाग ने मानविकी, क्षेत्रीय और जनजातीय विषय के 1033 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) का पद सृजन करने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव प्रशासी पदवर्ग समिति को भेज दिया गया है। वहां से



अप्रूवल मिलने के बाद जल्द ही नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी।

**फिलहाल प्लस टू स्कूलों में 11 विषयों की होती है पढ़ाई :** हाइकोर्ट में दायर पीआइएल नंबर 3547/2016 में कोर्ट द्वारा पारित आदेश के तहत विभाग ने नये पदों के सृजन और अप्रासंगिक हो चुके पदों को सरेंडर करने की अनुशंसा के लिए एक समिति का गठन किया था। इसी समिति ने 1033 नये पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया है। राज्य के प्लस टू स्कूलों में फिलहाल 11 विषयों की पढ़ाई होती है। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, रसायन शास्त्र, भौतिकी, जीव विज्ञान, गणित और वाणिज्य विषय के लिए सभी स्कूलों में एक-एक पद सृजित हैं। समिति की अनुशंसा को अप्रूवल मिलने के बाद स्कूलों में और दो-दो पदों का सृजन होगा।

**5610 पद स्वीकृत, लेकिन कार्यरत हैं सिर्फ 2490 :** झारखंड में कुल 635 प्लस टू स्कूल हैं। इनमें से 510 प्लस टू स्कूलों में पद स्वीकृत हैं, जबकि 125 स्कूलों को प्लस टू के लिए अपग्रेड किया गया है। अपग्रेड स्कूलों के लिए अब तक शिक्षकों के कोई पद स्वीकृत नहीं किये गये हैं। प्लस 2 स्कूलों में 11वीं और 12वीं में करीब 276979 बच्चे पढ़ते हैं। इन छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों के कुल 5610 पद स्वीकृत हैं, लेकिन कार्यरत महज 2490 ही हैं।

**किस जिले में हैं कितने प्लस टू स्कूल :** पलामू 31, धनबाद 17, बोकारो 21, कोडरमा 18, सिमडेगा 13, गिरिडीह 27, हजारीबाग 38, पश्चिमी सिंहभूम 36, पाकुड़ 16, पूर्वी सिंहभूम 20, रांची 37, रामगढ़ 12, सरायकेला खरसावां 18, साहिबगंज 16, देवघर 26, दुमका 23, जामताड़ा 11, गढ़वा 23, गोड्डा 26, गुमला 19, लातेहार 16 और लोहरदगा में 12 प्लस टू स्कूल हैं।

---

# पुलिस मुखबिरी के नाम पर नक्सलियों ने की हत्या

**उपमुखिया के बड़े भाई को मारा, पर्चे में लिखा-समझाने के बाद सुधरने का दिया था मौका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम में माओवादियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। हत्या के बाद पर्चा भी चस्पा कर दिया। माओवादियों की ओर से इस घटना को अंजाम दिये जाने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। इस घटना के संबंध में लोग बात करने से बच रहे हैं। घटना के बाद पुलिस तहकीकात में जुटी हुई है।




### क्या है पूरा घटनाक्रम

गोइलकेरा मुख्य सड़क कदमडीहा पंचायत के गितिलपी चौक के पास माओवादियों ने 43 वर्षीय रांदो सुरीन की हत्या कर दी। रांदो कदमडीहा पंचायत के उप मुखिया डोरसोना सुरीन के बड़े भाई थे। माओवादियों ने मुख्य सड़क के बीचोबीच धारदार हथियार से गला रेत कर रांदो सुरीन को मौत के घाट उतार दिया। माओवादियों ने उस पर एसपीओ के रूप में पुलिस की मुखबिरी करने के लिए मौत की सजा देने की बात कही।

### पर्चा छोड़ मारने की बतायी वजह

रांदो सुरीन की हत्या करने के बाद पास में ही माओवादियों ने एक हाथ से लिखा पर्चा भी छोड़ा। इस पर्चे में रांदो की हत्या की वजह बतायी है। माओवादियों ने अपने पर्चे में लिखा है कि एसपीओ और पुलिस मुखबिर रांदो सुरीन ऊर्फ ड्राइवर को मौत की सजा दी गयी है। बहुत समझाने और चेतावनी देकर सुधरने का मौका देने के बाद भी सुधरने की बजाय और सक्रिय होकर पुलिस की मुखबिरी करने के कारण ड्राइवर को सजा ए मौत दी गयी है।



### घटनास्थल से तीन किमी दूर सीआरपीएफ कैंप

गितिलपी चौक से पश्चिम दिशा में लगभग तीन-चार किलोमीटर दूरी पर सीआरपीएफ 60 बटालियन का कैंप है। पूरब की ओर 10 किलोमीटर सायतवा में सीआरपीएफ की 60 बटालियन कैंप है। दक्षिण दिशा में लगभग चार-पांच किलोमीटर दूरी पर हाथीबुरु में भी सीआरपीएफ 60 बटालियन का कैंप है। गितिलपी गांव को अगर देखा जाये, तो सुरक्षा के दृष्टि से सीआरपीएफ कैंप से घिरा हुआ है। इसके बाद भी नक्सलियों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.8 °C | 23.2 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.19 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.27 बजे | |


आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# भाजपा की सरकार में झारखंड के लोग खान-खनिज के मालिक होंगे : बाबूलाल





आजाद सिपाही संवाददाता

**महेशपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी संकल्प यात्रा के चौथे दिन महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के यज्ञ मैदान , पाकुड़िया में पहली जनसभा को संबोधित किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर झारखंड में खान-खनिज के मालिक यहां के लोग होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपना पेट पालने के लिए आज भी आदिवासी महिलाएं हड़िया बेचने को मजबूर हैं। भाजपा की सरकार बनने में शराब दुकानों के संचालन का जिम्मा इन महिलाओं को दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि आज झारखंड के लोगों को रोजगार के लिए हिमाचल सहित

**संथाल परगना के गरीबों, आदिवासियों को रोजगार के लिए आज हिमाचल प्रदेश जाना पड़ रहा**

**भाजपा सरकार शराब की दुकानें हड़िया बेचनेवाली महिलाओं को देगी**

देश के अन्य राज्यों में जाना पड़ रहा है। भाजपा सरकार इनके रोजगार की मुकम्मल व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है, जब राज्य में भाजपा की सरकार बने। मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाने ही मैं आपके बीच आया हूं।

मरांडी ने एक बार फिर राज्य संपोषित भ्रष्टाचार, खान,खनिज , बालू घाट की लूट, सोरेन परिवार द्वारा आदिवासियों के जमीन लेने और संथाल के लोगों के पलायन को मुद्दा बनाया।

मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से गांव, गरीब को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा। संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में जोड़ना अटल सरकार की देन है।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार देश में आठ आदिवासी कैबिनेट मंत्री बनाये गये हैं। मोदी जी ने पहली संथाली आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बना कर आदिवासियों को बड़ा सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन झारखंड में आदिवासियों के नाम पर राजनीति करनेवाले झामुमो के मुखिया नाम बदल कर आदिवासियों की ही जमीन ले रहे। हेमंत सरकार में आदिवासी बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। उनकी हत्या हो रही।

उन्होंने कहा कि राज्य के खान खनिज बाहर के लोग आकर लूट रहे और झारखंड के लोग आदिवासी, गरीब रोजगार के लिए हिमाचल प्रदेश जा रहे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों केलिए केंद्र सरकार द्वारा भेजे गये प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज को भी बेच दे रही है। कोरोना काल में जब सब कुछ बंद था, तो प्रधानमंत्री ने किसी गरीब को भूखा सोने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस प्रशासन को लोगो की सुरक्षा में नहीं, बल्कि उनको लूटने में लगा दिया है। पदाधिकारी बोलते हैं कि पैसा ऊपर तक पहुंचाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की जांच केलिए इडी ने मुख्यमंत्री को समन किया है। इडी को इनके कारनामों का पता चल गया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारवादी, भ्रष्टाचारी सरकार से झारखंड को मुक्त कराने केलिए यह संकल्प यात्रा चल रही है। उन्होंने कहा कि इस लूटतंत्र से राज्य को बचाना है, तभी राज्य में विकास होगा। गरीबी, बेरोजगारी दूर होगी। संकल्प यात्रा में यही संकल्प दिलाने आया हूं।

### वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचइसी परिसर में राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण

# राजीव गांधी के योगदान को देश कभी नहीं भूल पायेगा : डॉ रामेश्वर उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजीव गांधी के 79वीं जयंती के मौके पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण रविवार को वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचइसी परिसर में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक, विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रोहित उरांव, फिरोज रिजवी मुन्ना, रमेश उरांव, संजीत यादव उपस्थित थे। नारियल फोड़ कर विधि-विधान से राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा अनावरण के उपरांत श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पंडित नेहरू ने जिस समाजवादी समाज की कल्पना की थी, उसे साकार करने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और नेहरू जी का स्वप्न था कि संसाधनों के दोहन और धन के संचय के साथ-साथ उसके सही वितरण पर भी ध्यान देना जरूरी है।

आलोक कुमार दुबे ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी विज्ञान और भविष्य की सोच लिये वैज्ञानिक सोच रखने वाले राष्ट्रीय नेता थे और देश और समाज को बदलाव तथा नवीनता के लिए कदम से कदम मिला कर चलना सिखाया। समारोह का संचालन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं के लिए आधी सीटें आरक्षित कर देश में बदलाव की मशाल जलायी। युवाओं को सूचना तकनीक के माध्यम से दुनिया का नेतृत्व प्रदान करने की शक्ति दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि राजीव गांधी ने मतदान की आयु सीमा 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष कर छात्रों को लोकतंत्र में सीधी भागीदारी सुनिश्चित कर ऐतिहासिक निर्णय लिया। राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक परिवार के संयोजक गोपाल कृष्ण झा ने स्वागत भाषण दिया। सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल प्रसाद ने राजीव गांधी के ऊपर रचित कविता पढ़ी तथा जगदीश कुशवाहा ने गीत प्रस्तुत किया।

इस मौके पर रोहित उरांव, फिरोज रिजवी मुन्ना, मोख्तार सिंह, शिवाजी सिंह, रमेश उरांव, संजीत यादव, रंजीत महतो, कुमारेश चक्रवर्ती, राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान परिवार के सदस्य गोपाल कृष्ण झा, शिव शंकर सिंह, रामाज्ञा पांडेय, डीएन सिंह, तिलकधारी प्रसाद, उमाकांत प्रसाद, डीडीप्रसाद, लेथोनिन मिंज, ज्योत्स्ना वाघेला, डॉ वीरेंद्र प्रसाद, सरोजिनी कविता, संगीता टोप्पो, राजेंद्र राम, गोपाल ठाकुर, जगदीश कुशवाहा, सुरेश केरकेट्टा उपस्थित थे।

## सरकारी शिक्षक 9 सितंबर तक स्थानांतरण के लिए कर सकेंगे आवेदन

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक 9 सितंबर तक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस मामले को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा से मिला था। संघ के प्रतिनिधिमंडल प्राथमिक शिक्षा निदेशक से सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतारण की विसंगति, उसमें सुधार और विकल्प चुनने की समय सीमा विस्तारित करने और प्रोन्नति के लिए जल्द ही डेट शीट जारी करने की मांग रखी थी। सरप्लस शिक्षकों की सूची में सुधार, डाटा सुधार, मानव संपदा में सुधार आदि में लगनेवाले समय को देखते हुए संबंधित शिक्षकों को विकल्प चुनने की समय सीमा 18 अगस्त से विस्तारित करने की मांग की थी। निदेशक ने इसे बढ़ाने का आश्वासन दिया था। संघ की मांग पर शिक्षक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि को 9 सितंबर कर दी गयी है।

### झारखंड कांग्रेस ने मनायी राजीव गांधी की जयंती, श्रद्धासुमन अर्पित किये

# संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वीं जयंती रविवार को प्रदेश कार्यालय में मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इससे पूर्व चेशायर होम, बरियातू में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रांची जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ दिव्यांगजनों से मुलाकात की और उनके बीच प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए आवश्यक सामग्री प्रदान की। राजेश ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के साथ संचार क्रांति के जनक थे। गांधी ने एक ओर भारत को संचार क्रांति के माध्यम से आधुनिक बनाने की पहल की, वहीं भारत की आत्मा गांवों को पंचायती राज देकर मजबूत बनाया।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण भारत सशक्त हुआ। राजीव गांधी ने देश के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मतदान का अधिकार 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष किया। राजीव गांधी ने पंजाब की समस्याओं का समाधान, दलबदल कानून पर नियंत्रण, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे देश कभी भुला नहीं सकता है। गांधी का हर प्रयास भारत को दुनिया के सामने मजबूत बनाने का रहा है।

श्रद्धासुमन अर्पित करनेवालों में अमानत अली, केशव महतो कमलेश, रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो, डॉ एम तौसीफ सहित अन्य नेता शामिल थे।



**डिजिटल इंडिया की संकल्पना राजीव गांधी ने ही की थी: आलमगीर आलम**

कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने भारत में दूरसंचार क्रांति लायी। आज जिस डिजिटल इंडिया की चर्चा है, उसकी संकल्पना राजीव गांधी अपने जमाने में कर चुके थे। राजीव गांधी की एक बड़ी उपलब्धि नवोदय विद्यालय की स्थापना भी है। मौजूदा समय देश में खुले 551 नवोदय विद्यालयों में लगभग 1.80 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

# ओबीसी आरक्षण मंच ने 27 प्रतिशत रिजर्वेशन का प्रस्ताव किया पारित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के तत्वावधान में राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन रविवार को पुराने विधानसभा परिसर में आयोजित किया गया। इसे लेकर मंच के द्वारा 12 सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मुख्य प्रस्ताव आरक्षण अधिकार को लेकर संविधान दिवस पर महा रैली के आयोजन की घोषणा की गयी।

मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश यादव ने बताया कि ओबीसी सहित एससी-एसटी और माइनॉरिटी का राजनीतिक तौर पर हो रहे शोषण और सामाजिक रूप से बरगलाने का जो प्रयास बीजेपी के द्वारा किया जा रहा है, इससे स्पष्ट है कि 2024 के चुनाव में इन वर्गों के मौलिक अधिकारों के हनन के प्रयास की तैयारी है।

झारखंड में बीजेपी की सरकार आते ही ओबीसी को मिलनेवाले 27 प्रतिशत आरक्षण को घटा दिया गया था। इसके बाद हेमंत सरकार ने इसे 27 प्रतिशत करने की बात कही, लेकिन सरकार बनते ही केंद्र सरकार को अनुशंसा भेज दिया, जो उचित नहीं है। हेमंत सरकार इसे कैबिनेट में पास करा कर पारित कर सकती है।

बरही के विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि ओबीसी के पूरे भारत में 40 प्रतिशत वोटर हैं, और इनकी आबादी 52 प्रतिशत है। ऐसे में राजनीतिक हनन की तैयारी बीजेपी की ओर से की जा रही है। उन्होंने कहा कि मंडल कमीशन को दबाया गया है और देश भर में राम का नाम रटाया जा रहा है। बता दें कि हमारे पूर्व नेता राम मनोहर लोहिया ने ओबीसी को एक पहचान दिलायी थी।

पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने वार्षिक सम्मेलन पर कहा कि ओबीसी का इतिहास युगों से चला रहा है और बीजेपी का जन्म तो अभी हुआ है। बीजेपी चाहे जितना प्रयास कर ले, ओबीसी को तोड़ नहीं सकती। झारखंड सरकार भी ओबीसी और एससी के साथ गलत कर रही है। इनके आरक्षण घटाये जाने से आज वे लोग नौकरी से वंचित हो चुके हैं और पलायन को मजबूर हैं। इसके अलावा ना तो आज तक जातिगत जनगणना का प्रस्ताव लाया गया और ना ही इनके लिए कोई सुविधा दी जा रही है।

## पारित हुए प्रस्ताव

26 नवंबर 2023 संविधान दिवस पर आरक्षण अधिकार महारैली का आयोजन, 100000 लोग शामिल होंगे। पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जाति की तर्ज पर ओबीसी औरअनुसूचित जाति को अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर आरक्षित करने को लेकर नियमावली बनायी जाये। सरकारी चिकित्सकों को निजी प्रैक्टिस करने में छूट देने का निर्णय वापस लिया जाये। संबंधित ओबीसी आरक्षण मंच का एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर प्रतिवेदन दिया जाये।

**सरकार से करेंगे मांग**

- ओबीसी को 14 से 27 और एक को 10 से 14 फीसदी आरक्षण सीमा बढ़ाने के लिए सरकार केंद्र को नौवीं सूची में भेजने के बजाय स्वयं राज्य सरकार अधिसूचना जारी करे।
- राज्य में जाति आधारित जनगणना अविलंब सुनिश्चित हो।
- जाति आवासीय प्रमाण पत्र सरल कर बिना शर्त निर्गत करने की अधिसूचना जारी करें एवं सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दें।
- अन्य राज्यों की तर्ज पर राज्य में मदरसा शिक्षा एवं वक्फ बोर्ड का गठन करें।

### रांची में जुटे देश के 13 पर्वतारोही : एवरेस्ट फतह करनेवालों ने सुनायी कहानियां

# पर्वतारोहियों ने कहा- जोश से ज्यादा जरूरी भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बात जीवन के एवरेस्ट की हो या वास्तविक एवरेस्ट की, अगर आप फतह हासिल करना चाहते हैं तो आपमें जोश से ज्यादा जरूरी खुद पर भरोसे का होना है। मोटिवेशनल कहानियां सुन कर, वीडियो देख कर आपमें एवरेस्ट फतह करने का जोश तो आ सकता है, लेकिन इस सफलता के लिए आपका अपने आप पर भरोसा होना जरूरी है। यही बात आपके जीवन की सफलताओं पर भी लागू होती है, जहां आप किसी भी मुकाम को हासिल करने के लिए शुरूआत तो करते हैं, पर सफलता तभी मिलती है, जब आपके भीतर आत्मविश्वास होता है। यह कहना है रांची के सीसीएल दरभंगा हाउस सभागार में जुटे देश के 13 पर्वतारोहियों का। साल 1953 में न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और दार्जिलिंग के तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट पर फतह हासिल की थी। इस सफलता को आज 70 साल पूरे हो चुके हैं। इसी मौके पर सीसीएल सभागार रांची में एवरेस्ट समिट आयोजित किया गया, जहां पर्वतरोहियो ने अपने अनुभव साझा किये।




## इन्होंने साझा किये अपने अनुभव

जैमलिंग तेनजिंग नोर्गे, मेघा परमार, अरुणिमा सिन्हा, सत्यरूप सिद्धांत, मनीषा वाघमारे, कुंतल जोइशर, अनुजा आनंद वैद्य, भगवान चावले, हेमंत गुप्ता, अदिती वैद्य, कर्नल रणवीर जामवाल, विनीता सोरेन, रूद्रप्रसाद हलधर, प्रियंका मोहिते, प्रेमलता अग्रवाल।

## पहली बार एक मंच पर 13 पर्वतारोही

सीसीएल, साइबर पीस फाउंडेशन और आइडियेट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में पहली बार ऐसा हुआ, जब 13 पर्वतारोही ने एक मंच से अपने-अपने अनुभव साझा किये। पर्वतारोहियों ने बताया कि अब तो एवरेस्ट फतह करनेवालों की बाढ़ सी आ गयी है। लेकिन इसमें अधिकांश को मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि अब पर्वतारोह के नाम पर पहाड़ गंदे हो रहे हैं। पहाड़ों के प्रति सम्मान में कमी आयी है। हमें इसका भी ध्यान रखना होगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। |
| वृष | चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| मिथुन | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| कर्क | साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय। |
| सिंह | स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। |
| कन्या | कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, आपके धैर्य, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |
| तुला | नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |
| वृश्चिक | परिस्थितियों में सुधार, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेगा। |
| धनु | गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। |
| मकर | गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा। |
| कुंभ | लोकप्रियता का विस्तार, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति,विरोधियों पर विजय मिलेगी। |
| मीन | रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा। |

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW


## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू

### सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसके तहत आरक्षित वर्ग (एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग) के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

ध्यान देनेवाली बात है कि आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। ऐसे में सभी जिलों के जिला कल्याण पदाधिकारी के स्तर से कहा गया है कि रोजगार सृजन योजना के लिए योग्य कैंडिडेट केवल ऑनलाइन ही आवेदन करें। किसी प्रकार की जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, संबंधित बीडीओ, संबंधित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरूआत की है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 25 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। इसमें अनुदान की राशि भी शामिल है। इस योजना के अंतर्गत अब तक पांच हजार से अधिक युवाओं के बीच 77 करोड़ रुपये से अधिक राशि ऋण के तौर पर बांटी जा चुकी है। विशेषकर आरक्षित तबके के युवाओं को इसके जरिये आत्मनिर्भर बनाने पर सरकार का फोकस है।

## लद्दाख हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुख



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लद्दाख में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के नौ जवानों के सर्वोच्च बलिदान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। शनिवार रात मुख्यमंत्री ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर शोक संदेश में कहा- लद्दाख में लेह के पास सेना के ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से नौ जवानों के बलिदान की दुखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा दिवगंत जवानों की आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## झारखंड प्रशिक्षित अमीन एसोसिएशन की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में झारखंड प्रशिक्षित अमीन एसोसिएशन ने अमीन बहाली को लेकर बैठक की। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रशिक्षित अमीन एसोसिएशन के केंद्रीय संयोजक अमन तिवारी ने की और संचालन एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने किया।

संयोजक अमन तिवारी ने कहा कि झारखंड में लंबे समय से अमीन एसोसिएशन ने अमीन बहाली को लेकर संबंधित विभागों में ज्ञापन के माध्यम से तथा मीडिया के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराता रहा है। हाल के दिनों में सरकार ने इस पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए अमीन बहाली की ओर कदम बढ़ाया है, जिससे विभिन्न संस्थानों से एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स तथा दो वर्षीय आइटीआइ सर्वेयर के कोर्स करनेवाले छात्रों में आशा की किरण जगी है। अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि अगर जल्द सरकार अमीनों की स्थायी बहाली करती है तो निःसंदेह राज्य में हो रहे भूमि विवाद तथा इससे उत्पन्न समस्याओं का निराकरण हो सकता है। एसोसिएशन की बैठक में बहाली की नियमावली, सिलेबस तथा प्रक्रिया की मुख्य रूप से चर्चा की गयी तथा सर्वसम्मति से सरकार से बहाली की मांग की गयी। उक्त बैठक में एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र यादव, दक्षिणी छोटानगपुर प्रभारी राजू कुमार, एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बीरबल प्रजापति, विजय कुमार, रविंद्र महतो, अंकित, दिनेश गोप, संजय कुमार सिंह, ओम प्रकाश साहू, डमरलाल महतो, शशि आदि कई सदस्य उपस्थित थे।

### कोकर की दोनों पूजा समितियों के बीच विवाद खत्म

# अब कोकर जतरा टांड़ में ही होगी पूजा

### चंचल चटर्जी अध्यक्ष और राजू राम संयोजक बने



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा कमिटी की सार्वजनिक बैठक कोकर जतरा टांड़ प्रांगण में संतोष महतो की अध्यक्षता में हुई। 2023 की दुर्गा पूजा के संबंध में विचार रखा गया। इस बैठक की सबसे महत्वपूर्ण बात थी कि कोकर में दो जगहों में दो कमिटियों द्वारा हो रही पूजा को कैसे एक किया जाये।

सदस्यों का विचार था कि दो जगह पूजा ना करके एक जगह पूजा हो और कमिटी भी एक ही हो। राजू राम और चंचल चटर्जी दोनों इस बैठक में शामिल हुए और एक जगह पूजा करने की सहमति दोनों ने जतायी। संजीव विजयवर्गीय, निवर्तमान उपमहापौर रांची ने विचार रखा कि दोनों अध्यक्ष आपस में एक मत हों और एक संचालन समिति का निर्माण किया जाये एवं संचालन समिति ही अध्यक्ष का चुनाव करे। अर्जुन यादव निवर्तमान पार्षद वार्ड नंबर 10 ने भी यह प्रस्ताव रखा कि पूजा एक ही जगह कोकर जतरा टांड़ में ही हो। इस विचार को आगे बढ़ाते हुए संजय राय, सूरज पासवान, छोटू पासवान, कुशवाहा, ललित महतो एवं अन्य पदाधिकारी गण ने भी इस बात का समर्थन किया । आशीष वर्मा, दीपू, संजय पासवान, गणेश पासवान आदि ने भी दुर्गा पूजा एक जगह हो, पर सहमति जतायी। राजू राम ने कहा कि अध्यक्ष वे रहें या चंचल चटर्जी, 2023 की दुर्गा पूजा भव्य हो और सभी सदस्य इस पूजा में दिल से सहयोग करें। चंचल चटर्जी ने भी अपनी इच्छा जतायी कि पूजा कोकर जतरा टांड़ में ही हो , जहां से वे 48 सालों से जुड़े हुए थे। वशिष्ठ लाल पासवान ने प्रस्ताव रखा कि चंचल चटर्जी को कोकर दुर्गा पूजा कमेटी का अध्यक्ष बनाया जाये, जिसे सभी सदस्यों ने तालियां बजा कर सहर्ष स्वीकार किया। चंचल चटर्जी ने राजू राम को संयोजक का पद प्रदान किया। राजू राम और संजीव विजयवर्गीय ने माला पहना कर चंचल चटर्जी का अभिनंदन किया। चंचल चटर्जी ने भी राजू राम को माला पहनकर स्वागत किया। कोकर दुर्गा पूजा कमेटी अब संचालन समिति का गठन करेगी और पूजा का स्वरूप रूप रेखा तैयार करेगी। इस बैठक में बाबला राम, तुलसी वर्मा, संतोष अग्रवाल, पप्पू पासवान, प्रकाश राम, राजकुमार राम, अमित चौरसिया, सागर पासवान, रोशन, शुभम, विक्रम, अमन, मंगल, धर्मेन्द्र, राजन, चंदन, बसंत, अविनाश राज, सोनू, बबलू, मुन्ना, शंकर, अशोक, विकी, सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।

## सिविल जज जूनियर डिविजन नियुक्ति विज्ञापन में भेदभाव कर रहा जेपीएससी : ओबीसी मोर्चा

### नियुक्ति में ओबीसी को उम्र सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट मिले : राजेश गुप्ता




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सिविल जज जूनियर डिवीजन नियुक्ति परीक्षा में ओबीसी समुदाय के साथ जेपीएससी भेदभाव कर रहा है। जेपीएससी द्वारा निकाले गये विज्ञापन संख्या 22/2023 में ओबीसी समुदाय के लिए उम्र में कोई छूट नहीं दी है। 14अगस्त को निकले गये विज्ञापन में जनरल कैटेगरी के बराबर ओबीसी को उम्र समय सीमा समान 22 से 35 वर्ष कर दिया गया है। रविवार को प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने उपरोक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 85,86 में स्पष्ट है कि जो बिहार में नियम है, वही नियम झारखंड में भी लागू होंगे। बिहार में ओबीसी समुदाय को उम्र में 5 वर्ष की छूट दी जाती है। सिर्फ बिहार ही नहीं देश के कई राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड आदि में भी ओबीसी समुदाय को जूनियर डिविजन न्यायिक सेवा में 5 वर्ष की उम्र सीमा में छूट दी जाती है। झारखंड स्थापना से लेकर अब तक मात्र चार बार ही न्यायिक सेवा का परीक्षा हुई है जबकि बिहार में 8 बार हो चुकी है। पिछली बार 2018 में झारखंड न्यायिक सेवा का परीक्षा हुई है। जेपीएससी द्वारा 2018 के बाद 2023 में विज्ञापन निकाल गयी है। कट ऑफ डेट 31.01.2023 निर्धारित किया गया है। 2018 के बाद अब 2023 में परीक्षा आयोजित हो रही है ऐसे में उम्र सीमा में छूट देना विधिक तौर पर उचित प्रतीत होता है, क्योंकि 5 सालों तक परीक्षा आयोजित नहीं हुई है, जबकि इस परीक्षा में ओबीसी की को उम्र में कोई छूट भी नहीं दी गयी है, ऐसे में सभी को अवसर नहीं मिल पायेगा।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करती है कि कट ऑफ डेट 2018 से होनी चाहिए तथा एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग को आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त में छूट मिले। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इस संदर्भ मे मुख्य सचिव सहित, सत्ताधारी दलों के अध्यक्षों को भी मांग पत्र सौंप कर उन इसमें उम्र सीमा और ओबीसी को 27% आरक्षण देकर न्याय करने की मांग की गयी है। अगर इसमें यथाशीघ्र सुधार कर पुनः विज्ञापन नहीं निकल जाती है, तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगी। इसकी सारी जवाब दे ही जेपीएससी सहित सरकार की होगी। प्रेस वार्ता में अधिवक्ता जगत प्रसाद सोनी, प्रवीण कुमार, बालेश्वर ठाकुर, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, राम लखन साहू, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## पहाड़ी मंदिर में बाल कांवरियों ने भगवान भोलेनाथ को चढ़ाया जल

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के बैनर तले रविवार को रांची में बाल कावर यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा में 150 से भी अधिक पांच से 12 वर्षीय बच्चों ने भाग लिया। यात्रा की शुरूआत नक्षत्र वन से हुई, जहां बाल कांवरियों को कांवड़ में जल देकर संकल्प करा कर रवाना किया गया। यात्रा रातू रोड होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। वहां बाल कांवड़ियों ने बाबा भोलेनाथ पर जल अर्पण किया। यात्रा में शिव पार्वती की झांकी भी निकाली गयी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि यह आयोजन दूसरी बार किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शुरुआत से ही सनातन धर्म के बारे में बताना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ यह यात्रा निकाली गयी।




रविवार को गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति मोराबादी रांची का भूमि पूजन किया गया।

## इग्नू राजीव की दूरदर्शी सोच का नतीजा : शशि भूषण राय




### अभिभावक, विद्यार्थियों और शिक्षकों से मिले कांग्रेस नेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के रांची क्षेत्रीय केंद्र पर डिप्टी डायरेक्टर डॉ मोती राम जी एवं कुछ अभिभावक और विद्यार्थियों से मुलाकात की, श्री राय ने बताया कि इग्नू पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का नतीजा था। यह दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है तथा मौजूदा समय में रांची केंद्र से करीब 39 हजार विद्यार्थि अध्ययन कर रहे हैं। इग्नू में हमारे भारत समेत अन्य और 33 देशों के लगभग 40 लाख विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। यह विश्वविद्यालय भारत में मुक्त और दूरवर्ती अध्ययन का राष्ट्रीय संसाधन केंद्र भी है तथा दूरवर्ती शिक्षा में दुनिया का नायक है । राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें एवं उनके कार्य को याद करते हुए शशि भूषण राय ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## झारखंड प्रदेश वैश्य पोद्दार महासभा की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को चुटिया स्थित पोद्दार धर्मशाला में झारखंड प्रदेश वैश्य पोद्दार महासभा की बैठक अध्यक्ष प्रदीप पोद्दार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने बैठक के बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वप्रथम वैश्य पोद्दार की जनगणना पूरे प्रदेश में करायी जायेगी, जिसकी शुरूआत रविवार को रांची से शुरू हुई । छह महीने के अंदर पूरे प्रदेश में जोर-शोर से जनसंपर्क स्थापित कर जनगणना कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही वैश्य पोद्दार जो भी रांची में निवास करते हैं, जहां भी हों चाहे व्यवसाय करते हों, सरकारी नौकरी में हैं, कोई भी जिस जगह पर है, उन्हें संगठित करते हुए एक सशक्त समाज बनाने का निर्णय लिया गया। युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि जल्द ही वैश्य पोद्दार को झारखंड में बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी ओबीसी में शामिल करने हेतु राज्य सरकार से मिल कर ओबीसी में शामिल करने की मांग की जायेगी साथ ही झारखंड में एक सशक्त संगठन तैयार किया जायेगा। बैठक में अरविंद पोद्दार, कपिल देव पोद्दार, गणेश पोद्दार, सुनील पोद्दार, अशोक पोद्दार, प्रमोद पोद्दार, उषा कुमारी देव, डॉक्टर रेणुका पोद्दार, डॉक्टर बबीता पोद्दार आदि उपस्थित थे।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संपन्न

## श्रीराम कृष्ण महाराज ने बहायी भक्ति की गंगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ओटीसी मैदान के समीप स्थित मेफेयर अपार्टमेंट में बीते 8 दिनों से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ रविवार को हबन और भंडारा के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने मेफेयर अपार्टमेंट के हॉल में बहायी भक्ति की गंगा और रांची वासियों का जताया आभार। श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने कहा कि रांची की जनता से प्यार उन्हें मिला है, उसे भूल नहीं पायेंगे। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को श्रोताओं ने मन से सुना, समझा और देखा। भगवान श्रीकृष्ण के माखन चोरी की कथा के साथ उनके और सुदामा जी के दोस्ती के चर्चे भी यज्ञ स्थल के बाहर होते रहे। इधर समापन के मौके पर 8वें दिन मुख्य यजमान सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन ध्रुव चौरसिया और उनकी पत्नी सरिता चौरसिया समेत अन्य लोगों ने हबन कर यज्ञ को संपन्न कराया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा।

**कई यादें छोड़ गये महाराज :** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज भगवान श्रीकृष्ण, राधा, और सुदामा के साथ-साथ कई यादें छोड़ गये। श्रीराम कृष्ण जी महाराज की विदायी के मौके पर श्रोता अपने आंसू रोक नहीं पाये और उन्हें हंसते-रोते विदा किया। लोगों का कहना था कि वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने रांची की धरती को भी वृंदावन बना दिया था। आसपास चारो ओर राधे-राधे गुंजने लगा था।

## ओढ़ो ओढ़ो म्हारी माता रानी आज, भगत थारी चुनड़ ल्याया रे...

### सावन की रुत है आजा मां, झूला तुझे झुलायेंगे... म्हारी मैयाजी ने आज पहनावा गजरो...






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री जीण माता परिवार के द्वारा स्थानीय दिगंबर जैन भवन हरमू रोड में मंगल पाठ सह सिंधारा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष दिलिप पटवारी ने बताया कि शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सर्वप्रथम श्री जीण शक्ति मंगल पाठ की पुस्तक का विमोचन किया गया. इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य यजमान प्रदीप सिंघानिया के द्वारा सपत्नी ज्योत प्रज्वलित कर की गयी। कोलकाता से पधारे मंगल पाठ वाचक बालकिशन शर्मा एवं विनोद शर्मा के सानिध्य में 301 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ किया गया। साथ इनके द्वारा बहाई गई भजन गंगा में भक्तजन गोते लगाते रहे। भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा था। मंगल पाठ के दौरान माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनरी महोत्सव एवं गजरा महोत्सव मनाया गया। साथ ही माता को छप्पन भोग लगाया गया। विशेष रूप से बनायी गयी 101 फीट की चुनरी माता जीण भवानी को उढ़ायी गयी। सावन सिन्धारा के उपलक्ष में माता को भक्तों के द्वारा बड़े ही चाव से झूला झुलाया गया। महोत्सव का समापन महाआरती के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष अग्रवाल, विक्रम खेतावत, प्रदीप पटवारी, विकास शिवरामका, मनीष पालड़ीवाल, सुजाता डोकानिया, विजय केडिया, सुनीता अग्रवाल, कमलेश शर्मा, अर्चना अग्रवाल, मिथिलेश सिंघानिया, संदीप डीडवानिया, आनंद ब्यास, रेखा गोयल, दिनेश अग्रवाल इत्यादि मौजूद थे।

### पुलिस ने दो आरोपियों को लिया रिमांड पर, पूछताछ में किया खुलासा

# जेल में बंद विकास तिवारी के इशारे पर चलायी थी देवांशु साहा पर गोली

## देवांशु से पांडे गिरोह ने मांगी थी रंगदारी, मिलन तूरी ने बनायी थी गोली मारने की योजना






आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रेलवे के ठेकेदार देवांशु साहा पर रामगढ़ शहर में चली गोली का मास्टरमाइंड विकास तिवारी ही था। इसका खुलासा तब हुआ जब इस वारदात में शामिल दो अन्य अपराधी रंगदारी के ही एक अन्य मामले में हजारीबाग में गिरफ्तार हुए।

गिरफ्तार अपराधी ओम प्रकाश साव और प्रमोद साव को रामगढ़ पुलिस ने जब रिमांड पर लिया, तो उन्होंने 8 दिसंबर 2022 को दिनदहाड़े ठेकेदार पर चली गोली वारदात की पूरी कहानी बयां की। पूरी जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी है।

हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव के रहने वाले ओमप्रकाश और प्रमोद ने पुलिस को बताया कि मिलन तूरी के जेल जाने के बाद उन लोगों को गिरोह के आका ने नयी जिम्मेदारी सौंपी थी। अब वे लोग हेंदेगिर और अन्य क्षेत्रों में ठेकेदारों से रंगदारी मांगनी शुरू कर दी थी। उन लोगों को हथियार भी गिरोह की तरफ से ही दिये गये थे। हजारीबाग पुलिस ने भी उनके पास से एक हथियार बरामद किया है।

**गोलीकांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल का भी हो गया खुलासा :** रामगढ़ पुलिस ने जब प्रमोद और ओमप्रकाश को रिमांड पर लिया तो उन लोगों ने उस कहानी को बयां किया जिसमें उसे वारदात को अंजाम दिया गया था। उन दोनों ने उसे मोटरसाइकिल के बारे में भी बताया जो देवांशु शाह गोलीकांड में इस्तेमाल की गयी थी।

**मिलन तूरी ने बनायी थी पूरी योजना :** उन दोनों अपराधियों ने पुलिस को बताया कि देवांशु शाहा पर मिलन तूरी नहीं गोली चलायी थी। पूरी योजना उसी ने बनायी थी। उसी वारदात में वे लोग मिलन तूरी के कहने पर ही शामिल हुए थे। उस वारदात में दो मोटरसाइकिल का इस्तेमाल हुआ था। एक मोटरसाइकिल पहले ही जब्त हो चुका था और दूसरा मोटरसाइकिल इन लोगों के पास था। जिसे वे लोग अभी भी इस्तेमाल कर रहे थे।



रांची के धुर्वा सेक्टर 2 स्थित गांधी आश्रम में रविवार को राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने महात्मा गांधी की दी श्रद्धांजलि। मौके पर गांधीवादी विचारधारा से ओतप्रोत मोख्तार सिंह, जन कल्याण परिषद के अध्यक्ष सह समाजसेवी भानू प्रताप सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# विशाल और आकाश का इंजीनियरिंग में हुआ चयन

## परिवार एवं गांव में खुशी का माहौल





आजाद सिपाही संवाददाता

**गिद्धौर/चतरा।** थाना क्षेत्र के मंझगावां पंचायत के गडके गांव के रहने वाले सुशील कुमार सिंह के दोनों पुत्रों का चयन इंजीनियर के पद पर होने से परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बड़ा पुत्र विशाल भारद्वाज का चयन एफकॉन कंपनी मुबई के अहमदाबाद मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में बतौर इंजीनियर के पद पर हुआ है, जबकि छोटा पुत्र आकाश भारद्वाज का चयन जैकब कंपनी कोलकाता के भारतमाला प्रोजेक्ट में बतौर हाइवे इंजीनियर के रूप में हुआ है। उन्होंने बताया कि विशाल भारद्वाज वर्ष 2012 एवं आकाश भारद्वाज वर्ष 2013 में चतरा के रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर से मैट्रिक की पढ़ाई पूरा किया, जबकि 12वीं की पढ़ाई रांची के डीएवी हेहल से विशाल ने वर्ष 2014 एवं आकाश ने 2015 में पूरी किया। वहीं बेंगलुरु से बीटेक सिविल इंजीनियर की पढ़ाई विशाल ने 2018 एवं अकाश ने 2019 में पढ़ाई पूरी कर ली।

इस प्रकार एमटेक की पढ़ाई विशाल ने 2022 एवं आकाश ने 2023 में पूरी कर लिया।एमटेक की पढ़ाई पूर्ण होने के साथ ही दोनों का चयन बतौर इंजीनियर के पद पर कर लिया गया। दोनों के इंजीनियर के पद पर चयन होने की खबर से गांव मे हर्ष का माहौल है।जबकि परिजन खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।

बताया जाता है कि माओवादियों से तंग आकर सुशील कुमार सिंह ने वर्ष 2002 में गांव छोड़ कर चतरा शहर में अपने परिवार के साथ रहने लगे । गांव से शहर जाना उनके लिए तथा उनके बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ। उनके बच्चों ने अपनी पढ़ाई चतरा में रह कर प्रारंभ कर आज इस मुकाम को हासिल किया है। विशाल व आकाश ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया है, जबकि युवाओं को किसी भी स्थिति में हार नहीं मानने की प्रेरणा दी है। प्रखंड के ग्रामीणों ने इस सफलता के लिए आकाश व विशाल के साथ-साथ उनके माता-पिता को बधाई दिया है।

### ललकी घाटी से छत्तरमांडू तक सड़क निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

# 26 करोड़ 74 लाख की लागत से बनेगी सड़क और 22 पुलिया

## एक साल में बन कर तैयार हो जाएगी ललकी घाटी से छत्तरमांडू तक सड़क : सुनीता चौधरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ के ललकी घाटी से छत्तरमांडू तक 11 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण जल्द ही पूरा हो जायेगा। इसके लिए 26.74 करोड़ की राशि आवंटित कर दी गयी है। रविवार को विधायक सुनीता चौधरी ने इस योजना का शिलान्यास किया। इस प्राक्लित राशि से 11 किलोमीटर लंबी सड़क में 22 पुलियों का भी निर्माण किया जायेगा।

इस योजना के शिलान्यास के दौरान विधायक सुनीता चौधरी ने बताया कि 11 किलोमीटर लंबी सड़क की चौड़ाई 5.50 मीटर है। इसमें नाली की लंबाई 2079 मीटर है। गार्डवाल की लंबाई 881 मीटर है। उन्होंने बताया कि यह काम मेसर्स सिद्धार्था कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया है। 16 मई 2024 से पहले कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। शिलान्यास के दौरान विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ से छत्तरमांडू जाने के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क साबित होगी। ललकी घाटी से छत्तरमांडू तक पहुंचने के लिए इस सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने काफी लंबे समय से संघर्ष किया था। लेकिन इस बार उनकी मांग के आधार पर इस योजना को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने बताया कि योजना पूर्ण होने के पश्चात बूढाखुखरा (जाराटोली), महादेव टोली, अम्बागढा, लिंचिग, बहातु, जमीरा, छतर मांडू, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इलाके के लोग काफी लाभान्वित होंगे।

**किसानों और नागरिकों की समस्या होगी दूर :** विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से किसानों और आम नागरिकों की समस्या दूर हो जायेगी। किसानों को रामगढ़ से छत्तरमांडू बाजार जाने में सुविधा होगी। सदर अस्पताल रामगढ़ आने वाले ग्रामीणों को भी यह रास्ता काफी सुगम होगा। बाजार उपलब्ध होने से ग्रामीणों के आय में वृद्धि होगी। साथ ही बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में भी सुगमता होगी। जिला प्रशासन के विधि व्यवस्था संधारण के लिए यह रास्ता काफी सुगम साबित होगा।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित :** शिलान्यास कार्यक्रम में आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, मुखिया कलावती देवी, मुखिया किशन राम मुंडा, वीना देवी, चमेली देवी, राजेश महतो, अनुज कुमार, अरविंद महतो, लाल बिहारी महतो, अनिल पटेल, भुनेश्वर महतो, राजकिशोर महतो, पंकज वर्णनवाल, अमित मुंडा, सुरेश मुंडा, विक्रम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# एटीएस ने आपराधिक गिरोह के मुख्य आरोपी सहित चार को किया गिरफ्तार

### बालूमाथ में इस सप्ताह होने वाली थी एक और कोयला व्यवसायी सह भाजपा नेता की हत्या

## आतंकवाद निरोधी दस्ते ने किया खुलासा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने रामगढ़, चतरा और लातेहार में कोयला सहित अन्य कारोबारियों से लेवी वसूलने वाले रुद्र महतो के नाम पर बने एक नये आपराधिक गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सह आइजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह के सरगना रंजन कुमार सिंह, राहुल कुमार भारती, दीपक कुमार महतो और अभिमन्यू साव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संगठित आपराधिक गिरोह के फंडिंग और अपराध से अर्जित किये गये संपत्ति का पता लगाने के लिए एटीएस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में एटीएस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना रंजन कुमार सिंह सहित चार को गिरफ्तार किया है। चारों को रामगढ़ और लातेहार पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। इनकी गिरफ्तारी से हत्या, रंगदारी सहित कई घटनाओं को अंजाम देने से पूर्व ही पुलिस की सक्रियता से रोक लिया गया है। उन्होंने बताया कि राहुल के खिलाफ चार, दीपक के खिलाफ तीन और अभिमन्यु के खिलाफ एक मामला पूर्व से दर्ज है। इनमें रंगदारी, हत्या, आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती, सीएलए एक्ट शामिल है।

होमकर ने बताया कि गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ में बताया कि बालूमाथ के रहने वाले कोयला व्यवसायी चेतलाल रामदास को भी 10 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गयी थी तथा कोयला का काम छोड़ देने की चेतावनी दी गयी थी। रंगदारी नहीं देने पर इसी सप्ताह उनकी भी हत्या किये जाने की योजना थी। इसके अलावा पतरातू में टीवीएस शो-रूम संचालक नीरज कुमार से इस गिरोह ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर इसी सप्ताह उनकी हत्या किये जाने की योजना थी। इसी प्रकार पालू पंचायत (रामगढ़) के उप मुखिया गंगाधर महतो से भी इन लोगों ने रंगदारी की मांगी थी। रंगदारी का पैसा नहीं दिये जाने के कारण इनकी भी हत्या की जानी थी। इसके अलावा गोला (रामगढ़) के मसाला कारोबारी शैलेश महतो से लगभग 50 हजार रुपये रंगदारी वसूलने की बात प्रकाश में आयी है। मामले की छानबीन चल रही है।

# उत्पाद विभाग की छापेमारी में भारी मात्रा में शराब बरामद, छह गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ टाटीसिलवे, कांके और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के कारोबार में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने अवैध चुलाई शराब 600 लीटर, जावा महुआ 12000 किलो, विदेशी शराब 243 लीटर, भारी मात्रा में कॉर्क, ढक्कन और विदेशी शराब की खाली बोतल बरामद की है।

उत्पाद विभाग की टीम ने टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के होराब में छापामारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जबकि कांके थाना क्षेत्र के आइटीबीपी रिंग रोड में छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा आइटीबीपी रिंग रोड स्थित साहू होटल में छापेमारी कर एक, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 2 बॉस्को नगर में छापेमारी कर एक और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रेमनगर सिंह मोड़ में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। टीम में शामिल विभाग के अधिकारी ललित सोरेन ने रविवार को बताया कि सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर शनिवार रात से रविवार सुबह तक छापेमारी की गयी। इस दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद की गयी है।

# सुखदेवनगर में शराब पीने के बाद हुए विवाद में युवक ने फोड़ा बम, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित चूड़ी गली में शराब पीने के बाद हुए विवाद में एक युवक ने बम विस्फोट किया। इस घटना में दूसरा युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि शनिवार देर रात कुछ युवक हर दिन की तरह शराब पीकर घर लौटते हुए हंगामा करने लगे। कल दो परिवारों के कुछ युवक शराब पीकर घर लौटे।

**अभिभावकों ने घर लौटे युवकों को डांटना शुरू कर दिया :** दोनों परिवारों के अभिभावकों ने घर लौटे युवकों को डांटना शुरू कर दिया, लेकिन मामला इतना बढ़ा कि दोनों परिवार के कुछ लोग आपस में भिड़ गये। इसी बीच बिट्टू नामक युवक ने गुस्से में आकर गुल के डिब्बे में बनाया गया बम जमीन पर पटक दिया। बम के फटने पर एक धमाका हुआ। धमाके में रोहित तिर्की नाम का युवक घायल हो गया।

**घायल को रिम्स में भर्ती कराया गया :** बम फटने की सूचना पर सुखदेवनगर थाना की पुलिस चूड़ी गली पहुंची। तुरंत घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। घायल रोहित की बांह और छाती पर बम के स्पलिंटर लगे हैं, जिस वजह से उसकी दोनों जगह की चमड़ी जल गयी है। रिम्स में उसका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद आरोपी बिट्टू फरार हो गया, उसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# विधायक लोबिन हेंब्रम के नेतृत्व में राजभवन के समक्ष धरना 23 को



**रांची (आजाद सिपाही)।** आठ सूत्री मांग के समर्थन में 23 अगस्त को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह विधायक लोबिंन हेंब्रम के नेतृत्व में राजभवन के समक्ष धरना का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठन के नेता-कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह जानकारी झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने दी है। धरना के पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से भेंट कर उन्हें आठ सूत्री मांग के समर्थन मे एक ज्ञापन भी सौपेंगा। नायक ने सभी दलित आदिवासी-मूलवासी संगठन के नेताओं से अपील की है कि दलित आदिवासी मूलवासी समाज के छात्र युवा, नौजवान, मजदूर किसान भाई इसमें शामिल होकर जल, जंगल ,जमीन, सीएनटी-एसपीटी एक्ट, पेसा कानून, खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति और झारखंडी समाज के हक और अधिकार की लड़ाई को गति प्रदान करें।

# डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय छात्र जदयू की टीम की सूची जारी



**रांची (आजाद सिपाही)।** छात्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार और प्रदेश सचिव मो आसिफ ने रविवार को एक विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी की बैठक आहूत की थी और संगठन विस्तार के मद्देनजर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की टीम गठित कर कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को दायित्व सौंपा। सर्वसम्मिति से विश्वविद्यालय कमिटी की सूची जारी की गयी। इसमें अध्यक्ष तन्वी बर्दियार, कार्यकारी अध्यक्ष अमन कुमार साहू, उपाध्यक्ष अदनान खान, प्रिया कुमारी, प्राची सिंह, सचिव अजय महतो, ओमकार मेहता, मोहन कुमार महतो, संयुक्त सचिव गौरव कुमार, अंजली राधारानी, कोमल कुमारी, उप सचिव तेजू मिर्धा, प्रवक्ता शुभम तिवारी, निशांत रंजन, मीडिया प्रभारी अदनान, जावेद, अनुसूचित जनजाति प्रभारी अक्षय कुमार शामिल हैं। टीम की घोषणा के बाद मोराबादी स्थित नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा के बाद उन्होंने शपथ ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित पार्टी के अध्यक्ष रंजन कुमार ने सभी सदस्यों को संविधान के रस्ते विश्वविद्यालय में सकारात्मक बदलाव के लिए एक जुट होने का आह्वान किया। अध्यक्ष खीरू महतो ने सभी को बधाई दी है।

### सिविल जज नियुक्ति विज्ञापन में विवाद : पांच साल बाद हो रही परीक्षा

# उम्र सीमा में मिले छूट, ओबीसी आरक्षण पर करें विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से झारखंड न्यायिक सेवा के तहत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया गया है। इस विज्ञापन के जरिए 138 रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की जायेगी। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार कल यानी 21 अगस्त से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 सितंबर रखी गयी है। आयोग की ओर से विज्ञापन जारी करने के साथ ही इस पर विवाद हो गया है। इस विज्ञापन को लेकर उम्मीदवार कई तरह की मांग कर रहे हैं। इस विज्ञापन को लेकर सीएम हेमंत सोरेन तक को चिट्ठी लिखी गयी है।

**चिट्ठी में बिंदुवार दी जानकारी :** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा अभी तक सिर्फ चार बार ही झारखंड न्यायिक सेवा अंतर्गत झारखंड ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की परीक्षा का आयोजन हुआ है। पहली परीक्षा 2008, दूसरी परीक्षा 2014, तीसरी परीक्षा 2016 और चौथी परीक्षा 2018 में आयोजित हुई है। 2018 के बाद अब 2023 में यह परीक्षा आयोजित हो रही है। ऐसे में उम्र सीमा में छूट देना उचित है। क्योंकि पांच सालों तक परीक्षा आयोजित ही नहीं हुई। जबकि इस परीक्षा में ओबीसी को उम्र सीमा में कोई भी छूट नहीं दी गयी है। ऐसे में सभी को अवसर नहीं मिल पायेगा।

**रिक्तियों की संख्या**

| | |
|---|---|
| अनारक्षित | 60 |
| एसटी | 28 |
| एससी | 12 |
| बीसी वन | 10 |
| बीसी टू | 15 |
| इडब्ल्यूएस | 13 |

पड़ोसी राज्य बिहार ने झारखंड से अलग होने के बाद से ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की परीक्षा आठ बार आयोजित की है। साथ ही एसटी, एससी, ओबीसी को उम्र सीमा में पांच साल की छूट भी दी है। जेपीएससी द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 22/2023 में उम्र सीमा का कट ऑफ डेट 31.01.2023 निर्धारित किया गया है। क्योंकि पिछले पांच सालों में नियुक्ति हुई ही नहीं है ऐसे में उम्र सीमा का यह कट ऑफ डेट उचित नहीं है। यह अवसर की समानता के संवैधानिक अधिकार के विरुद्ध है।

**बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 का हवाला :** सीएम को लिखे पत्र में बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 का हवाला दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि अधिनियम की धारा 85 में विधियों के अनुकूलन की शक्ति है। वहीं धारा 86 में विधियों के अर्थान्वयन कि शक्ति का प्रावधान है। इसका मतलब है कि बिहार राज्य में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की भर्ती से संबंधित एसटी, एससी, ओबीसी तथा महिलाओं की आरक्षण तथा उम्र सीमा में छूट की जो व्यवस्था है। उसी उम्र सीमा और छूट को झारखंड में लागू किया जा सकेगा।

**केंद्र की तरह ओबीसी को मिले आरक्षण :** सीएम के नाम भेजी गयी चिट्ठी में लिखा गया है कि सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की परीक्षा में एसटी, एससी, ओबीसी, सामान्य वर्ग के सभी अभ्यर्थियों के उम्र सीमा में वृद्धि की जाए। साथ ही सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के तुलना में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष अतिरिक्त उम्र सीमा में छूट दी जाए। साथ ही ओबीसी को केंद्र की भांति 27 प्रतिशत वर्टिकल आरक्षण की व्यवस्था की जाए। झारखंड न्यायिक सेवा की परीक्षा में सीएनटी एक्ट 1908 एवं एसपीटी एक्ट 1949 विषय को जोड़ने की बात पत्र में कही गयी है। झारखंड न्यायिक सेवा की परीक्षा में चयन हेतू उम्र सीमा के लिए कट ऑफ डेट 31.01.2023 के स्थान पर 31.01.2018 करने की मांग की गयी है।

**उम्मीदवारों का पक्ष :** सीएम को चिट्ठी लिखने वाले संजय मेहता का कहना है कि न्यायिक सेवा के लिए मंगाए गए आवेदन के विज्ञापन में कई त्रुटियां हैं। इन पर ध्यान नहीं दिया गया तो कई नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। हमलोग लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके बावजूद भी सरकार इतनी बड़ी गलती करेगी तो छात्र कहां जाएंगे। हमारी मांग है कि विज्ञापन की गलती को सुधार पर फिर से नया विज्ञापन जारी किया जाये।

# देश में नशे में कर रहे अपराध

एक ओर नशेड़ी नशे का अधिक सेवन करके मर रहे हैं, तो दूसरी ओर नशे के दुष्प्रभाव से उचित-अनुचित में भेद न कर पाने और बुद्धि भ्रष्ट हो जाने के कारण हिंसक होकर हत्या, मारपीट और यौन अपराध तक कर रहे हैं, जिसके चंद ताजा उदाहरण हैं : 16 अगस्त को लुधियाना (पंजाब) में एक नशेड़ी युवक ने ट्रैफिक एएसआइ पर हमला करके उसे घायल कर दिया। 9 अगस्त को रात 10.30 बजे फाजिल्का (पंजाब) के ढाणी कोट फंगिया में नशे के आदी युवक नरेंद्र सिंह ने किसी बात पर नाराजगी के कारण अपने पिता मुंशा सिंह को पीट दिया, जिसके कुछ समय बाद मुंशा सिंह ने नरेंद्र सिंह को काट कर मार डाला। 9 अगस्त को ही बक्सर (बिहार) में नशे में धुत्त नेवी के एक जवान ने एक्साइज विभाग की चैक पोस्ट पर विवाद के दौरान एक्साइज विभाग के कर्मचारियों की वर्दियां फाड़ डालीं। 9 अगस्त को ही कलंगुट (गोवा) के एक पब में नशे में धुत्त गोवा के डीआइजी (डॉ) ए कोआन द्वारा एक महिला के साथ अभद्रता की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें महिला उक्त डीआइजी को थप्पड़ मारती और उसे खरी-खोटी सुनाती दिखायी दे रही है। इस घटना के बाद गोवा सरकार ने ए कोआन को डीआइजी के पद से हटा दिया। 8 अगस्त को बेतिया (बिहार) के नवलपुर थाना क्षेत्र के गांव सिसवा भूमिहार में नशे में धुत्त युवक ने अपने पिता को पीट-पीट कर मार डाला। बताया जाता है कि बाप-बेटा दोनों इकट्ठे बैठ कर शराब पीया करते थे और घटना के दिन भी इकट्ठे ही शराब पीकर घर लौटे थे, जिसके बाद कोई विवाद होने पर बेटे ने इस घटना को अंजाम दिया। 8 अगस्त को ही राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) के डोगर गांव में नशे में धुत्त एक युवक ने चाकू से हमला करके एक महिला भाजपा नेता के बेटे की हत्या तथा दूसरे युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। 7 अगस्त को मोगा (पंजाब) में रंजीत सिंह नामक नशेड़ी युवक अपनी मां जसपाल कौर की पैंशन की पासबुक और 2 एटीएम कार्ड चुरा कर ले गया। जसपाल कौर ने पुलिस को दी शिकायत में अपने बेटे पर आये दिन उससे मारपीट करने और रुपये छीन कर ले जाने का आरोप भी लगाया। 7 अगस्त को ही देर रात सूरत (गुजरात) में नशे में टल्ली एक कार चालक दूसरी कार को टक्कर मारने के बाद उस कार के चालक को घायल हालत में अपनी कार के बोनेट पर 2 किलोमीटर तक घुमाता रहा। निश्चय ही ये घटनाएं अत्यंत दुखद हैं। अतः इन्हें रोकने के लिए देश में नशे की सप्लाई के स्रोत बंद करने, नशे के सौदागरों को पकड़ कर कठोरतम दंड देने और नशेड़ियों का सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में सुचारू ढंग से इलाज सुनिश्चित करवाने की तुरंत आवश्यकता है।

**इन्हें रोकने के लिए देश में नशे की सप्लाई के स्रोत बंद करने, नशे के सौदागरों को पकड़ कर कठोरतम दंड देने और नशेड़ियों का सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में सुचारू ढंग से इलाज सुनिश्चित करवाने की तुरंत आवश्यकता है।**

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि 7 दशक में भी इस बाबत अपेक्षित कानून नहीं बनाया गया और बिना पारदर्शी-निष्पक्ष प्रक्रिया के नियुक्तियों से यह धारणा बन रही है कि केंद्र सरकार अपने पसंदीदा नौकरशाह को ही चुनाव आयुक्त बनाती है। सर्वोच्च अदालत ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन को उनकी सख्ती और निष्पक्षता के लिए याद किया तथा आनन-फानन में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले राजीव कुमार की चंद घंटे में ही मुख्य चुनाव आयुक्त पद पर नियुक्ति पर भी सवाल उठाये।**

# चुनाव आयोग की कठपुतली वाली छवि लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं

**डॉ राज कुमार सिंह**

चुनाव प्रक्रिया अगर लोकतंत्र की प्राण वायु है, तो उसे किसी भी तरह के प्रदूषण से मुक्त बनाये रखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी-जवाबदेही है। भारत के चुनाव आयोग की विश्व भर में प्रतिष्ठा है, पर देश में उसकी साख पर सवालिया निशान लगते रहे हैं।

ताजा प्रकरण चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा है। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा संसद के मानसून सत्र में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक राज्यसभा में पेश किये जाने से फिर इस बहस को बल मिला है कि सरकार चुनाव आयोग को वास्तविक रूप से स्वायत्त और निष्पक्ष नहीं रहने देना चाहती। 10 अगस्त को राज्यसभा में पेश मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, शर्तें और पद अवधि) विधेयक, 2023 में यह प्रावधान किया गया है कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली सर्च कमेटी 5 नाम सुझायेगी और 3 सदस्यीय समिति अंतिम फैसला करेगी, जिसमें प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता के अलावा स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री होंगे। यह समिति सुझाये गये नामों के अलावा भी किसी का चयन कर सकती है। यह प्रावधान इस बाबत सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गयी अंतरिम व्यवस्था के विपरीत है।

**संसद के कानून द्वारा 25 जनवरी, 1950 को संवैधानिक संस्था के रूप में चुनाव आयोग का गठन किया गया।**

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि 7 दशक में भी इस बाबत अपेक्षित कानून नहीं बनाया गया और बिना पारदर्शी-निष्पक्ष प्रक्रिया के नियुक्तियों से यह धारणा बन रही है कि केंद्र सरकार अपने पसंदीदा नौकरशाह को ही चुनाव आयुक्त बनाती है। सर्वोच्च अदालत ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन को उनकी सख्ती और निष्पक्षता के लिए याद किया तथा आनन-फानन में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले राजीव कुमार की चंद घंटे में ही मुख्य चुनाव आयुक्त पद पर नियुक्ति पर भी सवाल उठाये।



**1990 में तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अध्यक्षता में चुनाव सुधारों पर गठित समिति ने चुनाव आयोग को अधिक शक्तियां देने के उद्देश्य से जो सिफारिशें की थीं, उनमें चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम बनाना भी शामिल था। कॉलेजियम व्यवस्था का सुझाव 2015 में विधि आयोग ने भी दिया था, हालांकि उसने नियुक्ति समिति में प्रधानमंत्री को रखे जाने की सिफारिश की थी।**

क्लब कर सुनी जा रही इन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी भी की कि भले ही चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं, पर वह प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल की सलाह से बंधे हुए हैं, इसलिए मूलतः यह सरकार का ही फैसला होता है। सरकार को इस बाबत संसद से कानून बनाने का निर्देश देते हुए इसी साल 2 मार्च को व्यवस्था दी गयी कि जब तक कानून नहीं बनता, तब तक चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की 3 सदस्यीय समिति करेगी। सरकार का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति संबंधी कानून बनाने को कहा था, उसी के लिए यह विधेयक पेश किया गया है, लेकिन विपक्ष इसमें किये गये प्रावधान को पारदर्शिता-निष्पक्षता विहीन, और इसीलिए लोकतंत्र के लिए अहितकर बताते हुए विरोध कर रहा है।

दरअसल पेश किए गए विधेयक के मुताबिक चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के बजाय प्रधानमंत्री द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री को रखा गया है।

विपक्ष का तर्क है कि इस तरह 3 सदस्यीय समिति में 2 सदस्य सत्तापक्ष के हो जाएंगे और सरकार के मनोनुकूल ही नियुक्तियां होती रहेंगी। जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान भी जब पिछले साल चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम व्यवस्था की बात आई तो केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उसका विरोध करते हुए कहा था कि यह धारणा कि न्यायपालिका की उपस्थिति से ही स्वतंत्रता और निष्पक्षता हासिल की जा सकेगी-संविधान की गलत व्याख्या है। स्पष्ट है कि सरकार शुरू से ही चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में न्यायपालिका की भूमिका नहीं चाहती थी, लेकिन यह जानना जरूरी है कि कॉलेजियम का सुझाव महज सुप्रीम कोर्ट का ही आइडिया नहीं है।

1990 में तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अध्यक्षता में चुनाव सुधारों पर गठित समिति ने चुनाव आयोग को अधिक शक्तियां देने के उद्देश्य से जो सिफारिशें की थीं, उनमें चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम बनाना भी शामिल था। कॉलेजियम व्यवस्था का सुझाव 2015 में विधि आयोग ने भी दिया था, हालांकि उसने नियुक्ति समिति में प्रधानमंत्री को रखे जाने की सिफारिश की थी। खुद भाजपा कभी कॉलेजियम के पक्ष में थी। ध्यान रहे कि संसद के कानून द्वारा 25 जनवरी, 1950 को संवैधानिक संस्था के रूप में चुनाव आयोग का गठन किया गया, लेकिन सात दशक लंबे इतिहास में सर्वोच्च न्यायालय को भी एक यादगार मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में टीएन शेषन को ही याद करना पड़ा, जबकि वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार उस क्रम में 25वें स्थान पर हैं। यह चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली के साथ-साथ उसे नियुक्त करने वालों पर भी स्पष्ट टिप्पणी है।

यह भी याद रखना चाहिए कि जिन शेषन को देश सम्मान के साथ याद करता है, उनके पर कतरने के लिए ही चुनाव आयोग को एक सदस्यीय से तीन सदस्यीय बनाया गया था। यह भी कि तब केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं थी। जाहिर है, स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से चुनाव आयोग किसी भी सरकार यानि कि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल को रास नहीं आता। इसीलिए चहेते नौकरशाहों को चुना जाता है, जो वक्त-जरूरत उनके प्रति उदारता और विरोधियों के प्रति कठोरता दिखा सकें।

मनमोहन सिंह सरकार द्वारा नवीन चावला को चुनाव आयुक्त बनाये जाने पर उनकी कांग्रेस से निकटता को ले कर क्या-क्या नहीं कहा गया था? मुख्य चुनाव आयुक्त रहे मनोहर सिंह गिल को तो बाद में कांग्रेस ने राज्यसभा सदस्य ही नहीं, केंद्र में मंत्री भी बना दिया था। कड़वा सच यही है कि निष्पक्ष चयन एक छलावा है, पर इसका अर्थ यह भी नहीं कि चुनाव आयोग की सरकार की कठपुतली वाली छवि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए शुभ है।

## जमशेदपुर की खबरें

# हर हर महादेव सेवा संघ की 22वीं भजन संध्या 28 को

- कल्पना पटवारी झूमायेंगी शिव भक्तों को
- अंतिम सोमवारी को हर हर महादेव के जयघोष से गूंजेगा कालीमाटी रोड
- काले ने शहरवासियों से पधारने का किया अनुरोध



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा सावन के अंतिम सोमवारी को आयोजित होने वाली बहु प्रतिक्षित भजन संध्या आसन्न 28 अगस्त को भव्य रूप से होने जा रही है जिसमें देश की मशहूर लोक गीतों की गायिका कल्पना पटवारी आ रही हैं, जो यहां इस मंच पर संघ के 22 सालों की यात्रा में तीसरी बार अपनी प्रस्तुति देंगी. विदित हो कि संघ सांस्कृतिक संरक्षण, विश्व कल्याण व सामाजिक सौहार्द्र के लिए पिछले 22 वर्षों से सावन महीने के अंतिम सोमवार को भजन संध्या का आयोजन कर रहा है। आज संध्या संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने पूरे कार्यक्रम का व्योरा संवाद दाताओं से बातचीत में दी और बताया कि कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से साकची गुरुद्वारा मैदान में शुरू हो जायेगा। उन्होंने श्रद्धांलुओं से अनुरोध किया कि समय से 15 मिनट पूर्व अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर ले. परम्परागत ढंग से कार्यक्रम की शुरुआत जमशेदपुर के प्रसिद्ध कलाकार कृष्णा मूर्ति गणेश वंदना से करेंगे. उसके बाद कल्पना पटवारी अपनी पूरी गायन और वाद्य मंडली के साथ आवतरित होंगी। पूरा कार्यक्रम पूर्व की भांति ही भव्य ढंग से आयोजित किया जायेगा। इसके लिए पूरे साकची गुरुद्वारा मैदान में पक्का पंडाल बन रहा है। श्रद्धालुओं के लिए बैठने के लिए कुर्सियां रहेंगी, श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद, पेय जल भी उपलब्ध होगा। कालीमाटी रोड पर पंडाल के अलावे विद्युत साज-सज्जा, यातायात परिचालन, अग्निशमन की विधिवत व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए स्वयं सेवकों की टीम मुस्तैद रहेगी। एहतियाती बंदोबस्त के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह कार्यक्रम भोले बाबा को पूरी तरह समर्पित रहता है। उम्मीद रहती है कि श्रद्धालु स्वतः स्फूर्त ढंग से आयोजन को सफल बनाने में पूरे अनुशासन के साथ अपनी सहभागिता देंगे। हर हर महादेव सेवा संघ समाज में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने के लिए संघ रत्न सेवा अवार्ड प्रदान करता रहा है अवार्ड देने की परंपरा भी पिछले एक दशक से चली आ रही है पूर्व के वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र, समाज सेवा, उद्यमिता, लोक गीत गायन, शिक्षा, विकास, पत्रकारिता, रक्तदान, खेलकूद, बाल विवाह विरोध, जंगल रक्षा, पत्रकारिता, नारी शक्ति आदि के क्षेत्रों में योगदान के लिए डॉक्टर सिद्धू, डॉक्टर बीपी सिंह, डॉक्टर चंद्रशेखर झा, आरके अग्रवाल ,हरि बल्लभ सिंह आरसी, राधेश्याम अग्रवाल , चामी मुर्मू, यमुना टुडू, विजय सिंह, लखबीर सिंह लक्खा, भरत शर्मा व्यास ,अरुणा मिश्रा , पद्मश्री छुटनी महतो, डॉ आर.के. मिश्रा, प्रेमचंद, गणेश राव आदि को संघ रत्न सेवा अवार्ड दिया गया है। इस वर्ष संघ रत्न अवार्ड के नामों की घोषणा 25 अगस्त को की जायेगी। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश निशुल्क होता है। इसके लिए श्रद्धालुओं को संघ द्वारा गेटपास वितरित किया जाता है और उसी पास के आधार पर प्रवेश नियंत्रित किया जाता है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे समय पर संध्या 6:30 बजे के पहले ही अपना स्थान ग्रहण कर ले। दर्शक दीर्घा में अगली कुछ पंक्तियां आरक्षित रहती हैं । श्रद्धालुओं से निवेदन है कि कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपना पूर्ववत सहयोग प्रदान करें और पूरे आयोजन का उमंग और उल्लास के साथ आनंद लें तथा भोले बाबा की कृपा प्राप्त करें। फेसबुक और यू ट्यूब पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

# जिला परिवहन पदाधिकारी ने बालू माफियाओ के खिलाफ की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** जिले के परिवहन पदाधिकारी शंकराचार्य सामद ने बालू माफियाओ के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर करवाई करते हुए कांड्रा थाना अंतर्गत पिंडराबेड़ा से अल्ट्राटेक सीमेंट कंक्रीट प्लांट के समीप तीन बालू लदे हाईवा को पकड़ लिया। सभी वाहनों में क्षमता से अधिक बालू लोड किया गया था। परिवहन पदाधिकारी ने वाहनों को जप्त कर गम्हरिया थाना को सौप दिया। वैसे इन दिनों अवैध बालू के कारोबार व ओवरलोडेड वाहनों को लेकर परिवहन पदाधिकारी एक्शन में है। जिला प्रशासन के साथ परिवहन विभाग के पदाधिकारी ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया। जिससे अवैध बालू के कारोबार से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मच गया। नियमानुसार हाईवा में 400 सीएफटी से ज्यादा बालू लोड नहीं करना है, लेकिन सारे नियम कायदे को धत्ता बता कर बालू कारोबार से जुड़े लोग 600 से 700 सीएफटी बालू लोड कर उसके ऊपर तिरपाल या प्लास्टिक ढंक कर गोरख धंधे को अंजाम देते हैं।

# सरायकेला पुलिस लाइन में एनडीपीएस एक्ट में बेहतर जांच के लिए सेमिनार का आयोजन

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां के पुलिस लाइन में एनडीपीएस एक्ट के मामलों में बेहतर जांच के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सेमिनार में एसपी डॉ विमल कुमार शामिल हुए। मौके पर एनडीपीएस के मामले को अनुसंधान की गुणवत्ता को कैसे बढ़ाना हैं उस पर चर्चा की गई। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार वत्स ने पुलिस अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के मामलों में किस तरह से जांच करनी है ताकि अपराधी कोर्ट से बरी न हो पाए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया पुलिस कड़ी मस्कत व चालाकी से नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले को पकड़ती है। सेमिनार में उपस्थित पुलिस अनुसंधान अधिकारियों को मादक पदार्थ अधिनियम अपराध की बारीकियों के बारे में अवगत कराया गया।अनुसंधानकर्ता को कानून द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार अनुसंधान कर आरोपियों को सजा दिलाने की बारीकियों से रूबरू कराया गया। ताकि मानव जीवन के लिए अभिशाप बने इस नशा को समाज में जड़ से खत्म किया जा सके। इस दौरान जिले के थाना प्रभारी व अन्य जांच अधिकारियों को बताया गया किस-किस साक्ष्य को जुटाना जरूरी है। इस एक्ट में जो भी नियम बनाए गए हैं उनके दायरे में रहकर जांच की जाए। जिससे अपराधि पुलिस की गिरफ्त से बच ना सके। सेमिनार में उप पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार वत्स, चांडिल एसडीपीओ संजय सिंह, जिले के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तीसरी सोमवारी की पूर्व संध्या पर रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाया सिदगोड़ा सूर्य मंदिर

- संध्याकाल में बनारस के गंगा घाट की तर्ज पर होगी महाशिवालाय की महाआरती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा की ओर से पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को आयोजित होने वाले सामूहिक जलाभिषेक यात्रा को लेकर सूर्य मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जलाभिषेक यात्रा की सफलता एवं भव्यता के लिए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यगण पूरी तन्मयता से जुटे हैं। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगे लाइटों के साथ कोलकाता के कलाकारों द्वारा फूलों से सजाया गया है। मंदिर के आसपास एवं मंदिर मार्ग के विभिन्न रूट में केसरिया ध्वज एवं रंग बिरंगी लाइटों की विधुत सज्जा की गई है। जलाभिषेक यात्रा के लिए सोमवार को प्रातः 6 बजे से श्रद्धालु बारीडीह हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे जहां स्वर्णरेखा नदी में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक का संकल्प कराया जाएगा। इसके पश्चात, हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सूर्य मंदिर शिवालय के लिए प्रस्थान करेंगे। जलाभिषेक यात्रा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के संग शहर के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। जलाभिषेक यात्रा में भक्तिमय संगीत, विशालकाय शिवलिंग, आकर्षक झांकी के साथ बुलडोजर से पुष्पवर्षा की तैयारी की गई है।

# जल संसाधन विभाग के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बागबेड़ा बस्ती वासियों ने सुलुइस गेट के मरमतीकरण को लेकर बागबेड़ा स्थित सिधु कान्हू मैदान में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया। रविवार को बस्ती वासियों ने उपवास कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांगे पूरी नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। पूर्व जिला परिषद सदस्य ने किशोर यादव ने कहा विभाग द्वारा करोड़ो रुपए खर्च कर सुलुइस गेट का निर्माण किया गया ताकि बागबेड़ा बडौदा घाट नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ की स्थिति पैदा ना हो। बीते कई वर्षों से सुलुईस गेट की स्थिति जर्जर हो गई है। सही तरीके से फाटक नहीं खुलने की वजह से 2 घंटे की बारिश में ही तटीय इलाकों के सैकड़ो व घरों में नाले का पानी प्रवेश कर रही है। स्थिति इतनी विकराल हो गई है लोगों को उसे क्षेत्र से पलायन करना पड़ रहा है। नाले का पानी क्षेत्र में प्रवेश करने की वजह से गंदगी व महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस स्थिति को देखते हुए जिले के उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को सुधार के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बावजूद स्थिति जस की तस है। बस्तीवासियों ने परेशान होकर पूर्व जिला परिषद सदस्य किशोर यादव के नेतृत्व में बागबेड़ा सिद्धू कानू मैदान में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन कर अपनी परेशानियों से जिला प्रशासन को अवगत कराने का कार्य किया। किशोर यादव ने कहा कि बारिश में बाढ़ जैसी स्थिति बन जा रही है। मजबूरी वश उपवास कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद भी प्रशासन की नींद नहीं खुली तो एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती मनायी गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर जिला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, जिला सचिव दिवाकर चौबे, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्रनाथ चौबे, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, भासपा अध्यक्ष याकूब एकबाल, खालिद अशरफ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मझिगावां पंचायत से कांवरियों का जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए हुआ रवाना



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत से रविवार को बाबा नगरी देवघर जाने को इस वर्ष के श्रावण मास के अंत में पंचायत से अंतिम जत्थे के रूप में दर्जनों कांवरियों ने मझिगावां गांव के भास्कर युवा क्लब मझिगावां से आजाद नगर टोले पर स्थित श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर में सत्यप्रकाश चौबे के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करा कर मुखिया प्रतिनिधि बबलू साह, पूर्व उप मुखिया अरुण मिश्रा, गुड्डू चौबे, अभिषेक व उमापति गुप्ता ने पहाड़ी मंदिर से विदा किया। वहीं सभी कांवरियों ने पहाड़ी मंदिर के पश्चात गांव के ब्रह्म बाबा, देवी धाम में मत्था टेककर अपने कुशल वापसी व पूरे क्षेत्र की सुख-शांति हेतु बाबा भोले नाथ से मन्नत मांगकर बाबा की नगरी देवघर के लिए सुरक्षित वाहनों से रवाना हुए। कांवरिया जत्था के सदस्य बुद्धिनारायण साह ने बताया कि हम सभी कांवरिया बम सुरक्षित वाहन से सुल्तानगंज तक जाएंगे उसके पश्चात सुल्तानगंज से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ पर जलाभिषेक कर अपने गांव सहित पूरे प्रखंड की कुशल कामना करेंगे। तत्पश्चात बासुकीनाथ दर्शन के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करते हुए एक सप्ताह के बाद घर वापसी होगी। बाबा नगरी जाने वाले श्रद्धालुओं में जितेंद्र चौबे, राजेश चौबे, सुनील यादव, राजेश शर्मा, छाया कुमारी, रामदेनी राम व प्रमोद कुमार सहित कई के नाम शामिल हैं।

## मुखिया की अगुवाई में सोनदाग पंचायत में 12 किमी कालीकरण सड़क का हुआ शिलान्यास



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के सिरोई चौकड़ी मुंगदह जोगीखुरा भाया बाईस प्लौट तक कुल बारह किलोमीटर कालीकरण सड़क का शिलान्यास मुखिया रीमा देवी की अगुवाई में संवेदक के द्वारा नारियल फोड़कर एवं भूमिपूजन कर विधिवत किया गया। बताते चलें कि यह अति उपयोगी सड़क कई वर्षों से जर्जर हालत में पूर्व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार बन पड़ी हुई थी। जिसके बारे में पंचायत की मुखिया रीमा देवी ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर से मिलकर ध्यान आकृष्ट कराया तो मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अविलंब संज्ञान में लेते हुए सड़क की सभी सरकारी प्रक्रिया पूर्ण कराकर सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करायी। मुखिया के अनुसार यह एक सप्ताह के अंदर कार्यारंभ कर दिया जाएगा। सड़क निर्माण की खुशी जाहिर करते हुए पंचायत की मुखिया रीमा देवी पति हेमंत पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अजय गुप्ता, विजय राम, भोला यादव सहित ग्रामीण जनता ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को बहुत बहुत बधाई दी है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**बैठक : राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक रसोइया वेलफेयर एसोसिएशन गढ़वा जिला इकाई का गठन**

# बखोरी राम प्रदेश संरक्षक और अनीता देवी बनीं जिला अध्यक्ष

**सरकार हमारी बातों पर विचार नहीं करती है तो पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल किया जायेगा : बखोरी राम**

**रक्षा बंधन पर रसोइयों का रुका हुआ मानदेय नहीं मिला तो किया जायेगा धरना-प्रदर्शन : अनीता देवी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन की गढ़वा जिला इकाई का गठन हुआ, सर्वसम्मति से अनिता देवी को जिलाध्यक्ष बनाया गया। रविवार को बुनियादी विद्यालय परिसर में हुई बैठक की अध्यक्षता किरण देवी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर की गई। संगठन के संरक्षक एवं संस्थापक तैयब अंसारी उत्तर प्रदेश स आये प्रदेश सचिव ज्ञानती देवी, सहसचिव फुलवंती देवी भवनाथपुर प्रखंड के शिक्षक उमेश कुमार, अनिल यादव एवं मंगलेश कुमार उपस्थित थे। जिला इकाई की बैठक में विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से बखोरी राम को प्रदेश संरक्षक, अनीता देवी को जिला अध्यक्ष गढ़वा, किरण देवी को खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष एवं शिव प्रसाद को खरौंधी प्रखंड संरक्षक मनोनीत किया गया। संगठन संथापक तैयब अंसारी द्वारा मनोनीत सदस्यों को मनोनयन पत्र दिया गया।


बैठक को संबोधित करते हुए तैयब अंसारी ने कहा कि सम्पूर्ण देश में कार्यरत रसोइयों से 11 माह कार्य कराए जाते हैं एवं मानदेय मात्र 10 माह का ही दिया जाता है।

बखोरी राम प्रभारी झारखंड द्वारा कहा गया कि सरकार हमारी बातों पर विचार नहीं करती है तो आने वाले समय में पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। जिला अध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि रक्षा बंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर रसोइयों का रुका हुआ मानदेय नहीं मिला तो जिला पदाधिकारी गढ़वा के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इनकी मांगों में रसोइयों को स्थाई करते हुए भारत सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक मानदेय अधिनियम 1968 के एवं उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में न्यूनतम निर्धारित मानदेय 12 अक्टूबर सन् 2022 के आदेश के क्रम में रसोइयों को न्यूनतम मानदेय बीस हजार रुपए मासिक देने, 2005 से अब तक का अंतर बकाया मानदेय जोड़कर लाखों रुपया का भुगतान करने, सभी महिला रसोइयों को मातृत्व अवकाश, मेडिकल की सुविधा, सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

बैठक में मुख्य रूप से आशा देवी, प्रमिला कुंवर, राजमती, सितमती, संध्या देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, प्रमिला देवी, चम्पा देवी, पाना देवी, दुर्गावती देवी, मीना देवी, सुनैना देवी, कमोदा देवी, फुलमती देवी सहित सैकड़ों कार्यरत रसोइया बहनें उपस्थित थीं।

## तीन वर्षों से लापता व्यक्ति का पुतला जलाकर किया गया अंतिम संस्कार

**सोहगाड़ा गांव निवासी वृद्ध राम प्रसाद राम 11 सितंबर 2020 को अचानक लापता हो गये थे**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** तीन वर्षों से लापता व्यक्ति को मृत मान पुतला जलाकर रविवार को कोयल नदी में अंतिम संस्कार किया गया। हिंदू रीति रिवाज से अब उनका श्राद्ध कार्य किया जाएगा। कांडी थाना क्षेत्र के राणाडीह पंचायत अंतर्गत सोहगाड़ा गांव निवासी एक वृद्ध व्यक्ति राम प्रसाद राम 70 वर्ष 11 सितंबर 2020 को अचानक लापता हो गए थे। प्रत्येक संभावित स्थान के साथ-साथ स्थानीय कोयल नदी व सोन नदी सहित पूरे इलाके तथा दूरस्थ क्षेत्रों में काफी दिनों तक उनकी गहन खोजबीन की गई। बावजूद इसके आज तक उनका कोई सुराग नहीं मिला। राम प्रसाद राम उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के मोहम्मद गंज बराज प्रमंडल के प्रधान सहायक के पद से 31 दिसंबर 2010 को सेवानिवृत हुए थे। वे इलाके के एक मानिंद व्यक्ति थे। जिनकी सभी गांवों में पूछ एवं प्रतिष्ठा थी। वह हमेशा लोगों से संपर्क किया करते थे। उसके बाद प्रतिदिन वापस घर आ जाया करते थे। लेकिन 11 सितंबर 2020 को घर से निकलने के बाद फिर वे वापस नहीं लौटे। थक-हार कर आज लोगों ने हिंदू लोकाचार के अनुसार उनका पुतला दहन करके अंतिम संस्कार किया। उनके बड़े पुत्र सह एनबीसीसी दिल्ली के मुख्य महाप्रबंधक नंदकिशोर राम ने मुखाग्नि दी। बड़ा बाबू एवं मुखिया जी के नाम से इलाके में विख्यात राम प्रसाद राम की शव यात्रा एवं अंतिम संस्कार के समय करीब 200 से अधिक लोग उपस्थित थे।

अंतिम संस्कार में राणाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा, सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर विश्वनाथ राम, बसपा नेता बबलू सिंह, लालजी राम, दयाराम, शिवपूजन राम सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## पत्नी ने भाइयों के साथ पति को मारपीट कर किया घायल, मौत

**मृतक के पिता ने पत्नी तथा उसके भाई-भतीजा पर हत्या का कराया मुकदमा दर्ज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



मृतक सत्तार अंसारी की फाइल फोटो

**मेराल।** थाना क्षेत्र के गेरुआसोती गांव में रविवार को आपसी विवाद में एक पत्नी ने अपने भाई भतीजा के साथ मिलकर पति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी मौत गढ़वा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान हो गई। मृतक के पिता शेखावत अंसारी के अनुसार उसके पुत्र अब्दुल सत्तार अंसारी उम्र 30 वर्ष को उसकी पत्नी सफीना बीबी से किसी बात को लेकर विवाद हो गई थी। विवाद के बाद उसकी पत्नी ने मैके फोन कर अपने भाई भतीजा को तुरंत बुला लिया और भाई भतीजा के साथ मिलकर अपने पति को लाठी डंडा तथा चाकू से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी मौत गढ़वा सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। मृतक के पिता ने अपने पुत्र की हत्या करने को लेकर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मृतक की पत्नी सफीना बीवी उसके भाई हजरत अंसारी, महबूब अंसारी, अबरार अंसारी, सहबूब अंसारी पिता सोबराती अंसारी तथा भतीजा हसनैन अंसारी पिता अबरार अंसारी पर अपने पुत्र की हत्या करने का प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार ने दल बल के साथ गेरुआसोती गांव में जाकर मामले की छानबीन करने के बाद कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना में संलिप्त सभी लोग बहुत जल्द सलाखों के पीछे होंगे। घटना के बाद घर परिवार तथा गांव में भय का माहौल है।

## महिला की जहर खाने से रिम्स ले जाने के क्रम में हुई मौत

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत कोडेंकेरा निवासी 32 वर्षीय प्रियंका देवी पति रावत ओहदार ने शुक्रवार की शाम कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे बसिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कारण जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं गुमला सदर अस्पताल उसे शनिवार को लाया गया वहीं इलाज के बाद डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया शनिवार की देर रात उसे रिम्स ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

## घाघरा प्रखंड में ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के शिरकोट गांव निवासी 45 वर्षीय प्रताप महली ने रविवार की दोपहर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी तीजेन देवी ने बताया कि उसकी बेटी होलिका जब बाहर से घर आयी तो देखा कि पिता प्रताप महली घर की छत के सहारे रस्सी से लटक रहे थे। इसके बाद परिजन ने आनन फानन में मृतक को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी घाघरा पुलिस को देने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घाघरा थाना के एसआई निर्मल महतो ने बताया कि मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**भ्रष्टाचार : घूसखोरी की भेंट चढ़ी विशुनपुरा प्राथमिक विद्यालय की मध्याह्न भोजन योजना**

# महीनों से बंद है विद्यालय में मध्याह्न भोजन

**प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विकास फंड की राशि में 12 प्रतिशत कमिशन लिये जाने का लगाया आरोप**

**मध्याह्न भोजन के ऑडिट के नाम पर आठ हजार मांगा जाता है चढ़ावा**



**राजू सिंह**

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतिहारी पंचायत के दर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन महीनों से बंद है। जिसके कारण सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से बच्चे वंचित रह जा रहे हैं। वहीं बच्चों को भोजन नहीं मिलने से शारीरिक विकास नहीं हो पा रहा है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हैसियत अंसारी ने बताया कि संयोजिका के कारण मध्याह्न भोजन बंद है। उन्होंने बताया कि विद्यालय को मिलने वाले विकास फंड का पैसा में से 12 प्रतिशत कमिशन लिया जाता है। जिसके बाद बचे हुए पैसे से विद्यालय का रंग रोगन थोड़ा बहुत हो पाता है।

उन्होंने बताया कि लेखा सहायक प्रेम नीलम समद 12 हजार की नौकरी कर हाई प्रोफेशनल चारपहिया वाहन कार मेनटेन करते हैं और हम सभी शिक्षक घूसखोरी के कारण बीआरसी का चक्कर लगाते हैं। उन्होंने बताया कि मध्याह्न भोजन की ऑडिट करने के नाम पर 8,000 रुपये की घूस जिला द्वारा मांग की जाती है। इन सभी बातों को उन्होंने स्वयं स्वीकार किया है।

वहीं दर प्राथमिक विद्यालय में कुल नामांकित बच्चों की संख्या 103 है। बच्चों का पठन पाठन भी सही से नहीं हो पाता है। विद्यालय के शिक्षक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अकेला क्या करें बच्चों को पढ़ायें या विभाग का काम करें। विभाग का समय से काम नहीं करने के कारण मेरा महीनों से वेतन बंद है। वेतन बंद होने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है। वहीं संयोजिका रूना देवी ने बताया कि शिक्षक हैसियत अंसारी ने मध्याह्न भोजन की ऑडिट कराने के नाम पर 8000 रुपये की मांग की थी। महीनों से विद्यालय में मध्याह्न भोजन बंद होने के बाद भी प्रखंड साधन सेवी (सीआरपी) अंजनी कांत तिवारी जांच के लिये नहीं आते हैं।

इस संबंध में पूछे जाने पर लेखा सहायक प्रेम नीलम समद ने बताया कि हमारे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार है।

वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार ने कहा कि जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने चार प्रखंडों में कराया नल जल योजना का भूमि पूजन



**यह केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, इसके माध्यम से सभी घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाना है : भानु प्रताप शाही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को प्रखंड के कैलान, सिंदुरिया, पंडरिया एवं चपरी पंचायत में करीब 15 करोड़ से अधिक रुपए की लागत से बनने वाली नल जल योजना का भूमि पूजन स्थानीय बुजुर्गों एवं मुखिया के हाथों संपन्न कराया। इसके उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि नल जल योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के द्वारा सभी वर्ग और धर्म के लोगों के घर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। नल जल योजना के तहत इन चारों पंचायतों में चिन्हित जगहों पर बोरिंग कर जलमीनार का निर्माण कराते हुए पाईप लाइन के माध्यम से पंचायत के प्रत्येक घरो में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।

मौके पर मनोज कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय यादव, मधुलता कुमारी, अनिल चौबे, भानु गुप्ता कैलान मुखिया सुकनी देवी, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, अंकित राज सिंह, सुधीर सोनी, शिव पहाड़ी मंदिर के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, भाजपा नेता मनोज पहाड़िया, राजमोहन यादव, सुरेंद्र यादव, विमलेश यादव आदि उपस्थित थे।

## बिशुनपुर में 72 लाख 28 हजार नौ सौ रुपये की परिसंपत्ति का हुआ वितरण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कि बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ धनंजय पाठक, पीएलभी जसिंता कुजूर, मंगलेश्वर उरांव, मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक आदि अतिथियों ने दीप प्रवाजलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डालसा के प्रतिनिधि जसिंता ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज में आर्थिक रूप से कमजोर एवं अन्य दुर्बल व्यक्तियों को विधिक सहायता प्रदान करना है। कोई भी व्यक्ति आर्थिक अक्षमता के कारण न्याय पाने से वंचित न रह जाए यही प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी ने भी संबोधित कर योजनाओं और कानून की जानकारी दी। मौके पर परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें जेएसएलपीएस के द्वारा 70 लाभुकों के बीच 46 लाख 10 हजार कृषि विभाग के दो लाभुकों के बीच 1 लाख बाल विकास परियोजना के द्वारा 5 लाभुकों के बीच 32 हजार 500 सौ सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 35 लाभुकों के बीच 35 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 8 लाभुकों के बीच 10 लाख 40 हजार अंचल कार्यालय की ओर से 27 लाभुक के बीच 13 लाख 11 हजार 400 सौ एवं मनरेगा के द्वारा 10 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर शिविर में पहुंचे काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विकिरण संस्था ने आदिम जनजाति बहुल गांव में कराया 350 फलदार पौधों का रोपण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** विकिरण संस्था के डायरेक्टर मनीष कुमार के नेतृत्व में नेतरहाट के आदिम जनजाति बहुल गांव ताहिर में 30 परिवारों के बीच 350 फलदार पौधों का रोपण किया गया। संस्था के सचिव ने कहा कि फलदार पौधों से आप कई तरह के लाभ ले सकते हैं उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है साथ ही पौधे से मिलने वाला फल से भी आप लाभ लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे उन्होंने कहा कि इस गांव में हमारे संस्था के द्वारा आने वाले दिनों में 1500 फलदार पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि आदिम जनजाति बहुल गांव के लोगों को आत्मनिर्भर बनाते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर आवासीय विद्यालय नेतरहाट के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान, मुखिया राम, विष्णु नगेसिया, संतोष उरांव, सुनील चंद्र, अभय मिंज, पंकज भगत, सुरेश भगत, बालेश्वर भगत, सुनील राव सहित राकेश रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शिव मंदिर में प्रतिबंधित मांस फेंके जाने के मामले में एक गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टोटो बड़ा शिव मंदिर परिसर में विगत 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस से पूर्व प्रतिबंध मांस फेंक कर माहौल खराब किये जाने के मामले में पुलिस ने संजीदगी से कार्रवाई करते हुए राजकुमार ठाकुर उर्फ गोलू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार गोलू ठाकुर टोटो के ही गड़ही मुहल्ला का रहने वाला है। गोलू की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ में कई अन्य लोगों का भी इस कांड में नाम सामने आया है। जिसे गुप्त रखकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। ऐसे गोलू की गिरफ्तारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस इस मामले पर फूंक फूंक कर कदम आगे बढ़ा रही है। थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने कहा कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच अभी जारी है। पुलिस की पहली प्राथमिकता है कि इलाके में पहले पूरी तरह शांति बहाल किया जाये। ऐसे माहौल शांत है। जल्द की प्रेस वार्ता कर कांड का खुलासा किया जाएगा। ज्ञात हो कि 14 अगस्त को प्रतिबंधित मांस फेंके जाने के बाद दो समुदाय के बीच क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया था। प्रतिबंधित मांस फेंके जाने के बाद बजरंग दल सहित अन्य हिन्दू संगठनों में काफी आक्रोश था।लोग सड़क जाम पर उतारू हो गए थे। करीब दो घंटे तक गुमला-लोहरदगा रोड जाम रहा था। बाद में पुलिस व जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के समझाने व 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिए जाने के आश्वासन के बाद जाम हटा था। इसके बाद 24 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ़्तारी नहीं होने की स्थिति में टोटो बंद का आह्वान किया गया था। साथ ही टोटो बंद था। टोटो बंद के दौरान गिरफ्तारी नहीं होने पर गुमला बंद करने की भी चेतावनी दी गई थी। मगर इसी बीच पुलिस ने मांस फेंकने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**कार्रवाई :** आरोपितों के पास से देसी कट्टा, पिस्टल, कारतूस, लूट की कार और 22 हजार नकद बरामद

# जरियागढ़ से पिकअप वैन-पीवीसी पाइप की लूट का उद्भेदन, 5 आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के लापा मोड के पास विगत 11 अगस्त की रात बोलेरो पिकअप वैन, उस पर लदे पीवीसी पाइप और राशन सामग्री की लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने सभी पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जरियागढ़ थाने में रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में तोरपा के एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में शेख रिजवान उर्फ राजू (24) शेख तनमीर (27) शेख जावीर (25) मो हम्जा मीर (24) और शेख सलीम (19) शामिल हैं। सभी समाजविरोधी बेड़ो थाना के



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते तोरपा के एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी व अन्य।

चचकोपी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, कार्बाइन नुमा पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त बाइक, लूटा गया बोलेरो पीके वैन, पीवीसी पाइप और नकद 22 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि लूटकांड के दौरान अपराधियों द्वारा हवाई फायरिंग भी की गई थी। इस संबंध में 12 अगस्त को जरियागढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। जिसकी गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। गठित एसआइटी द्वारा तकनीकी और गहन अनुसंधान के साथ ही गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की रात बरवादाग जंगल के पास दो हाइक पर सवार इस कांड के शामिल सभी पांच अपराधियों को हथियार, गोली और मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उनससे पूछताछ के क्रम में पता चला कि 11 अगस्त को लापा मोड के पास पिकअप गाड़ी को उन्हीं लोगों ने लूटा था। उनकी निशानदेही पर लूटी गई गाड़ी को चान्हो थाना क्षेत्र के एक गैराज से बरामद किया गया। तलाशी के क्रम में पिकअप गाड़ी की ड्राइविंग सीट के पीछे लूटी गई रकम बरामद की गई, जबकि दो बंडल पीवीसी पाइप बेड़ो थाना अंतर्गत चचकोपी गांव से उत्तर रेलवे लाइन के पास झाड़ी से बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपित तनमीर ने बताया कि 15 जुलाई को अपने गांव चचकोपी के अफताब उर्फ कोका के साथ मिलकर उसने मांडर थाना क्षेत्र में एक व्यापारी से दो लाख 35 हजार रुपये की लूट को अंजाम दिया था। इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्तों ने अन्य कई लूट और चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। छापामार टीम में एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी, तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी पंकज कुमार, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार, तपकरा थाना प्रभारी रंजीत किशोर, कर्रा थाने के एसआई रंजीत कुमार यादव, जगदेव कुमार सराक, निशांत केरेकट्टा, संदीप कुमार, विश्वजीत ठाकुर और राकेश कुमार मंडल आदि थे।

## दो साल बीतने के बाद भी नहीं हुआ पुल का निर्माण, लोग निराश



स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लाइफ लाइन कहे जाने वाले इचाडीह सड़क पर बना पुल दो साल पहले ही टूट गया था। उस पर ग्रामीण बांस का पुल बनाकर आवाजाही करते थे, लेकिन इस बरसात में वो भी टूट गया। विडंबना यह है कि दो साल बीच जाने के बावजूद टूट पुल की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कब यह पुल बनेगा और कब सरकार की नजर पड़ेगी। लोग कब इस सडक पर आना-जाना कर सकेंगे की नहीं, यह भी संसय है। दो वर्ष बित गये, लेकिन पुल के निर्माण को लेकर कोई पहल करने वाला आगे नहीं आया है। यह सड़क दो से तीन दर्जन गावों को जोड़ती है। लोग जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे है। बाइक को रांची टाटा सड़क के किनारे होटल में रखकर पार होने को मजबूर हैं। बरसात में उक्त नदी पानी से लबालब भरा रहता है। पुल के उपर भी पानी बहता रहता है। कुछ लोग गांव छोड़ कर दूसरे जगहों में चले गए हैं। छोटे व बड़े स्कूली बच्चे भी मजबूरन इसी टूटे पुल से गुजरते है। लोगों की दिनचर्या ही खराब हो गयी है। सरकारी डाक्टर नहीं जा पा रहे है। गामीणों का इलाज नीम हकीम के भरोसे चल रहा है। इस बरसात में पुट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह सड़क तमाड़े के अलावे ईचागढ व बंगाल को भी जोड़ती है। यह इलाका तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा का है। उनकी पार्टी की सरकार है। गामीणों ने कहा कि कई आवेदन दिये लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। यहां के सांसद अर्जुन मुंडा है। फिर भी मुसिबत झेल रहे हैं।

## बाबा आम्रेश्वर धाम के भोलेनाथ का किया गया भव्य श्रृंगार, हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पवित्र सावन महीने के मध्य में लगे पुरुषोत्तम मास की समाप्ति के बाद श्रावण शुक्ल पक्ष की प्रथम सोमवारी से पूर्व रविवार की देर शाम बाबा आम्रेश्वर धाम के स्वयंभू शिवलिंग का श्रृंगार पूजन विधिवत संपन्न हुआ। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति द्वारा आयोजित पारंपरिक श्रृंगार पूजन कार्यक्रम में प्रबंध समिति के लोग शामिल हुए। विधि विधान से संपन्न श्रृंगार पूजन के दौरान पवित्र शिवलिंग सहित बाबा के दरबार को रंग बिरंगे फूलों से सुंदर ढंग से सजाया गया है। रविवार तड़के ही बाबा आम्रेश्वर धाम में जलार्पण के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। पूरे दिन यहां जलार्पण व पूजन अर्चन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रावणी महोत्सव को लेकर डीसी और एसपी के निर्देश पर मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए समुचित संख्या में पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से पूरे मेला परिसर पर नजर रखी जा रही है। भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल, स्नानागार, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन किया गया है। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि दूरदराज से आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित तैयारियां की गई है। भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ ही प्रबंध समिति के सदस्य पूरी तरह से तत्पर हैं।

## कार्यकर्ता-पदाधिकारी बूथ से जीवंत संबंध स्थापित करें : कर्मवीर सिंह

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर किया मंथन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला भाजपा कार्यालय में संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर छह जिलों लातेहार, सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और पश्चिम सिंहभूम के कार्यकर्ताओं की रविवार को सामूहिक बैठक की गयी। जिसमें सभी छह जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री और सातों मोर्चा के अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बूथ ही हमारी गतिविधियों का सक्रिय केंद्र बने। पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बूथ से जीवंत संबंध स्थापित करें। हमें सिर्फ अपने बूथ को मजबूत





बनाना है। इसके लिए हमने देश भर में बूथ सशक्तीकरण अभियान चलाया। अभी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संगठन को मजबूत करने और हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प यात्रा कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में हर विधानसभा में सभा करनी है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी करें। प्रदेश महामंत्री सह प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने तोरपा विधानसभा में 21 सितंबर और खूंटी विधानसभा में 22 सितंबर को होने वाली संकल्प यात्रा को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिये। 17 अगस्त से 24 सितम्बर तक छह जिलों में चलने वाली संकल्प यात्रा के संयोजक विनय लाल ने कहा कि तेरा मेरा छोड़कर हमारा कार्य समझकर संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा के जिलाध्यक्ष चद्रंशेखर गुप्ता ने किया। बैठक में खूंटी जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, सिमडेगा प्रभारी शैलेंद्र सिंह, भुवनेश्वर साहू, जेबी तुबीद, बिमला प्रधान, काशी नाथ महतो, जगरनाथ मुण्डा, संतोष जयसवाल, अरूण चंद्र गुप्ता, लातेहार जिलाध्यक्ष हरे कृष्णा, लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनेर उरांव, गुमला जिलाध्यक्ष अनूप अधिकारी, सिमडेगा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष संजीव पूरी, कृपा सिंधु बेहरा, संजय साहू, कैलाश राम, विनोद नाग, महावीर राम, प्रियांक भगत, योगेंद्र नायक, रंदाय नाग, शयाम सोनी, सुदर्शन भोगता, बासमती देवी, लक्ष्मी बाखला, रूकमिला सारू और प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बचरा स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय की ओर से ऑफीसर्स क्लब में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम सह वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और मिनिता सहाय उपस्थित थी। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एजीएम निरंजन सेनापति, विनीता पाठक, मीरा कुमार, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने सामूहिक रूप से किया। जिसके बाद बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय के श्रमिक क्लब के बच्चों की ओर से कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें शास्त्रीय संगीत, भजन, गजल, गीत और संगीत शामिल है। स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय के निदेशक संतोष दास महंत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि बचरा श्रमिक क्लब में स्वर साधना केंद्र संगीत विद्यालय की ओर से क्षेत्र के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसको लेकर आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को दर्शा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है। मंच का संचालन ज्योति कुशवाहा ने किया। इस मौके पर डीपी राय, शिशिर गर्ग, रविंद्र सिंह, पिंकी सिंह, रूपिंद्र सिंह और महेन्द्र पासवान आदि थे।

## बारिश ने बढ़ायी लोगों की मुश्किलें, आसमान छूने लगे सब्जियों के दाम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पूरे पांच परगना क्षेत्र में इन दिनों भारी बारिश से जहां किसान खुशहाल हैं वहीं, सब्जियों के दाम सातवें आसमान पर हैं। सब्जी की खेती करने वाले किसानों की कमर टूट गयी है। वहीं, आम लोगों की पहुंच से हरी सब्जियां दूर हो गई है। बाजार में इन दिनों बोदी 30 रूपए, कच्चू 50 रुपए, टमाटर 80 रूपए, परवल 40 रूपए, नेनुआ 40 रूपए, फुलगोभी 60 रूपए, पत्तागोभी 50 रुपए, कद्दू 40 रूपए, भिंडी 50 रुपए, प्याज 50 रुपए, बीन 60 रूपए, करेला 70 रूपए, खीरा 40 रूपए, झींगा 60 रुपए, खरीद 120 रूपए, धनिया पत्ता 120 रूपए, अदरख 300 रूपए प्रति किलो बिक रहे।

## बंद आवास में मिला सीसीएलकर्मी का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के मोहननगर सीसीएल आवासीय कॉलोनी में रविवार की सुबह सीसीएल कर्मी संतोष साहू का सड़ा गाला शव उसके ही बंद आवास से बरामद हुआ। वे मोहन नगर माईनस एमक्यू 312 नंबर सीसीएल क्वार्टर में रहते थे। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि विगत चार दिनों से आवास बंद है। रविवार की सुबह आवास से बदबू आने पर इसकी सूचना मोहन नगर के समाजसेवी कृष्णा चौहान की मदद से खलारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने खिड़की दरवाजा तोड़ा तो संतोष साहू का शव कुर्सी पर पाया गया। 48 वर्षीय संतोष साहू सीसीएल एनके क्षेत्र के डकरा परियोजना में डोजर



ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे । वह ओडिशा के गंजाम जिले के रहने वाले थे। मृतक क्वार्टर में अकेले ही रहता था। जबकि पूरा परिवार गांव में ही रहता था। खलारी पुलिस मृतक के घर वालों को इसकी सूचना दे दी है। जानकारी के अनुसार मृतक संतोष साहू सूदखोरों के चूंगल में बुरी तरह से फंसा हुआ था। उसका पासबुक सूदखोरों के पास ही रहता था। जिस कारण वह पिछले कई महीनों से काफी तनाव में था। इधर मृतक के परिजनों के मौके पर नहीं रहने के बाद मोहन नगर कॉलोनी के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सामाजिक सहयोग से शव को घर के अंदर से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेजा गया। इसके साथ ही शव का अंतिम संस्कार करने का भी जिम्मा उठाया। इस कार्य में कृष्णा चौहान, अशर्फी राम, मुन्नू शर्मा, हीरा दास मानिकपुरी, नारद राम, जीते, संदीप चौहान और छत्तीसगढ़ समाज के लोगों ने सहयोग किया।

## बुंडू में मनायी गयी भारत रत्न स्व राजीव गांधी की जयंती



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 79 वीं जयंती रविवार को मनायी गयी। इसी क्रम में बुंडू के फुलवार टोली के सामुदायिक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बच्चों के बीच टॉफी वितरण किया गया। मौके पर मनोहर प्रसाद महतो, भीम नायक, गणेश मछुआ, संतोष मछुआ और रॉकी मछुआ आदि थे।

## कांग्रेस ने मनायी राजीव गांधी की 79वीं जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस खलारी प्रखंड की ओर से केडी अंबेडकर चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह और संचालन रमेश चौहान ने किया। सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके बाद उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महावीर नगर में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया एवं विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण भी किया। कांग्रेस नेता राजन सिंह राजा ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाया। सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति की। मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने आईटी के क्षेत्र में नई क्रांति पैदा की थी। आज कंप्यूटर और मोबाइल हर घर में नजर आते हैं, ये उन्हीं की देन है। आज उनकी जयंती पर हम उन्हें श्रद्धा से नमन करते हैं। धन्यवाद ज्ञापन तनवीर आलम ने किया। इस मौके पर राजेश सिंह मिंटू, सीता राम शाही एस एन सिंह, राजेश चौहान, बाबू खान, जाहिर अंसारी, राजा केशरी, मोनू सिंह, पवन राज सिंह, सतेंद्र खरवार, अजय कुमार, सलामत अंसारी, फिरोज अंसारी, गंगा बैठा, सुधीर सिंह, शिव पूजन प्रसाद, एस पी चौहान, राहुल ठाकुर, शुभम सिंह, मुन्नू भुइयां, नीरज राम, जुबेर अंसारी, सबीर अंसारी, सुनील गंझू, सद्दाम, मनोज यादव, बबलू वर्मा, देवा राम, सूरज लोहरा, बजरंगी राम, सूरज रावत, अशोक राम आदि उपस्थित थे।

## आजसू नेता ने प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का किया उद्घाटन

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** नीमडीह के रघुनाथपुर ब्लॉक मैदान में प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने बल्लेबाजी कर किया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के खिलाड़ी व युवाओं को खेलकूद, शिक्षा आदि क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए वे सदैव सहयोग करने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर आजसू के केंद्रीय सचिव रवि शंकर मौर्य, अमूल्य महतो, ग्राम प्रधान श्यामल महतो, दीपु प्रमाणिक, बलराम महतो, निरंजन कुमार, प्रभात प्रमाणिक, राकेश धवन, मंगल सिंह, लक्ष्मण महतो, कबीर प्रमाणिक, सुरेश योगी, आलोक कुमार, महेश्वर कुमार आदि थे।

**जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि**

## राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार किया: रवि मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में रविवार को स्व राजीव गांधी की 79वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। लद्दाख में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के प्रयास से दूरसंचार, सूचना एवं प्राधौगिकी और कंप्यूटर क्रांति से भारत के युवाओं





के भविष्य में नया उजाला आया। उत्तर पूर्व में असम समझौता, मिजोरम समझौता, शिलांग समझौता किया और देश में शांति स्थापित हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कंप्यूटर क्रांति से युवाओं को सशक्त बनाने के साथ ही राजीव गांधी ने चुनावों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वोट करने की आयु को 21 से घटाकर 18 वर्ष किया। जिससे युवा राष्ट्रनिर्माण में सीधे अपनी भागीदारी दे सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भारत के सभी जिलों में नेतरहाट एएम सैनिक स्कूल की तर्ज पर नवोदय विद्यालय की स्थापना पर गांवों के स्कूलों से प्रतिभावान बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाए थे। इस मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी, विल्सन तोपनो, मीनाक्षी सिंह तोपनो, नरेश तिर्की, पौलुस पूर्ति, मरियम आईंद, जॉन मुंडू, विजय स्वांसी, एडवर्ड हंस, जेम्स तोपनो, आदित्य गंझू, अशोक राम, फिलोमन हेरेंज, अरकम हुसैन आदि मौजूद थे।

## सोनाहातू बाजार व्यावसायिक संघ का गठन





**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** बाजारटांड़ सोनाहातू के व्यवसायियों की बैठक रविवार को शिव मंदिर परिसर में संपंन हुई। बैठक में व्यपारियों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर सोनाहातू व्यवसायिक संघ का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष धनेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, सचिव आनंद स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार विद और संरक्षक विपिन कुमार पाल को बनाया गया। बैठक में मासिक शुल्क जमा करने और मासिक बैठक कर संगठन की गतिविधियों को तेज करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर रवींद्र कोईरी, प्रकाश कुशवाहा, विजय दास, शिशुपाल प्रामाणिक, निखिल प्रजापति, गुड्डू प्रजापति, मनीष महतो, मनोज जयसवाल, लंकेश्वर दास, फ्रूटी प्रामाणिक, मनीष पाल आदि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस ने पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा के नेतृत्व में रविवार को जियारपा ग्राम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों और बच्चों के साथ युवा कांग्रेस के प्रेरणास्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गई। अरूण संगा ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और पाठ्य सामग्रि का वितरण किया

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का नहीं मिल रहा लाभ

**राशि के अभाव में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है कैंसर पीड़ित छात्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** कैंसर रोग से ग्रसित हेसल गांव के छात्र अंजार अंसारी पिता युसूफ अंसारी को अबतक मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत मिलने वाली पांच लाख की सहायता राशि नहीं मिल पायी है। राशि के अभाव में पीड़ित छात्र अस्पताल में जिंदगी और मौत से जुझ रहा है। पीड़ित छात्र का इलाज विगत 14 माह से सीएमसी वैलोर में चल रहा है। पीड़ित छात्र के पिता युसूफ अंसारी कहते हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। इलाज काफी महंगा है। लिहाजा इलाज में काफी मोटी रकम खर्च हो रही है। आज उनकी हालत ऐसी हो गई है कि बेटे के इलाज में एक रुपया भी खर्च करने की स्थिति में नहीं हैं। इस योजना के तहत पूर्व में उन्हें सिविल सर्जन स्तर से पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता ही मिली है, जबकि स्वास्थ्य निदेशालय से मिलने वाली पांच लाख रुपए की सहायता राशि अबतक उन्हें नहीं मिली है। इस सहायता राशि को पाने के लिए वे महीनों से निदेशालय का चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित छात्र के पिता यह भी बताते हैं कि राशि के अभाव में पुत्र का इलाज प्रभावित हो रहा है। इस योजना के तहत पूर्व में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो की अनुशंसा पर सिविल सर्जन स्तर से 5.50 लाख की सहायता राशि मिल चुकी है। वहीं केन्द्र सरकार की योजना के तहत तीन लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत 10 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। जिसमें सिविल सर्जन स्तर पर पांच लाख तथा स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा पांच लाख रुपये दिये जाते हैं। इधर सरकार द्वारा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अस्पतालों से किए गये एमओयू की अवधि समाप्त हो जाने की वजह से कैंसर पीड़ित मरीजों का इलाज लटक गया है। बताया गया कि नए सिरे से एमओयू के बाद ही आर्थिक सहायता राशि निर्गत की जा सकती है।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्गदर्शन में ओबर गांव में ऑजोला दिवस कार्यक्रम आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नावागढ़ पंचायत के ओबर गांव में रविवार को ऑजोला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के मार्गदर्शन में ग्राम वासियों ने किया। इसके पूर्व ग्रामीण महिला-पुरूषों ने मिलकर गांव की सामूहिक सफाई की। किसान ऑजोला का प्रयोग खेतों के अलावा हरा चरा के रूप में भी करने लगे हैं। विदित हो कि पूरे नवागढ़ पंचायत को आदर्श पंचायत के साथ-साथ जैविक पंचायत के रूप में भी विकसित करना है। इसके लिए रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब का कार्य किया जा रहा है। रामकृष्ण मिशन आश्रम इस सप्ताह को विकास सप्ताह के रूप में मना रहा है। इसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के प्रतिनिधि चिरंजीवी मंडल, विजय उरांव, राजेन्द्र महतो, ग्राम प्रधान बालिया बेदिया, मनेश्वर बेदिया, युगल किशोर बेदिया, बालकराम बेदिया, महाबीर बेदिया, श्यामसुन्दर बेदिया, संदीप बेदिया, कैलाश बेदिया, दीपक बेदिया, नकुल बेदिया, रोहिना बेदिया आदि के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगड़ी में इफको कंपनी ने किया किसान सभा का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के साहेर लैम्पस के कतरपा में इफको कंपनी के द्वारा किसान सभा का आयोजन किया गया। किसान सभा की अध्यक्षता साहेर लैम्पस के अध्यक्ष समाजसेवी बुधाराम मुंडा ने की। किसान सभा में उपस्थित इफको के राज्य विपणन प्रबंधक यूके सिन्हा और कंपनी के प्रतिनिधि चंदन कुमार के द्वारा किसानों को खेत में यूरिया और डीएपी का कितना मात्रा देना है और इसके अलावे कम खर्च में कैसे अधिक पैदावार हो इस विषय पर जानकारी दी गई। मौके पर साहेर मुखिया परदेशिया उरांव, विजय कुमार महतो, बजरंग महतो, सोमा मुंडा, अनिल मुंडा, भगडू मुंडा, मोहन महतो, संजय महतो सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## चान्हो में दुर्घटना में युवक घायल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना क्षेत्र के करकट मोड़ के निकट एनएच 75 पर रविवार की शाम लगभग 7:30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार निखिल कुमार साहू (19) वर्ष करकट निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार निखिल अपनी साइकिल से बीजूपाड़ा से घर लौट रहे थे इसी क्रम में करकट मोड़ के निकट एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे वे घायल हो गए।

## बेड़ो में पत्रकार की माता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार केदार महतो की माता 75 वर्षीय मोटरिया देवी का रविवार की अपराह्न लगभग साढ़े बारह बजे दिन में बेड़ो स्थित निवास स्थान में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत अपने पीछे दो पुत्र केदार महतो व देवेन्द्र महतो सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गयीं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को पाकलमेड़ी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां उनके बड़े बेटे केदार महतो ने मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व निदेशक स्वास्थ्य प्रमुख डा. प्रवीण चंद्र, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, आजसू नेता नवदीप महतो, केश्वर महतो, जोगेन्द्र महतो, मनोज महतो, प्रवीण महतो, सुरेन्द्र महतो, महावीर महतो, सुरेश महतो, सुशील भगत, रंजीत महतो, नंद लाल महतो,पीताम्बर महतो, पंकज महतो,जयंत लाल खन्ना व अमर खन्ना आदि शामिल थे।

**कार्यक्रम :** स्व. राजीव गांधी की जयंती पर झारखंड युवा कांग्रेस ने किया संगोष्ठी का आयोजन

# राजीव गांधी का राजनीतिक दर्शन विराट था : राजेश ठाकुर

**राजीव गांधी कार्यकाल में युवाओं को राजनीति में ऊंचाई पर पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ : राजेश कच्छप**




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम प्रखंड के कुटियातू पंचायत स्थित अदन वाटिका परिसर में रविवार को झारखंड युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता रांची ग्रामीण युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ मुंडा एवं शिशु कुजूर व मंच संचालन रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस प्रभारी देव शर्मा ने किया। संगोष्ठी में राजीव गांधी की जीवनी पर कांग्रेसियों ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी ऐसे कर्मयोगी थे, जिनकी जीवन यात्रा में सहजता, संघर्ष और ढेर सारी उपलब्धियां रही हैं। उनका राजनीतिक दर्शन विराट था। कहा कि जब प्रधानमंत्री राजीव गांधी आधुनिकरण की ओर अपने कदम बढ़ाते हुये देश में कंप्यूटर लाने का दृढ़ निश्चय किया, उस वक्त जो लोग आज कंप्यूटर और मोबाइल का प्रयोग से सत्ता में भोग रहे हैं, वे सभी इस विकास यात्रा पर विधवा विलाप कर रहे थे। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। उनके कार्यकाल में युवाओं को राजनीति में ऊंचाई पर पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ। देश के विकास के लिये उनके विजन ने देश को सूचना प्रौद्योगिकी, तकनीकी, कंप्यूटर के क्षेत्र में विश्व पटल पर स्थापित करने की दिशा में सफलता पायी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि देश के सातवें और भारतीय इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को भारत में कंप्यूटर क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ कंप्यूटर को भारत के घरों तक पहुंचाने का काम किया बल्कि भारत में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को आगे ले जाने में भी अहम भूमिका निभायी। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन, मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष रविंद्र सिंह, विधायक राजेश कच्छप, प्रदेश के कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सनी, रांची ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रोफेसर विश्वनाथ मुंडा, डॉ एलिस, सुरेश सिंह, अमरनाथ मुंडा, संजीव रंजन, फहद खान, देव शर्मा,परमिंदर मिश्रा, रिशु कुजूर, अख्तर, विक्की ठाकुर, अवलीन सुरेंद्र,अमित खालखो के साथ युवा कांग्रेस के जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूलों में जलवायु लचीलापन वॉश सुविधाओं पर कार्यशाला

**वर्ल्ड विजन इंडिया ने परियोजना के उद्देश्य एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** यूनिसेफ समर्थित वर्ल्ड विजन इंडिया के तत्वावधान में शनिवार को बालकृष्ण प्लस टू उवि में 'स्कूलों में जलवायु लचीलापन वॉश सुविधाओं' पर एक दिवसीय जिला स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ल्ड विजन इंडिया वॉश यूनिसेफ प्रोजेक्ट के परियोजना अधिकारी आशीष तमांग ने परियोजना के उद्देश्य एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। वर्ल्ड विजन इंडिया के जिला समन्वयक अजीत कुमार सिंह ने कार्यशाला का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में रांची जिले के 15 प्रखण्डों के बीआरपी, सीआरपी और एसएस ने भाग लिया। उन्मुखीकरण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को वॉश एसवीपी के बारे में जागरूक करना था। वहीं उन्हें स्कूलों में वॉश के महत्व तथा स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार (एसवीपी), एसवीपी के उद्देश्य, एसवीपी के लिए मापदण्ड आदि की अनिवार्यताओं के बारे में विस्तार से बताया गया। स्कूलों की स्टार रेटिंग (1 स्टार से 5 स्टार) के लिए विभिन्न मापदण्डों पर भी इस सत्र में अवगत कराया गया। प्रतिभागियों को स्कूलों में जलवायु लचीले वॉश पर चेकलिस्ट के 59 संकेतकों के बारे में जानकारी दी गई। बाद में जलवायु लचीले और वॉश अनुरूप स्कूलों की आवश्यकताओं पर समूह गतिविधि की गई। समूह गतिविधि के विषय, जल, स्वच्छता, शौचालय, स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन थे। गतिविधि के बाद समूहों के प्रतिनिधियों ने आपस में चर्चा किए गये बिंदु प्रस्तुत किए। कार्यशाला में प्रतिभागी सक्रिय रूप में शामिल थे। शिक्षण को इंटरैक्टिव बनाने के लिए जल पर वीडियो और बाल संसद पर केस स्टडी प्रदर्शित की गई। कार्यशाला में वर्ल्ड विजन इंडिया वॉश यूनिसेफ प्रोजेक्ट रांची के विजय, परमेश्वर, श्रीमती सरिता, श्रीमती शांति आदि मौजूद थे।

# रातू चट्टी में सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई

**अड्डेबाजी करने वाले होटलों, झुग्गी झोपड़ी व गुमटियों पर चला बुलडोजर**

**काठीटांड़ चौक भी होगा अतिक्रमण मुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के नियंत्रण को लेकर हेडक्वार्टर टू के डीएसपी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में रविवार को जमीन दलालों एवं अवैध तरीके से अतिक्रमण कर आपराधिक छवि वाले लोगों के अड्डाबाजी करा रहे होटलों ,झुग्गी-झोपड़ी व घुंटीयो के विरुद्ध कार्रवाई की गई । अवैध तरिके से संचालित सभी होटलों एवं गुंटीयो को बुलडोजर चला कर हटा दिया गया । कई दिनों से चल रहे इस अभियान में थाना क्षेत्र के रातु हाई स्कूल मैदान से चट्टी तक सड़क किनारे संचालित सभी दुकानों में कार्रवाई करते हुऐ डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। इसके अलावा कई दुकानदारों को स्वयं हटाने का निर्देश भी दिया। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि ज्यादातर आपराधिक घटनाएं जमीन विवाद या फिर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के साथ ही घट रही है । ऐसे में अंचल कार्यालय व स्थानीय थाना के गतिविधियों पर भी पूरी निगरानी रखी जाएगी । अंचल कार्यालय एवं थाना परिसर में नाजायज तरीके से मजमा लगाने वाले जमीन कारोबारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी । डीएसपी प्रवीण सिंह ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जायेगा। दुकानदारों के द्वारा दुबारा दुकान लगाने पर सामान को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई भी किया जायेगा। अभियान में डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, एसआई अमरनाथ सोनी, विष्णु कुमार, सुधीर कुमार सहित दर्जनों पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**बैठक :** विश्व आदिवासी अधिकार दिवस को लेकर जोन्हा में बैठक में लिया गया निर्णय

# 13 सितंबर को जोन्हा में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**13 सितंबर को जोन्हा में रांची जिले के तमाम आदिवासी संगठनों का होगा महाजुटान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** विश्व आदिवासी अधिकार दिवस मनाने को लेकर रविवार को जोन्हा में जगरनाथ शाही की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी 13 सितंबर को जोन्हा में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी अधिकार दिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि इस कार्यक्रम में जिले भर के तमाम आदिवासी संगठनों को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं इस अवसर पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन होगा जिसमें वक्ता के रूप में समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, रिटायर आइएएस, आइपीएस एवं अगुवागण आदिवासियों की वर्तमान दशा और दिशा पर अपना विचार रखेंगे। बैठक में प्रस्ताव पारित कर सिल्ली विधानसभा अंर्तगत अनगड़ा प्रखण्ड के पांच पंचायतों को इस कार्यक्रम से जोड़ने, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक संचालन समिति का गठन करने, विश्व आदिवासी अधिकार दिवस के अवसर पर बचत खाता खोलने, आदिवासी महिला समितियों का इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने आदि निर्णय लिए गये। कार्यक्रम का संचालन राजू उरांव ने किया। मौके पर मुखिया कृष्णा मुण्डा, राजू उरांव, बीरू उरांव, बिरसा उरांव, बिरसा तिर्की, विनोद उरांव, अजय तिर्की, संजय मुण्डा, ग्रामप्रधान विषम शाही मुण्डा, जगरनाथ शाही, बसंत मुण्डा, विशु उरांव, सोमरा उरांव, रमेश बेदिया, भगत सिंह भोगता, राजेन्द्र उरांव मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कांके प्रखंड कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनायी



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के बैनर तले कांके स्थित सुरेश बैठा के आवासीय कार्यालय में स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती मनायी गयी। मौके पर कांग्रेस नेता और कार्यकताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी आधुनिक भारत के जनक थे। कंप्यूटर क्रांति की तरह दूरसंचार क्रांति का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। संपूर्ण भारत में राजीव गांधी ने पंचायती राज कानून लागू करने का कार्य किया। उन्होंने पिछड़ों, दलित व महिलाओं को आरक्षण लागू करने, ग्राम में प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निकाय पालिका में चुन के आने का अधिकार दिया। युवाओं को 18 वर्ष में मतदान देने का काम भी उन्होंने किया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष संजू देवी, रीता चौधरी, अशोक महतो, शालिग्राम महतो, मुस्ताक आलम, अफजल अंसारी, मनीष महतो, लाला महली, सुनील सिंह, रतिलाल महली, मेराज, मंटू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### नगड़ी प्रखंड कांग्रेस ने स्व. राजीव गांधी की जयंती सह श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के सपारोम पंचायत भवन में नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा रविवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने आपस में मिठाई खिलाकर और मिठाई बांट कर एक-दूसरे को बधाई दी। इधर नगड़ी कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेसियों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर नगड़ी आर्ची हॉस्पिटल में भर्ती दर्जनों रोगियों के बीच फल वितरण किया। जयंती समारोह में नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहाबीर लोहरा, मंडल अध्यक्ष अख्तर अंसारी, कांग्रेस अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष विश्वा तिर्की, युवा कार्यकारी अध्यक्ष शकील अंसारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष उषा देवी, जतरी देवी, निरुपमा तिग्गा, गंगिया तिग्गा, अनीता तिग्गा, महासचिव महावीर नायक, मास्टर शाहिद अंसारी, विलियम लकड़ा, स्टीफन होरो, सरोज खलखो, महादेव अजीत तिर्की, राहुल तिग्गा, लक्ष्मी देवी, सुनीता टोप्पो, रीमन तिर्की, जेवियर लकड़ा, अल्बर्ट लकड़ा और अन्य लोगों ने स्व. राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाकर सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन ने टाटीसिलवे थाना को ट्रैफिक बैरिकेड एवं छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन की तरफ से रविवार को टाटीसिलवे थाना को 10 ट्रैफिक बैरिकेड एवं 2 स्कूली छात्राओं पुजा कुमारी एवं स्नेहा कुमारी को छात्रवृत्ति के तौर पर प्रोत्साहन राशि सौंपी गयी। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र करमाली ने बैरिकेड रिसीव किया। छात्राओं को श्री करमाली एवं फाउंडेशन के अधिकारियों ने राशि दी। मौके पर उमेश कांत, डिविजनल मैनेजर कुटुम्ब राव, एरिया मैनेजर महेश्वर महतो, मधु कच्छप, समीर अंसारी, सुमित्रा कुमारी, लम्बोदर आदि उपस्थित थे।

### बुढ़मू के साल्हन गांव में सूर्या फाउंडेशन ने ग्रामीणों के बीच पौधों का किया वितरण



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** सूर्या फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को सालहन गांव में ग्रामीणों के बीच फलदार एवं छायादार पौधे का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पेड़ का वितरण किया गया। मौके पर सालहन गांव के वार्ड सदस्य गीता देवी ,शिक्षक लगनलाल , सुधिर महतो ,संतोष महतो , अक्षय कुमार, राकेश कुमार महतो आदि लोग उपस्थित हुए। साथ ही लोगों के बीच पौधे का वितरण किया। मौके पर गांव के ग्रामीण महिला एवं पुरुष इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तथा संकल्प लिया कि हमलोग अपने गांव को हरा भरा बनाएंगे । साथ ही पेड़ पौधे को बचाने एवं पेड़ पौधे को लगाने का संकल्प लिया गया। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### बाबा अस्पताल रांची के सौजन्य से ओल्ड एज होम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**इटकी (आजाद सिपाही)।** बाबा अस्पताल रांची के सौजन्य से ओल्ड एज होम स्वर्णिम संध्या सेमरा में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तीन सौ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। सभी मरीजों की करीब एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच कर उन्हें दवा लिखी गई। चिकित्सा शिविर के पास ही अस्थाई दवा स्टोर भी बनाई गई थी जहां से मरीजों को निशुल्क दवा वितरण किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ आनंद मार्ग के बाबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व उनकी पूजा-अर्चना कर जांच प्रारंभ किया गया। शिविर में डॉक्टर करुणा शाहदेव, डॉ अंशुमन देव, डॉक्टर प्रेम कुमार, डॉ आनंद रंजन, डॉ एके ठाकुर, डॉक्टर पीके मिश्रा, डॉ तुषार आर्य, डॉ प्रिया भारती, डॉ सुशील कुमार, डॉ रवि कोचेला, डॉक्टर प्रकाश कुमार,डॉ अजय कुमार, डॉ आशुतोष चरण, डॉक्टर पूजा आर्या द्वारा मरीजों की जांच की गयी। शिविर को सफल बनाने में आनंद मार्ग के सत्याश्रय अवधूत, अरुण दादा, गायत्री दीदी, ज्ञान अंजननंद अवधूत, मुक्तेश्वर आनंद अवधूत, देवदोषानद आनंद अवधूत, आनंद मार्ग के अनुयायियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गांधी मैदान की देखरेख कर रहे लोगों को दिया धन्यवाद, पौधों के संरक्षण की कही बात

# केसरिया गुलमोहर अमृत महोत्सव का प्रतीक: अरुणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के ऐतिहासिक गांधी उद्यान में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने केसरिया गुलमोहर का पौधारोपण करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव जिसका अधिकारिक यात्रा 12 मार्च 2021 को शुरू हुई थी जो हमारे स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के साथ 15 अगस्त 2023 को समाप्त भी हो गई। आज इस ऐतिहासिक गांधी मैदान में हम शहर वासी 75 केसरिया गुलमोहर को लगाकर आजादी के अमृत महोत्सव का साक्षी बन रहे हैं, जो हम सबों के लिए गौरव की बात है। प्रथम महापौर ने गांधी उद्यान योग संस्थान को विशेष बधाई देते हुए कहा कि जैसे पलामू चेंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से राजा हरिश्चंद्र घाट की देखरेख किया जा रहा है उसी तरह योग संस्थान एवं यहां के वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, अमिताभ मिश्रा, ललन गुरुजी एवं साथियों द्वारा गांधी मैदान की व्यवस्था देखी जा रही है। जिसके चलते गांधी उद्यान की सर्वत्र चर्चा है। मैं सब को कोटि-कोटि बधाई देती हूं। इस अवसर पर लायंस क्लब की ओर से डायबिटीज के मरीजों की जांच एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। साथ ही अल्पाहार की व्यवस्था शहर के चर्चित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार राधे-राधे के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने उन सभी लोगों से अनुरोध किया, जिन्होंने पौधे लगाए हैं उन पौधों की देखरेख एक वर्ष तक करें, ताकि आजादी के अमृत महोत्सव में लगाए गए केसरिया पौधे गांधी उद्यान की खूबसूरती के साथ इतिहास बन सके। लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर ने प्रथम महापौर अरुण शंकर को केसरिया गुलमोहर पौधा बाहर से मंगा कर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया और अस्वस्थ किया की गांधी मैदान में लगाए गए सारे पौधे अगले वर्ष खिलखिलाते नजर आएंगे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, रूपेश कुमार, संजय पाठक, नवीन गुप्ता, समीर खन्ना, रजत कपूर, सत्य सिंह, अनवर, सुधीर अग्रवाल, रितेश कुमार एवं काफी संख्या में महिला-पुरुष थे।





गांधी मैदान में केसरिया गुलमोहर का पौधा रोपण के अवसर पर उपस्थित प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य। कार्यक्रम में शामिल हुई प्रथम महापौर।

# पलामू में 9 जगहों पर लो हाइट सबवे निर्माण की रेलवे बोर्ड से जल्द मिलेगी स्वीकृति : वीडी राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लालगढ़, पंजरीकला, डाली, कजरात नावाडीह, लहर बंजारी, बहेरा (पलामू जिला) एवं सोनपुरवा, अहिरपुरवा (गढ़वा जिला) में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने के लिए नई दिल्ली रेलवे बोर्ड को प्रस्तावित किया गया है। विदित है कि उपरोक्त स्थानों पर जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए पलामू सांसद की ओर से वर्ष 2014 से ही विभिन्न स्तरों पर पत्राचार, संसदीय मंडल स्तर की बैठकों, लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत उक्त मामले को उठाया गया था।



केंद्राय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से अवगत कराया था। साथ ही एलएचएस निर्माण कराने का अनुरोध किया था। सांसद के अनुरोध पर केंद्रीय रेल मंत्री ने वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने का निदेश रेलवे बोर्ड को दिया है। उम्मीद है कि बहुत जल्द उक्त स्थानों पर लो हाईट सबवे (एलएचएस) निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उपरोक्त स्थानों पर छल्टर निर्माण होने से जनता को आवागमन में हो रहीं कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी।

# पीडीएस डीलर की दो बेटियों ने एसएससी कांस्टेबल परीक्षा में पायी सफलता, हर्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के वार्ड नंबर आठ में रहने वाली दो सगी बहनों ने एसएससी जीडी कांस्टेबल की परीक्षा में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। शहर के कुर्मिटोला निवासी पीडीएस डीलर सूर्यनाथ पासवान और निवर्तमान वार्ड पार्षद उमरावती देवी की बेटी नेहा राज व प्रिया राज ने आइटीबीपी पद पर चयन होकर देश की सेवा करेंगी। बेटियों की सफलता की जानकारी देते हुए सूर्यनाथ पासवान ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षण काल से ही दोनों लक्ष्य के प्रति इमानदारी के साथ कार्य करती रही हैं। दोनों की एक साथ सफलता मेरे और परिवार के लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने बताया कि उनकी जिज्ञासा थी देश की सेवा करना। वहीं, नेहा व प्रिया ने कहा कि कड़ी मेहनत से सफलता निश्चित मिलती है। इसके लिए सतत परिश्रम की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से देश सेवा करने का अवसर मिलेगा। इनकी सफलता पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, जाकिर अली उर्फ राज अली, पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान, इजहार अंसारी, असगर खान, इम्तियाज आलम, निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, नजीर अहमद उर्फ मिथुन, सुहैल आलम, अखलेश यादव, उमा देवी, सुषमा देवी, ललिता देवी, सोनी देवी, सुदर्शन राम, शक्ति पासवान, दिनेश पासवान, संजीत कुमार, बिमलेश पासवान आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।



## दो दिवसीय शिविर में 162 मरीजों का हुआ नि:शुल्क उपचार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिश्रामपुर/पलामू।** सर्वेश्वरी समूह की ओर से दो दिवसीय निःशुल्क मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन विश्रामपुर शाखा परिसर में किया गया। शिविर में कुल 162 मरीजों की जांच की गई। इसके बाद उनका उपचार किया गया। मरीजों का उपचार वैद्य रणजीत सिंह उर्फ मुन्ना जी की ओर से किया गया। सर्वेश्वरी समूह की ओर से मरीजों के रहने और खाने की समूचित व्यवस्था भी की गई थी। शिविर के प्रबंधकों ने कहा कि किसी भी बीमारी को हल्के में ना लें। वर्तमान में तबीयत खराब होने पर चिकित्सकीय परामर्स जरूर लें। ताकि सही उपचार और मार्गदर्शन से किसी बड़ी मुसिबत से बचा जा सके। शिविर के माध्यम से जरूरत मंदों की मदद करना ही हमारा मकसद है। इससे पहले शिविर का उद्घाटन वैद्य रंजीति सिंह व शाखा मंत्री नागेन्द्र प्रसाद पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस मौके पर गजेंद्र बक्स राय, विश्वजीत बक्स राय, बबन बक्स राय, डॉ अनूप कुमार, गोपाल बक्स राय, बचान राम, डॉ नरेंद्र पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# मजदूरी करने के लिए कर्नाटक गए मृतक मजदूर के परिजनों से मिले सांसद, दिया मदद का आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम त्रेत्र के रेडमा झरना टोला के मनु ठाकुर की मौत कर्नाटक में कुछ दिनों पूर्व हो गयी थी। शंकर ठाकुर का पुत्र मनु ठाकुर कर्नाटक में काम करने गया था। इसकी सूचना मिलने के बाद पलामू सांसद विष्णु दयाल राम मृतक मजदूर के परिजनों से मिलने रेडमा झरना टोला पहुंचे। परिजनों की बात सुनी और झांझस बंधाया। मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। सांसद ने कहा कि पलायन आज बहुत बड़ी समस्या है। इसे रोकने के लिये केंद्र की मोदी सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। पर जानकारी के अभाव में बहुत लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। सांसद ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमें प्रशिक्षण लेकर युवा घर में ही काम कर पैसे कमा सकते हैं। सांसद ने कहा कि जो मजदूर बाहर मजदूरी करने जाते हैं और किसी कारणवश उनकी मृत्यु हो जाती है तो पोस्टमार्टम जरूर कराएं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही कोई सरकारी मदद की जा सकती है। रिपोर्ट नहीं रहने से सरकारी प्रावधानों के अनुसार मदद दिलाना काफी मुश्किल है। इस अवसर पर सांसद के साथ सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, प्रथम वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, अवधेश तिवारी, जितेंद्र दूबे, प्रमोद ठाकुर और सौरभ तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।



# शहीद अमित तिवारी हैं विप्र परिवार के शहादत इतिहास का प्रमाण : युवा वाहिनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निवासी शहीद अमित तिवारी ने पलामू का नाम रौशन किया है। विप्र परिवार की शहादत का गौरवशाली इतिहास का शहीद अमित तिवारी जीवंत प्रमाण बन गये। यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी का। मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की ओर से रविवार को आयोजित शोक सभा में युवा वाहिनी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शहीद की आत्मा के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने कहा कि विप्र परिवार में अमित तिवारी का समाजिक एवं व्यवहारिक सक्रियता समाज सुधारक रहा है। शहीद अमित का युवाओं को जगाना, गांव का विकास करना, धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव अनुकरणीय है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि तोलरा निवासी अमित तिवारी की शहादत झारखंड सरकार के लिए एक सबक है। सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला कर उन्हें समाप्त करना ही अमित तिवारी की सच्चा श्रद्धांजलि है। शोक सभा में युवा वाहिनी के सदस्यों ने भरोसा दिया कि युवा वाहिनी परिवार सदैव शहीद परिवार के साथ खड़ी रहेगी। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, नवीन तिवारी, कृष्णकांत चौबे, सत्यकेतु संजय, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, लल्लू पाण्डेय, प्रवक्ता रवि शर्मा, पिंकू तिवारी, अमित तिवारी, आशीष अदंभ, गोरख पाठक, प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन तिवारी, उपाध्यक्ष संजीत तिवारी, भास्कर दूबे, जिला प्रभारी रिंकू तिवारी, संजय मिश्रा, पलामू जिलाध्यक्ष विकास दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, राकेश तिवारी लड्डू, राधेश्याम तिवारी, पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, अमिताभ मिश्रा, रमेश शुक्ला, बिकेश शुक्ला, अजय शुक्ला, ओम तिवारी, छोटू त्रिपाठी आदि थे।



# नगर अध्यक्ष ने किया न्यूरोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के बक्शी उच्च विद्यालय के समीप पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम के आवास परिसर में रविवार को वेलनेस न्यूरोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्ञान विज्ञान के साथ ही पौराणिक पद्धति भी काफी मददगार साबित हो रही है। इस तरह का केंद्र खुलने से गरीब असहाय लोगों को कम खर्च में चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। वहीं, सेंटर संचालक ने बताया कि वैज्ञानिक युग में न्यूरोथेरेपी एक ऐसी पद्यति का नाम है जो बिना दवा के रोगियों को स्वास्थ्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाने के साथ ही उनके लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया कि हमारे सेंटर पर घुटना, कमर दर्द, साइटिका, कंधा सर्वाइकल से ग्रसित रोगियों का इलाज किया जाता है। इस मौके पर इश्वरी सिंह, मथुरा सिंह, विरेंद्र सिह, अंकित कुमार, अनु प्रिया, प्रमिला सिंह, शांति देवी, सुनिता देवी, राजकुमार राज, उदय कुमार, संजय कुमार और रामराज राम आदि मौजूद थे।



## स्पोर्ट्स




स्पेन ने पहली बार विमेंस फीफा वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया। मैच का इकलौता गोल 29वें मिनट में स्पेन की ओल्गा कामोर्ना ने किया है। 2011 में जापान ने वर्ल्ड कप जीता था।

### चैंपियन : ओल्गा कामोर्ना ने 29वें मिनट में किया गोल, 2011 में जापान ने जीता था वर्ल्डकप

# इंग्लैंड को 1-0 से हराकर स्पेन पहली बार जीता विमेंस फीफा वर्ल्ड कप का खिताब

**एजेंसी**

**सिडनी।** स्पेन ने पहली बार विमेंस फीफा वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल में स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया। मैच का इकलौता गोल 29वें मिनट में स्पेन की ओल्गा कामोर्ना ने किया। इसके साथ ही 2011 के बाद पहली बार फीफा को विमेंस फुटबॉल में नया चैंपियन मिला है। 2011 में जापान ने वर्ल्ड कप जीता था। यह जापान का पहला खिताब था।




## स्पेन मेंस-विमेंस टाइटल जीतने वाला दूसरा देश

स्पेन मेंस और विमेंस दोनों का फुटबॉल वर्ल्ड कप जीतने वाला दूसरा देश बन गया है। जर्मनी दोनों कैटेगरी में खिताब जीतने वाला पहला देश है। विमेंस वर्ल्ड कप की शुरूआत 1991 में हुई थी। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा खिताब अमेरिका ने (4 बार) जीते हैं।

## स्पेन ने किया डॉमिनेट

इंग्लैंड ने पहले हाफ में चांस बनाए, लेकिन स्पेन ने दूसरे हाफ में पूरी तरह डॉमिनेट किया। मैच में स्पेन ने 58 फीसदी समय बॉल अपने कब्जे में रखी। वहीं, गोल की ओर 13 शॉट मारे। इंग्लैंड ने गोल की ओर 8 शॉट मारे और 42 फीसदी बॉल पजेशन रखा। वहीं, दूसरे हाफ में स्पेन अपनी बढ़त को बरकरार करने में सफल रहा। 70वें मिनट में स्पेन को पेनल्टी से गोल करने का चांस मिला। हालांकि इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने स्पेन की खिलाड़ी जेनिफर हमोसी की पेनल्टी बचाकर स्कोर 1-0 पर बनाए रखा। दूसरी ओर, इंग्लैंड ने गेम में 16 फाउल किए। जबकि, स्पेन ने सिर्फ 9 फाउल ही किए। इंग्लैंड की हार का एक बड़ा कारण पासिंग रहा। इंग्लैंड ने पूरे गेम में 362 पास किए, टीम का सक्सेस रेट 72 फीसदी रहा। जबकि, स्पेन ने 486 पास किए और 81 फीसदी सफलता हासिल की। स्पेन आमतौर पर पासिंग की फिलॉसोफी को ही अपनाता है।

## इस सीजन में स्पेन सिर्फ एक मैच ही हारा

वर्ल्ड नंबर-6 स्पेन ने इस सीजन में सिर्फ एक मुकाबला गंवाया। वह ग्रुप-सी के टेबल टॉपर जापान से हारकर दूसरे स्थान पर रहा था। स्पेन ने अपने शुरूआती 2 ग्रुप मैचों में कोस्टा रिका और जाम्बिया को हराया। नॉकआउट स्टेज में स्पेन ने पहले स्विट्जरलैंड को हराया और फिर क्वार्टर फाइनल में एक्स्ट्रा टाइम में नीदरलैंड को 2-1 से हराया। सेमीफाइनल में स्पेन ने स्वीडन पर कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की और फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल से पहले तक स्पेन ने 17 गोल किए थे, जिसमें एताना बोनमाती, जेनिफर हमोसी और एल्बा रेडोंडो ने तीन-तीन गोल का योगदान दिया। वहीं टीम ने 7 गोल खाए।

# एशियाड की हॉकी टीम में कई अनफिट खिलाड़ी: रानी रामपाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज हॉकी महिला खिलाड़ी रानी रामपाल ने दावा किया है कि एशियाई खेलों के लिए चुनी गई टीम में कई अनफिट खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही माना कि वह रिटायर होने के मूड में नहीं हैं। हॉकी इंडिया की ओर से जारी संभावित टीम में रानी हांगझोऊ जाने वाली टीम का हिस्सा नहीं हैं जबकि वह टोक्यो ओलंपिक के बाद लगी चोट से वापसी कर चुकी हैं। टोक्यो ओलंपिक में रानी की अगुआई में भारतीय महिला टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रीय खेलों में खेली। मैं शीर्ष स्कोरर रही लेकिन फिर भी मेरे नाम पर विचार नहीं किया गया। इसलिये प्रदर्शन को लेकर कोई मुद्दा नहीं था। मैं जानती हूं कि मैं एशियाई खेलों की टीम में नहीं हूं, टीम में काफी खिलाड़ी हैं जो अनफिट हैं और मैं उनके नाम नहीं लेना चाहती लेकिन फिर भी वे एशियाई खेलों के लिए जा रही हैं। ठीक है, यह कोच की पंसद है लेकिन हॉकी ने मुझे जिंदगी में काफी कुछ दिया है।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## वार्ता के लिए पहुंचे बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों को रैयतों ने बैरंग लौटाया



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी कोलियरी और राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन धरना दे रहे रैयतों से रविवार को वार्ता करने के लिए धरना स्थल पर पुलिस के साथ पहुंचा, पर रैयतों ने उन्हें यह कहते हुए वार्ता से इनकार कर दिया कि पहले उनलोगों को पत्र दिया जाए। जब तक पत्र नहीं मिल जाता तब तक वार्ता नहीं करेंगे। रैयत सुगिया देवी ने कहा कि कोलियरी अधिकारियों ने उनलोगों को जमीन का डीड दिखाते हुए कहा कि उनके पुर्वजों ने जमीन बेच दी है। इस लिए धरना स्थल को खाली करें। रैयतों ने कहा कि उन लोगों के तालाब में जो ओबी डंप किया गया है वह हटा लिया जाए तो सभी हट जायेंगे। पिछले 19 दिनों से तालाब से ओबी हटाने की मांग को लेकर रैयतों द्वारा धरना दिया जा रहा है, तभी से धरना के कारण राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी का काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। वार्ता के लिए कोलियरी के पीओ अनिल सिंह प्रबंधक गोपालजी, आउटसोर्सिंग कंपनी के आदित्य सिंह, अंकित सिंह और सुनील सिंह, सुगिया देवी, तारणी देवी, द्रोपदी देवी, टुसिया महताइन, कौशल्या देवी, अनिता देवी, तारा देवी और गीता देवी आदि मौजूद थीं।

## बैठक में 21 सितंबर को करम महोत्सव मनाने का निर्णय




**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी पंचायत में करम महोत्सव मनाने को लेकर ग्रामीणों ने पिछरी उत्तरी पंचायत सचिवालय में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता भरत महतो ने की। उन्होंने कहा कि झारखंड के संस्कृति के पर्व को कैसे बचाया जाए और करम पर्व मनाने के लिए लोगों को रूबरू कैसे किया जाए, इसे लेकर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि यह बताया जाएगा कि करम महोत्सव जिस प्रकार पीछे छूटते जा रहा है। इसे लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से 21 सितंबर दिन को करम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान करम वर्तियो व मंडलियों की ओर से संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर भरत महतो, विनोद साव, विनोद केवट, मुकुंद सिंह, अजय साव, अरुण कुमार, चिंटू साव, टेकलाल महतो, भद्र कुमार, धनेश्वर कुमार और गौतम साव आदि उपस्थित थे।

## धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से निकाली गयी विशाल कांवर यात्रा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में रविवार को विशाल कांवर यात्रा निकाली गयी। कांवर यात्रा सुबह 7 बजे खड़ेश्वरी मंदिर से शुरू हुई और भुईफोड़ मंदिर में समाप्त हुई। यात्रा 151 कांवड़ के सामूहिक पूजन एवं संकल्प के साथ आरंभ हुई। यात्रा में लगभग 300 श्रद्धालू शामिल थे जो नाचते गाते ढोल नगाड़ा, डीजे एवं भजनों का आनंद लेते शिव भक्ति में मग्न होकर भुईफोड़ मंदिर पहुंच जलाभिषेक किया। इसके बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कांवर यात्रा में कृष्णा अग्रवाल, ललित झुनझुनवाला, अशोक केडिया, दीपक लाडिया, दीपक अग्रवाल, मिठू सरिया, अमित अग्रवाल, दीपक रुइया, संजय गोयल, अनिल खेमका, राम बिलास गोयल, अरविंद सतनालिका, राकेश हेलिवाल, जितेंद्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल, दिलीप गोयल, संजय सिंघानिया, विकाश अग्रवाल विक्की, विनय अग्रवाल, आशिस जैन, कृष्णा खंडेलवाल, नितिन भट्ट, विकाश अग्रवाल, शुभम मित्तल, गोविंद जी, संजीव अग्रवाल, राजन सिन्हा, अनूप अग्रवाल, संजीव रंजन, पवन अग्रवाल, ललित कटेसरिया, संजय केजरीवाल, सरोज अग्रवाल, रश्मि भट्ट, सरिता जैन व अंजलि कुमारी आदि शामिल थे।

## स्व. विजय सिंह-प्रमोद सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट पर दशरथ मांझी क्लब ने जमाया कब्जा



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** आजाद क्लब बांसजोड़ा बाजार की ओर से आयोजित स्व विजय सिंह व स्व प्रमोद सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का फाईनल मैच रविवार को बांसजोड़ा यज्ञ मंडप मैदान में खेला गया। रोमांचक मैच में दशरथ मांझी क्लब रानीगंज ने ट्राईबेकर में मदनाडीह स्पोर्टस क्लब मदनाडीह को 3-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। खेल के प्रथम हॉफ के 7वें मिनट में मदनाडीह स्पोर्टस क्लब के आदित्य ने शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी। वही मध्यांतर के बाद के खेल में दशरथ मांझी क्लब के क्रांति कुमार ने बेहतरीन खेल देखाते हुए खेल के अंतिम क्षण मे शानदार गोल दाग कर मैच को बराबरी पर ला दिया। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा नेत्री रागिनी सिंह विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, उपविजेता को सिजुआ एरिया पांच के एजीएम संजय सिंह ने पुरस्कार दिया। रागिनी सिंह ने कहा कि खेल ही एक ऐसा साधन है जिसमे शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकाश होता है। खेलों के माध्यम से युवाओं में उर्जा का संचार होता है। खेल में हार जीत लगा रहता है। प्रयास करते रहना चाहिए। वहीं, टूर्नामेंट को सफल बनाने में रामाशंकर महतो, शंकर तुरी, आशिष चौहान, शंकर प्रमाणिक, विजय महतो, कृष्णा तुरी, बबलू अंसारी, रोहन रवानी, धर्मेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर विशाल वर्णवाल, सत्येन्द्र केवट, रमेश पासवान, शिव चौहान, अरूण सिंह और राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

**दहशत :** बम और गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया धर्माबांध ओपी का तेतुलिया क्षेत्र

# कोयला तस्करों ने पुलिस के सामने ही ग्रामीणों पर बरसायीं गोलियां, 6 घायल

**आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया थाना का घेराव**

आजाद सिपाही संवाददाता







**महुदा।** बीसीसीएल के एरिया 3 अंतर्गत सोनारडीह ओपी का तेतुलिया इलाका रविवार को बम और गोली की तड़तड़ाहटों से थर्रा उठा। ग्रामीणों की शिकायत पर धर्माबांध ओपी और सोनारडीह ओपी प्रभारी ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन स्थल देखने पहुंचे थे। जैसे ही वे लोग अवैध खनन स्थल के समीप पहुंचे कोयला तस्करों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। तस्कर यहीं नहीं रुके और बमों से भी हमला किया। गोली और बम चलता देख अफरा-तफरी मच गयी। सभी अपनी-अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना में धर्माबांद ओपी निवासी संजय महतो, भावेश महतो, सुनील महतो, राधेश्याम महतो, दीपक महतो और योगेंद्र महतो आदि ग्रामीण घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल दीपक महतो को इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। उधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में धर्माबांध ओपी का घेराव कर दिया और हमलावरों की गिरफ्तार की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक ओपी का घेराव जारी था। वहीं ओपी घेराव में शामिल संगीता देवी नामक महिला ने बताया कि ग्रामीणों पर रोहित यादव नामक कोयला तस्कर ने फायरिंग की है। इस दौरान पुलिस भी उनके साथ थी। पर पुलिस मूकदर्शक बनी हाथ पर हाथ धरे सिर्फ तमाशा देखती रही। पुलिस ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप लगाया कि पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है इसी कारण उनका मनोबल इतना बढ़ गया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि सोनारडीह ओपी प्रभारी द्वारा गोलीबारी मामले में दो फर्जी लोगों को पकड़ कर लाया गया था। ग्रामीणों ने इसका विरोध और हंगामा किया तो दोनों को वापस ले जाया गया।

### गोलीबारी की घटना का वीडियो हुआ वायरल, इंस्पेक्टर ने कहा- नहीं हुई फायरिंग

**घटना के बाद क्षेत्र में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें लोग इधर-उधर भागते दिख रहे हैं। वीडियो के बीच में गोली चलने की भी आवाज आ रही है। हालांकि इस वीडियो की आजाद सिपाही पुष्टि नहीं करता है। दूसरी ओर इंस्पेक्टर अलविनूरा इंदवार ने गोलीबारी की घटना से इनकार करते हुए कहा कि तेतुलिया व धर्माबांध के दो गुटों में मारपीट की घटना हुई है। उन्होंने इतना कहा कि दो गुटों में झगड़ा हुआ है। दोनों तरफ से आवेदन मिला है, जांच के बाद कार्रवाई किया जायेगा।**

### यह है पूरा मामला

गोलीबारी में घायल संजय महतो ने बताया कि शनिवार की रात हमारे गांव के दो युवक मनसा पूजा का प्रसाद खा कर वापस लौट रहे थे। तभी तस्करों द्वारा सड़क पर अवैध कोयला लदा ट्रक खड़ा कर रखा गया था जिससे उन दो युवकों को चोट लग गयी। इसके बाद युवकों ने तस्करों से बीच रास्ते से ट्रक को हटाने को कहा तो तस्करों ने दोनों की बुरी तरह पिटाई कर दी। रविवार को गांव के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की। जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों से अवैध खनन स्थल दिखाने को कहा। इसके बाद सभी ग्रामीण धर्माबांध ओपी प्रभारी रोहित कुमार सिंह व सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी सहित पुलिस के जवानों संग अवैध खनन स्थल की ओर जा रहे थे। जैसे ही तेतुलिया रेलवे फाटक पहुंचे थे, तभी कोयला तस्करों के सरगना रोहित यादव के इशारे पर पप्पू दूबे, रुनिय यादव, दीपू यादव, विक्रांत यादव, सूरज कुमार, राहुल यादव सहित दर्जनों कोयला तस्कर धर्माबांध ओपी और सोनारडीह ओपी पुलिस की मौजूदगी में फायरिंग करना शुरू कर दिये। संजय ने बताया कि उन्हें माथे व हाथ पर गंभीर चोट लगी है। संजय ने पुलिस पर अपराधियों को संरक्षण देने व ग्रामीणों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। साथ ही दोनों ओपी प्रभारियों को बर्खास्त करने की मांग की है।

### ग्रामीणों के स्वाभिमान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जलेश्वर

**वहीं घटना की सूचना पाकर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के स्वाभिमान से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की मौजूदगी में ऐसी घटना होना गंभीर बात है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में धनबाद एसएसपी से उनकी बात हुई है। एसएसपी से उन्होंने घटना में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जो भी अवैध काम चल रहा है उसे भी बंद कराने की मांग की है।**

## स्व. राजीव गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व से सभी को प्रेरणा लेने की है जरूरत : राशिद

**स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती पर कोयलांचल में कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही टीम



**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आधुनिक भारत के निर्माता, भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 79वीं जयंती मनायी गयी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने की। कांग्रेसियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर नमन किया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। मौके पर बीके सिंह, इरफान खान चौधरी, अफजल खान, पप्पू तिवारी, पप्पू पासवान, गोपाल कृष्ण चौधरी, सूरजकांत मिश्रा, कामता पासवान आदि थे।

**प्रदेश महासचिव ने आवासीय कार्यालय में मनाया पूर्व पीएम की जयंती :** टेंपल रोड स्थित कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रविंद्र वर्मा के आवासीय कार्यालय में स्वर्गीय राजीव गांधी की 79वीं जयंती मनाई गई। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश्वर सिंह यादव, योगेंद्र सिंह योगी, अशोक साव, संदीप कुमार कक्कू, जितेंद्र प्रसाद सहित कई कांग्रेसियों ने स्व राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**लोयाबाद में मना स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती :** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79वीं जयंती रविवार को लोयाबाद में मनाया गया। लोयाबाद दुर्गामंदिर स्थित कांग्रेस के जिला महामंत्री सह राकोमयू के संयुक्त महामंत्री रवि चौबे के आवासीय कार्यालय पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रवि चौबे ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। देश में संचार क्रांति से लेकर विकास का जो सपना राजीव गांधी ने देखा था वही आज वास्तव बनकर दिखने लगा है। इस मौके पर जिला सचिव चांद खान, हकीम खान, केके पांडे, अजय कुमार यादव, विश्वनाथ महतो, गुड्डू मिश्रा और रामराज राजभर आदि मौजूद थे।

## यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स से रजत पदक लेकर लौटी आशा का बोकारो डीसी ने किया स्वागत



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)। आशा किरण बारला स्पेन के त्रिवागों में आयोजित यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीत कर 15 अगस्त की देर शाम बोकारो थर्मल वापस लौटी थी। उस दिन डीसी कुलदीप कुमार चौधरी अपनी व्यस्तता के कारण उपस्थित नहीं हो पाए थे। इस कारण रविवार को अपने आवास में आशा किरण बारला और कोच आशु भाटिया को बुलाकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। भाटिया एथलेटिक्स अकादमी बोकारो थर्मल के अध्यक्ष विजय भाटिया, सचिव सह कोच आशु भाटिया, कोषाध्यक्ष गौतम चंद्र पाल, सदस्य बालमुकुंद प्रजापति, गंगाधार यादव, सेनकी भाटिया, मुकेश कुमार, जियानुल अंसारी ने डीसी महोदय द्वारा आशा किरण बारला को बधाई एवं आशीर्वाद देने के लिए आभार व्यक्त किया है।**

### महत्वपूर्ण न्यूज

## कोयलांचल और लोहांचल में ऐतिहासिक होगी संकल्प यात्रा, बाबूलाल मरांडी करेंगे जनसभा को संबोधित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** संकल्प यात्रा के छठे चरण के तहत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के धनबाद, बोकारो व गिरिडीह के कुल 11 विधानसभा में आयोजित होने वाली जनसभा की तैयारी के निमित्त रविवार को एक बैठक जैनामोड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता संकल्प यात्रा के संयोजक गणेश मिश्र ने की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता संकल्प यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगें। इसके लिए सितंबर के प्रथम सप्ताह में जिला स्तर पर बैठक कर विस्तृत कार्य योजना बनायी जाएगी। गौरतलब हो कि 17 अगस्त से सिदो-कान्हू की जन्मभूमि भोगनाडीह से प्रारंभ हुआ संकल्प यात्रा चार अक्टूबर तक झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगा। इस दौरान आयोजित जनसभाओं को को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल संबोदित करेंगें। बैठक में उपस्थित बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग मंडलो में संकल्प यात्रा की तैयारियों की जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में बोकारो विधायक बिरंची नारायण, गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय शहबाजी, सुरेश साव, महादेव दूबे, सुभाष सिन्हा, जयदेव राय, संजय त्यागी, धनेश्वर महतो, यदुनंदन पाठक, विनय कुमार सिंह, अजय सिंह आदि उपस्थित थे। भाजपा जरीडीह मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने अंगवस्त्र देकर सभी का स्वागत किया।

**नाराजगी :** सरकारी जमीन का अवलोकन करने बोर्रागढ़ पहुंचे निगमकर्मी, ग्रामीणों ने जताया विरोध

# नगर निगम के लिए सिरदर्द बना कचरा डंप

**डंप के लिए चिह्नित हर स्थानों पर स्थानीय ग्रामीण कर रहे हैं विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता



जगह का मुआयना करने पहुंचे निगम कर्मियों का विरोध करते लोग।

**धनसार।** धनबाद नगर निगम की ओर से बोरागढ़ सीआइएसएफ कैंप के समीप झारखंड का दूसरा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट संयंत्र बनाने का लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। रविवार को अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, रेमकी कंपनी के प्रतिनिधि अनिल कुमार के नेतृत्व में एक टीम कचरा डंप करने के लिए जमीन का अवलोकन करने बोर्रागढ़ पहुंची थी। पर स्थानीय लोगों ने उनका जमकर विरोध शुरू कर दिया। अधिकारियों के दल ने स्थानीय लोगों को इस संयंत्र से क्षेत्र में बिना गंदगी व दुर्गंध के लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन होने की बात बताते हुए कहा कि संयंत्र शुरू होने से आसपास के सैकड़ों लोगों को रोजगार भी मुहैया होगा। संयंत्र सरकार की जमीन पर बनाया जा रहा है बावजूद स्थानीय लोगों का कहना था कि धनबाद नगर निगम पहले संयंत्र का बाउंड्रीवाल का निर्माण कराएं। भवन निर्माण और सारे मशीन लगाये उसके बाद ही कचरा डंपिंग का कार्य क्षेत्र में शुरू हो। क्षेत्र को पूरे जिला का कचरा डंपिंग यार्ड नहीं बनने दिया जाएगा। लोगों का कहना है कि कचरा डंपिंग होने से आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो जाएगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम संयंत्र लगाने के बहाने क्षेत्र को कचरा डंपिंग यार्ड बनाना चाहता है। जबकि अधिकारियों का कहना था कि कचरा डंपिंग की प्रक्रिया के बाद ही सभी निर्माण कार्य शुरू कराया जा सकता है। इससे पूर्व रांची में भी कचरा प्रबंधन के लिए चिन्हित जगह पर कचरा डंप किया गया था, भवन निर्माण एवं बाउंड्री वॉल मैं समय लगेगा। स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए अधिकारियों की टीम वापस हो गयी। स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किए जाने की सूचना पर बोरागढ़ ओपी पुलिस मौके पर पहुंच लोगों को शांत कराने का प्रयास किया।

### क्या है योजना

धनबाद नगर निगम क्षेत्र के घरों से निकलने वाले कचरे के प्रबंधन को लेकर धनबाद नगर निगम की ओर से 76 करोड़ रुपये की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की योजना तैयार किया गया है। इस योजना के तहत घरों से निकलने वाले कचरे से खाद, बिजली उत्पादन सहित अन्य फर्टिलाइजर का उत्पादन करने की योजना है। अधिकारियों ने बताया कि देश के हैदराबाद सहित कई जिले में इस मॉडल पर कचरा प्रबंधन बेहतर ढंग से किया जा रहा है। रांची में भी इसी मॉडल पर कचरा प्रबंधन की तैयारी चल रही है। इसके लिए एक निश्चित स्थान पर कचरा को जमा कर उसका प्रबंधन किया जाता है। इस संयंत्र को पूरी तरह से शुरू होने में करीब डेढ़ वर्ष का समय लगेगा। इसके लिए निर्धारित नियम के अनुरूप सभी कार्य संपन्न होने हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, नाराज लोगों ने सड़क जाम की



**झरिया (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में घायल झरिया भागा निवासी प्रमोद यादव की इलाज के दौरान मौत हो गयी। रविवार को शव भागा पहुंचा। जिससे क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर भागा के समीप झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर मृतक के शव को रख सड़क जाम कर दिया। बाद में पुलिस की ओर से उचित मुआवजा दिलाने के आश्वासन पर लोग मानें और सड़क जाम हटाया। गौरतलब हो कि विगत 14 अगस्त को डिगवाडीह गुरद्वारा के समीप भागा गाड़ीवान पट्टी निवासी प्रमोद यादव उर्व धर्मवीर यादव ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटनास्थल पर पहुंचे जोड़ापोखर पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया था। वही परिजनों द्वारा प्रमोद को आनन-फानन में इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने घायल प्रमोद को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफेर कर दिया। रांची में इलाज के दौरान शनिवार की रात प्रमोद ने दम तोड़ दिया। रविवार शाम प्रमोद यादव का पार्थिव शरीर भागा स्थित उसके आवास गाड़ीवान पट्टी पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। प्रमोद घर का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। घर की स्थिति भी दयनीय है। पत्नी स्वीटी देवी, बेटा शनु और शनि और बेटी ललिता का रो रोकर बुरा हाल था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
12

## न्यूज रील्स

### कोटा-पटना एक्सप्रेस में यात्रियों की तबीयत बिगड़ी, दो की मौत

आगरा। ताजनगरी आगरा में रविवार को कोटा-पटना एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे 10 यात्रियों को फूड पॉइजनिंग हो गई। इससे उनकी तबीयत बिगड़ गयी और उन्हें उल्टी दस्त होने लगी। सभी को आनन फानन अस्पताल ले जाया गया। यहां दो यात्रियों ने दम तोड़ दिया, जबकि आठ यात्रियों का इलाज चल रहा है। वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद 90 श्रद्धालुओं का दल मथुरा आराध्य के दर्शन को जा रहा था। ये सभी लोग एसी कोच में सवार थे। यह सभी लोग मूल रूप से रायपुर के रहने वाले हैं। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर एक के बाद एक 10 लोगों की तबीयत खराब हो गयी। उन्हें उल्टी - दस्त होने लगे। इस पर उनके पास जो दवाइयां थी उन्हें दी गयीं, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने मदद के लिए रेलवे के नंबर पर कॉल किया। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उन्हें गाड़ी से उतार लिया गया। यहां दो यात्रियों की मौत हो गयी। उन्हें रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो की हालत नाजुक होने पर एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि जानकारी मिलने पर यात्रियों को उतारा गया, जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया जाता दो यात्रियों की मौत हो गयी।

# नवीकरणीय ऊर्जा की ओर उद्योग के परिवर्तन को गति देता है वेदांता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर वेदांता एल्युमीनियम ने नवीकरणीय ऊर्जा (आरइ) और जैव ईंधन जैसे टिकाऊ विकल्पों के साथ अपने बिजली पोर्टफोलियो को और अधिक विविध बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इस उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में कंपनी ने 1335 मेगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के लिए दीर्घकालिक बिजली वितरण समझौते में प्रवेश किया है। इसमें सौर और पवन ऊर्जा दोनों का मिश्रण शामिल होगा, जो मिलकर ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में वेदांत एल्युमीनियम के संचालन को सशक्त बनाने में योगदान देगा। इसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 3.2 मिलियन टन सीओ2 के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आयेगी, जो वेदांता के डीकार्बोनाइजेशन प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

अक्षय ऊर्जा दिवस भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 2004 में शुरू की गयी एक विशेष पहल है। यह तकनीकी नवाचार और विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित करता है। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा के कई रूप शामिल हैं, जिनमें सौर, पवन, पनबिजली और जैव ईंधन शामिल हैं।

वेदांता एल्युमीनियम भी सक्रिय रूप से अपने ऊर्जा मिश्रण में जैव ईंधन के उपयोग की खोज कर रहा है। कंपनी ने अपने सभी परिचालनों में कृषि अवशेषों से उत्पादित बायोमास छर्रों और ब्रिकेट का उपयोग किया है, जिसमें बाल्को (छत्तीसगढ़), भारत का प्रतिष्ठित एल्यूमीनियम उत्पादक और वेदांत एल्युमीनियम की सहायक कंपनी, झारसुगुड़ा (ओडिशा) शामिल है, जो दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमीनियम स्मेल्टरों में से एक है। , और लांजीगढ़ (ओडिशा), कंपनी की विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी का स्थान। पिछले दो वर्षों में, जब से कंपनी ने अपने व्यापक बिजली परिचालन में जैव ईंधन के उपयोग को सफलतापूर्वक शुरू किया है, वेदांत एल्युमीनियम ने 11.29 केटी जैव ईंधन का उपयोग किया है, जिससे 16.07 टन सीओ2 उत्सर्जन में कमी आयी है।

यह प्रयास पारंपरिक ईंधन की कमी के मामले में एक व्यवहार्य वैकल्पिक ईंधन के रूप में कार्य करते हुए इसके ऊर्जा मिश्रण में विविधता लाने में योगदान देता है। इसके अलावा, यह फसल अवशेषों के लाभकारी उपयोग के माध्यम से चक्रीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करके किसानों की आय बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करता है, जिसे अन्यथा पराली जलाने के माध्यम से निपटाया जाता है।

2050 तक नेट जीरो हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वेदांत एल्युमीनियम अपने संचालन को डीकार्बोनाइजिंग करने की दिशा में तीन-आयामी दृष्टिकोण पर काम कर रहा है। अपने ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की मात्रा बढ़ाना ऊर्जा खपत को कम करने के लिए परिचालन क्षमता को बढ़ाना, और कम कार्बन, स्वच्छ ईंधन और प्रौद्योगिकियों की ओर तेजी से परिवर्तन हो रहा है।

अपने पावर पोर्टफोलियो के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कंपनी के बदलाव ने उत्पाद नवाचार को भी सक्षम बनाया है। वेदांत एल्युमीनियम भारत में अपने वैश्विक ग्राहक आधार के लिए कम कार्बन, 'ग्रीन' एल्यूमीनियम, ब्रांडेड रेस्टोरा और रेस्टोरा अल्ट्रा की पेशकश करने वाला पहला है, जिनमें से कई अपनी सामग्रियों की टिकाऊ उत्पत्ति सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। विशेष रूप से, कंपनी एफवाइ-22 में नवीकरणीय ऊर्जा की भारत की सबसे बड़ी औद्योगिक उपभोक्ता भी थी, जिसने लगभग 3 बिलियन यूनिट की खरीद की थी।

# पुरी-पटना और भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर विशेष ट्रेनों का विस्तार

- पुरी-पटना-पुरी और भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेनें अक्टूबर के आखिरी सप्ताह तक चलेंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पुरी-पटना-पुरी स्पेशल और भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस की सेवा को अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है. यह निर्णय यात्रियों की मांगों को ध्यान में रखते हुए और यात्री बुनियादी ढांचे प्रबंधन की समीक्षा करते हुए लिया गया है।

पुरी से शनिवार को चलने वाली 08439 पुरी-पटना स्पेशल को 28 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। वापसी रूट पर रविवार को पटना से चलने वाली 08440 पटना-पुरी स्पेशल को 29 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है।

इसी तरह भुवनेश्वर से प्रतिदिन चलने वाली 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल को 31 अक्टूबर तक, जबकि धनबाद से चलने वाली 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल को 1 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। उक्त ट्रेन का निर्धारित समय एवं ठहराव यथावत रहेगा।

## एनआइटी में 4 फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** राउरकेला एनआइटी में फर्जी एडमिट कार्ड दिखा कर चार अभ्यर्थी परीक्षा देते समय पकड़े गये। सेक्टर 3 थाना पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट चालान किया गया। कनिष्ठ सहायकों की भर्ती के लिए एनआइटी द्वारा परीक्षा आयोजित की गयी थी। चारों को धोखाधड़ी करते हुए और अलग-अलग नामों से परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था। फर्जी अभ्यर्थी दिल्ली और हरियाणा के बताये जा रहे हैं। कुछ अन्य परीक्षार्थी ब्लूटूथ का उपयोग करके परीक्षा देते पाये गये। एनआइटी वर्तमान में सहायक सचिव, कनिष्ठ सहायक आदि पदों के लिए परीक्षा आयोजित कर रहा है। गिरफ्तार युवक फर्जी एडमिट कार्ड दिखाकर परीक्षा हॉल में दाखिल हुए थे, जब पर्यवेक्षक ने प्रवेश पत्र की जांच की तो उन्हें कुछ संदेह हुआ। पूछताछ करने पर वे फर्जी परीक्षार्थी निकले। एनआइटी रजिस्ट्रार द्वारा पुलिस को सूचित किए जाने के बाद पुलिस ने जांच की और चार नकली परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से ब्लू टूथ, कैमरा मोबाइल फोन आदि जब्त किये गये।







# ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कालुपड़ाघाट में प्रशांति एक्सप्रेस, नराज माथार्पुर में पुरी-अजमेर, जखपुरा में जन शताब्दी, दामनजोड़ी में समलेश्वरी; मेरामंडली में पुरी-दुर्ग और नराज माथार्पुर और मेरामंडली स्टेशनों पर भुवनेश्वर-राउरकेला एक्सप्रेस यात्रियों की सुविधा के लिए उपरोक्त ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया गया है।

**जखपुरा स्टेशन पर :** 12074/12073 भुवनेश्वर-हावड़ा-भुवनेश्वर जन शताब्दी एक्सप्रेस 20 अगस्त से यखपुरा रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन सुबह 7.11 बजे भुवनेश्वर से पहुंचेगी और 7.13 बजे हावड़ा के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी रूट पर यह ट्रेन हावड़ा से शाम 6:13 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी और 6:15 बजे भुवनेश्वर के लिए प्रस्थान करेगी।

**मेरामंडली स्टेशन पर :** 18425/18426 पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस 20 अगस्त से मेरामंडली रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन पुरी से रात 10:30 बजे आएगी और 10:31 बजे दुर्ग के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी मार्ग पर, दुर्ग से ट्रेन सुबह 5 बजे आएगी और 05:01 बजे पुरी के लिए प्रस्थान करेगी। 22839/22840 राउरकेला-भुवनेश्वर-राउरकेला एक्सप्रेस मेरामंडली रेलवे स्टेशन पर 20 अगस्त से ठहराव प्रदान करेगी। राउरकेला से आने वाली ट्रेन सुबह 10:14 बजे मेरामंडली पहुंचेगी और 10:15 बजे भुवनेश्वर के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी मार्ग पर ट्रेन भुवनेश्वर से दोपहर 3.09 बजे आयेगी और 3.10 बजे राउरकेला के लिए प्रस्थान करेगी।

**दामनजोड़ी स्टेशन पर :** 18005/18006 हावड़ा-जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 20 अगस्त से दामनयोडी स्टेशन पर रुकेगी। हावड़ा से आने वाली यह ट्रेन दामनयोडी स्टेशन पर शाम 6:13 बजे पहुंचेगी और 6:15 बजे जगदलपुर के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी रूट पर यह ट्रेन जगदलपुर से सुबह 7.48 बजे आयेगी और 7.50 बजे हावड़ा के लिए रवाना होगी.

**कालुपड़ाघाट स्टेशन पर :** 18463/18464 भुवनेश्वर-बेंगलुरु-भुवनेश्वर प्रशांति एक्सप्रेस 20 अगस्त से कालूपडाघाट रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। भुवनेश्वर से प्रस्थान करने वाली ट्रेन सुबह 6:36 बजे कालुपडाघाट स्टेशन पर पहुंचेगी और 6:38 बजे बेंगलुरु के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी रूट पर ट्रेन बेंगलुरु से शाम 5:25 बजे आयेगी शाम 5:23 बजे भुवनेश्वर के लिए रवाना होगी।

**नराज माथार्पुर स्टेशन पर:** 20823/20834 पुरी-अजमेर-पुरी एक्सप्रेस पुरी से। 1 सितंबर और अजमेर से 2 सितंबर 2023 को नाराज माथार्पुर रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

पुरी से यह ट्रेन 00.53 बजे आयेगी और 00.55 बजे अजमेर के लिए रवाना होगी। वापसी दिशा में यह ट्रेन अजमेर से 11.55 बजे पहुंचेगी और 1157 बजे पुरी के लिए रवाना होगी। 22839/22840 राउरकेला-भुवनेश्वर-राउरकेला एक्सप्रेस 20 अगस्त से नराज माथार्पुर रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन राउरकेला से सुबह 11.25 बजे आयेगी और 11.27 बजे भुवनेश्वर के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी मार्ग पर, भुवनेश्वर से ट्रेन दिन के 2 बजे नराज पहुंचेगी और 2:02 बजे राउरकेला के लिए प्रस्थान करेगी।







### एचएआइ और बेनोरी नॉलेज की 'विजन 2047' रिपोर्ट में किया गया दावा

# 2047 तक जीडीपी में 1 ट्रिलियन-डॉलर कंट्रीब्यूट करेगी होटल इंडस्ट्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश की जीडीपी में होटल इंडस्ट्री का टोटल कॉन्ट्रीब्यूशन (योगदान) 2047 तक 1 ट्रिलियन डॉलर हो जायेगा। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआइ) और बेनोरी नॉलेज की 'विजन 2047: इंडियन होटल इंडस्ट्री' रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी और घरेलू टूरिस्टों की बढ़ती संख्या को देख कर यह अनुमान लगाया गया है।

**2047 तक 1,500 करोड़ हो जाएगी डोमेस्टिक टूरिस्टों की संख्या :** हालांकि, रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि टोटल योगदान में फूड एंड बेवरेज, सैलून और स्पा जैसे सेक्टर शामिल हैं। लेकिन इसमें सर्विस मार्केट के विकास को नहीं जोड़ा गया है। विजन 2047 रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2022 में देश की डीजीपी में होटल इंडस्ट्री का योगदान 3.33 लाख करोड़ रुपये था, जो 2027 तक 5.66 लाख करोड़ रुपए हो जायेगा। 2030 में डोमेस्टिक टूरिस्टों की संख्या 150 करोड़ हो जायेगी और 2047 तक यह नंबर 1500 करोड़ तक होने का अनुमान है।

**2047 तक 10 करोड़ हो जाएगी विदेशी पर्यटकों की संख्या :** वहीं फॉरेन टूरिस्ट अराइवल (एफटीए) यानी विदेशी पर्यटकों का आगमन साल 2024 में 1.5 करोड़, 2030 तक 2.5 करोड़ और 2047 तक 10 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। साल 2021 में यह 15 लाख था, जबकि 2019 के दौरान ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री ने ऋद्ध में 6.5% करीब 13.68 लाख करोड़ का योगदान दिया था। 2022 में इस सेक्टर से करीब 7 बिलियन डॉलर का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व भारत में आया था।

**गांवों में टूरिज्म को बढ़ावा देने की जरूरत :** एचएआइ के जनरल सेक्रेटरी एमपी बेजबरुआ ने बताया कि टू-टायर और थ्री-टायर सिटी के साथ-साथ गांवों को भी टूरिज्म के लिए डेवलप करने की जरूरत है। क्योंकि आने वाले समय में टूरिस्ट नये एक्सपीरियंस के लिए इन इलाकों में भी घूम सकते हैं। इससे बड़े शहरों पर बोझ कम होगा और रिमोट इलाकों तक भी पहुंच बढ़ेगी। उन्होंने कहा- बिजनेस और दूसरे विजिट के चलते राज्यों में टूरिज्म काफी तेजी से बढ़ रहा है। टेक्नोलॉजिकल डेवलपमेंट, पर्यावरण, सामाजिक स्थिरता और सरकार की पॉलिसी इसके विकास में काफी मददगार साबित हो सकती है।










## सोआ एनसीसी कैडेटों का रक्तदान शिविर



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा 16 अगस्त को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। रक्तदान के माध्यम से कई अनमोल जिंदगियों को बचाने के लिए सोआ के एनसीसी कैडेटों ने कुल 103 यूनिट रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन एनसीसी कटक के ग्रुप कमांडर कअंल सत्यब्रत स्वाइं ने किया, जबकि कटक एसीसी के 4 (0) ऑफिसर-इन-कमांडर उमेश मारवा और आइटीइआर के इसीइ विभाग के सहायक प्रोफेसर (डॉ) सतीश सामल उपस्थित थे।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**